# आदिवासी एक्सप्रेस

**आमजन का एक मात्र हिंदी दैनिक अखबार**

रांची, बुधवार
25 जून 2025
वर्ष: 38, अंक: 197
पृष्ठ: 12, मूल्य: 3रु
RNI NO.: 49065/1989
DAVP CODE: 130961




खेल

**शतकीय पारी खेलने के बाद केएल राहुल ने कहा-प्रक्रिया ही सफलता की असली कुंजी**



झारखंड

**हेमंत सोरेन के सरकार में नौडीहा ब्लॉक में खुलेआम भ्रष्टाचार चरण सीमा पर**



हज़ारीबाग

**हजारीबाग में भाजपा का प्रखंड स्तरीय धरना-प्रदर्शन, हेमंत सरकार की विफलताओं पर बोला हमला**

## हेमंत सरकार के खिलाफ बीजेपी का हल्ला बोल, प्रखंड मुख्यालयों में किया प्रदर्शन



**बिशेष संवाददाता द्वारा**

**रांची:** भारतीय जनता पार्टी ने हेमंत सरकार के खिलाफ राज्य के सभी प्रखंडों में मंगलवार को हल्ला बोल कार्यक्रम के जरिए प्रदर्शन किया. भ्रष्टाचार, किसानों के बकाया राशि, रोजगार, पेसा कानून, भाषा विवाद, स्थानीय नीति और नियोजन नीति जैसे मुद्दे पर सड़क पर उतरे भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस दौरान सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की. कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्टी ने सभी बड़े और छोटे नेताओं को अलग-अलग प्रखंडों में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने की जिम्मेदारी दे रखी थी.

गिरिडीह जिला के गावां प्रखंड में नेता प्रतिपक्ष सह प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ आंदोलन किया. वहीं राजधानी में रांची विधायक सीपी सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सदर अंचल कार्यालय के समक्ष जमकर नारेबाजी की. इस मौके पर महानगर भाजपा अध्यक्ष वरुण साहू सहित बड़ी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने सरकार के जन विरोधी नीति के खिलाफ नारेबाजी की.

**सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर:** सीपी सिंहप्रदर्शन के दौरान विधायक सीपी सिंह ने कहा कि आज राज्य की जनता परेशान है और सरकार मस्त है. विधायक ने कहा कि जिस उम्मीद के साथ इस सरकार को फिर से लाने का काम जनता ने किया था, वह भरोसा टूट गया है. उन्होंने कहा कि पूरे राज्य के अंदर हत्या, लूट, बलात्कार और छिनतई की घटनाएं आम हो रही हैं. पुलिस प्रशासन इसे पकड़ने में बिल्कुल नाकाम साबित हो रही है. ऐसी स्थिति में जनता मूकदर्शक बनी नहीं रह सकती और भारतीय जनता पार्टी इसके विरोध में आंदोलन कर रही है.

विधायक सीपी सिंह ने कहा कि आज भ्रष्टाचार सबसे बड़ा मुद्दा है. विधायक ने कहा कि सत्ता संरक्षित भ्रष्टाचार प्रत्येक कार्यालय में हो रहा है. किसी भी कार्यालय में आज चले जाइए बिना रिश्वत के काम नहीं हो रहा और कई जगह तो घूस की राशि देने के बावजूद काम नहीं हो रहा. इसीलिए बीजेपी ने प्रत्येक अंचल कार्यालय को एक केंद्र मानकर वहां पर धरना प्रदर्शन और घेराव का कार्यक्रम किया है.

भाजपा के हल्ला बोल कार्यक्रम पर तंज कसते हुए कांग्रेस ने कहा है कि जिस पार्टी का राज्यभर में कोई संगठन नहीं है, वह जिला और प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शन कर रही है, यह हास्यास्पद है. पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कमल ठाकुर ने कहा कि हार से विचलित और बौखलाई हुई बीजेपी को चाहिए कि पहले संगठन में हल्ला बोल करे, उसके बाद सरकार के खिलाफ सामने आए.

प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि आखिर किस मुद्दे पर बीजेपी आंदोलन कर रही है. जो दल मुद्दाविहीन है और उसके पास कोई नेता नहीं है वह क्या आंदोलन करेगी. उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता ने भारतीय जनता पार्टी के द्वारा उठाए जाने वाले सभी मुद्दे को खारिज कर दिया है. चाहे वह महिला का मुद्दा हो या युवाओं का हो या भ्रष्टाचार का हो, सभी में उन्हें निराशा हाथ लगी है. कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बीजेपी को बोलने का अधिकार नहीं है. जो लोग चंदा लेकर धंधा करते हैं, वह बोलने के लायक नहीं हैं.

बोकारो के चंदनक्यारी में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी के नेतृत्व में निकली आक्रोश रैली में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं. अमर बाउरी ने राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कई गंभीर आरोप लगाए. साथ ही मांग पत्र के जरिए चेतावनी दी. उन्होंने कहा कि अगर समस्याओं का समाधान जल्द नहीं हुआ तो अगली बार जनता ब्लॉक के अंदर बैठकर शासन चलाएगी. सीओ और बीडीओ के द्वारा सीएम हेमंत सोरेन के नाम लिखे मांग पत्र के जरिए अमर बाउरी ने पूरे वादों की याद दिलाई. उन्होंने कहा कि झारखंड के इतिहास में पहली बार कोई सरकार लगातार दूसरी बार आई है. इस वजह से सरकार के वादों को धरातल पर दिखने के लिए छह माह तक इंतजार किया गया. अब फिर साबित हो गया कि सरकार ने जनता के साथ दोबारा ठगी की है.

## हेमंत सोरेन पहुंचे दिल्ली, पिता शिबू सोरेन के स्वास्थ्य का हाल जानने के बाद बोले सीएम-फिलहाल तबीयत स्थिर

**बिशेष प्रतिनिधि द्वारा**

**रांची:** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को दिल्ली पहुंचे। हेमंत सोरेन अपने पिता और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के स्वास्थ्य का हाल जानने दिल्ली पहुंचे है।शिबू सोरेन की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हे रांची से दिल्ली लाया गया था। दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। हेमंत सोरेन बीमार पिता के स्वास्थ्य की वर्तमान स्थिति जानने दिल्ली पहुंचे है। वो दिल्ली एयरपोर्ट से सीधे गंगा राम अस्पताल पहुंचे। बाद में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि सांसद शिबू सोरेन की तबीयत पिछले कुछ दिनों



से खराब चल रही थी, इसीलिए वो उनके सेहत का हाल जानने दिल्ली पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल शिबू सोरेन की तबीयत स्थिर है।

**तीन दिनों से अस्पताल में भर्ती :** एक सूत्र ने बताया कि 81 वर्षीय सोरेन का गंगा राम अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह महज नियमित जांच नहीं है, क्योंकि वह पिछले तीन दिनों से अस्पताल में भर्ती हैं। सूत्र के मुताबिक, फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। सोरेन पिछले 38 वर्षों से झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता हैं और वह पार्टी के संस्थापक संरक्षक हैं।

नई दिल्ली प्रवास के दौरान उन्होंने नवनिर्मित झारखंड भवन का निरीक्षण किया. उन्होंने निरीक्षण के क्रम में मौजूद अधिकारियों को व्यवस्थाओं से संबंधित कई दिशा-निर्देश दिए. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि नई दिल्ली स्थित नवनिर्मित झारखंड भवन में अतिथियों से जुड़ी सभी सुविधाओं का ख्याल रखा जाए एवं नियमित साफ-सफाई सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं का मेंटेनेंस सुनिश्चित की जानी चाहिए. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस दौरान नवनिर्मित झारखंड भवन स्थित अतिथि कक्ष, कांफ्रेंस हॉल, डाइनिंग हॉल समेत अन्य स्थलों का निरीक्षण किया. मौके पर विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, विधायक राजेश कच्छप, विधायक सोनाराम सिंकू, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार एवं स्थानिक आयुक्त अरवा राजकमल सहित झारखंड भवन नई दिल्ली के अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे.

## 250 करोड़ के स्क्रैप घोटाला में लव अग्रवाल और गुल बहार मल्लिक रांची से गिरफ्तार

**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**जमशेदपुर:** सेंट्रल एक्साइज की टीम ने 250 करोड़ रुपए के स्क्रैप घोटाला मामले में रांची से लव अग्रवाल और गुल बहार मल्लिक को गिरफ्तार किया है. इनके पास से 4 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं. गुल बहार मल्लिक रांची के रिंग रोड के पास एक बस्ती का रहने वाला है, जबकि लव अग्रवाल लालपुर में रहता है. वह एमेरॉन बैट्री का डिस्ट्रीब्यूटर भी है. पूरा घोटाला 250 करोड़ रुपए का बताया जाता है, जिसमें से 50 करोड़ रुपए का दोनों गबन कर चुके हैं.




डीजीसीआई की टीम ने 5 अप्रैल को लव कुमार अग्रवाल के घर पर छापेमारी की थी, जबकि 25 अप्रैल को गुल बहार मल्लिक के घर पर रेड मारी थी. उस वक्त लव कुमार और गुल बहार दोनों अपने-अपने घर पर नहीं मिले थे. बाद में दोनों को नोटिस भेजा गया और पूछताछ के लिए हाजिर होने को कहा गया. डीजीसीआई की नोटिस पर बयान देने के लिए लव कुमार अग्रवाल मंगलवार 24 जून 2025 को कार्यालय में पहुंचा.

सेंट्रल एक्साइज की टीम ने उससे पूछताछ शुरू की. उससे उसका फोन मांगा गया, तो उसने कहा कि उसके पास मोबाइल फोन नहीं है. वह फोन नहीं रखता. एक अधिकारी को बाहर भेजा गया. कहा गया कि लव कुमार की गाड़ी से मोबाइल लेकर आये. अधिकारी ने ड्राइवर से कहा कि गाड़ी के मालिक मोबाइल मांग रहे हैं. ड्राइवर ने उन्हें लव कुमार अग्रवाल का मोबाइल फोन दे दिया.

अधिकारियों ने जब उससे उसका नाम पूछा, तो उसने अपना नाम गुल बहार मल्लिक बताया. अधिकारियों ने तत्काल उसे धर दबोचा. इस दौरान अधिकारियों ने इनके पास से 4 मोबाइल फोन बरामद किये. लव कुमार अग्रवाल और गुल बहार मल्लिक दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है. स्क्रैप की हेराफेरी मामले में गुल बहार मल्लिक पहले भी जेल जा चुका है.

**मोबाइल फोन की बरामदगी :** जब सेंट्रल एक्साइज की टीम ने लव अग्रवाल से उसके मोबाइल फोन के बारे में पूछा, तो उसने कहा कि उसके पास कोई फोन नहीं है। इसके बाद एक अधिकारी को बाहर भेजा गया, जिसने लव की गाड़ी से उसका मोबाइल फोन लाने का निर्देश दिया। ड्राइवर ने लव अग्रवाल का फोन अधिकारियों को सौंप दिया।

**गुल बहार मल्लिक की गिरफ्तारी:** जब अधिकारियों ने गुल बहार मल्लिक से उसका नाम पूछा, तो उसने अपना नाम बताया और तुरंत ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इस दौरान अधिकारियों ने उनके पास से चार मोबाइल फोन भी बरामद किए। उल्लेखनीय है कि गुल बहार मल्लिक पहले भी स्क्रैप हेराफेरी के मामले में जेल जा चुका है.

## झारखंड का वांटेड अपराधी गिरफ्तार, विदेश से भारत लौटते ही दबोचा

**क्राइम संवाददाता द्वारा**

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर झारखंड के एक अपराधी को गिरफ्तार किया गया है, जो दो हत्या के मामलों में वांछित था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान निशार हसन उर्फ निशार हुसैन के रूप में हुई है।



झारखंड के 50 हजार रुपए के इनामी एक वांटेड अपराधी को विदेश से भारत लौटते ही गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि इस अपराधी का नाम निशार हसन उर्फ निशार हुसैन उर्फ निशु है, जो कि हत्या के दो मामलों समेत अवैध वसूली और अन्य कई आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। आरोपी के खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्रालय ने लुकआउट नोटिस जारी कर रखा था, ऐसे में जैसे ही वह मध्य-पूर्व देश बहरीन से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट लौटा, जमशेदपुर पुलिस ने हवाई अड्डे के अधिकारियों की मदद से उसे गिरफ्तार कर लिया। मामले की जानकारी देते हुए जमशेदपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) पीयूष पांडे ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि आरोपी निशार हुसैन जमशेदपुर के बिष्टुपुर थाना क्षेत्र के साउथ पार्क इलाके का रहने वाला है। करीब दो साल पहले साकची थाना क्षेत्र की स्वर्णरेखा नदी के पास हुई पवन यादव नाम के शख्स की गोली मारकर हत्या के मामले में वह मुख्य आरोपी था। इस मामले में वारदात में इस्तेमाल हथियार की बरामदगी करते हुए नौ अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। सिर्फ निशार ही फरार था।

पांडे ने बताया कि फरार रहने के दौरान भी निशार अन्य कई आपराधिक गतिविधियों में भी शामिल रहा, साल 2023 में मानगो थाना इलाके में गुरुद्वारा रोड पर राजा सिंह की हत्या और बोड़ाम थाना क्षेत्र में आने वाली डिमना झील के पास आशुतोष ओझा उर्फ अंशु की हत्या की कोशिश में भी वह शामिल था। इसके अलावा वह कथित तौर पर भूमि सौदों में शामिल लोगों से पैसे भी वसूल रहा था।

पुलिस ने बताया कि साल 2023 में दुमका जिले में गैंगस्टर अमरनाथ सिंह की हत्या के बाद गिरोह को फिर से खड़ा करने का काम कर रहा था। हालांकि कई वारदातों के बाद जब पुलिस का दबाव बढ़ा तो ऐसे में निशार देश छोड़कर बहरीन चला गया था और उसने वहां शरण ले ली थी।

एसएसपी ने आगे कहा कि पूर्वी सिंहभूम जिला पुलिस की सिफारिश पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया था। नोटिस जारी होने के कारण निशार कुछ दिन पहले भारत लौट आया, जिसके बाद उसे दिल्ली एयरपोर्ट पर रोककर गिरफ्तार कर लिया गया। उसे ट्रांजिट रिमांड पर वापस जमशेदपुर लाया गया।

झारखंड सरकार ने निशार की गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। एसएसपी ने बताया कि पुलिस ने उसके खिलाफ आईपीसी, शस्त्र अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत 7 आपराधिक मामले दर्ज किए हैं।

## झारखंड पर मेहरबान मानसून, 94 फीसदी अधिक हुई है बारिश

**संवाददाता द्वारा**

झारखंड पर इस बार मानसून मेहरबान है. 1 जून से 24 जून 2025 तक झारखंड में सामान्य से 94 फीसदी अधिक बारिश हुई है. मंगलवार को मौसम केंद्र रांची ने बताया कि राज्य में अब तक 256.1 मिलीमीटर वर्षा हुई है. झारखंड के मात्र 3 जिले ऐसे हैं, जहां अब तक सामान्य से कम बारिश हुई है. देवघर में 21 फीसदी, गोड्डा में 16 फीसदी और पाकुड़ में 15 फीसदी कम बारिश हुई है.



मौसम विभाग के मुताबिक, लातेहार में अब तक 402 मिमीलीटर मानसून की बारिश हुई है, जो सामान्य से 223 प्रतिशत अधिक है. लोहरदगा में 388.2 मिमी वर्षा हुई है, जो सामान्य से 176 प्रतिशत अधिक है. पलामू में 186.5 मिमी बारिश हुई है. यह सामान्य से 149 प्रतिशत अधिक है. रामगढ़ में 334 मिमी वर्षा हो चुकी है, जो इस सीजन के सामान्य से 145 फीसदी अधिक है.

राजधानी रांची की बात करें, तो यहां 550 मिलीमीटर से अधिक बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 236 प्रतिशत से अधिक है. सरायकेला-खरसावां जिले में 397.7 मिमी वर्षा हुई है, जो सामान्य से 165 प्रतिशत अधिक है. पश्चिमी सिंहभूम में अब तक 290 मिमी वर्षापात हुआ है, जो सामान्य से 102 प्रतिशत अधिक है.

मौसम विभाग ने कहा है कि झारखंड में अभी मानसून की गतिविधियां सामान्य हैं. 25 जून को भी कम से कम 10 जिलों में कुछ जगहों पर भारी बारिश होने का अनुमान है. कुछ जगहों पर गरज के साथ तेज हवाएं चलेंगीं. हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा रहने का अनुमान है. कुछ जगहों पर वज्रपात भी हो सकता है.

## गुमला में जेजेएमपी का सब-जोनल कमांडर गिरफ्तार, हथियार और भारी मात्रा में गोलियां बरामद



**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**गुमला:** एंटी नक्सल अभियान में गुमला पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. पुलिस ने 5 लाख के इनामी नक्सली जेजेएमपी के सब-जोनल कमांडर को हथियार और गोलियों के साथ गिरफ्तार कर लिया है. गुमला एसपी हरिस बिन जमां ने इसकी पुष्टि की है.

गुमला एसपी हरिस बिन जमां ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विस्तार से जानकारी दी है. एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि घाघरा के जंगल में बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए जेजेएमपी के सुप्रीमो रबीन्द्र यादव दस्ता के साथ पहुंचा है. जानकारी मिलने के बाद पुलिस एक्टिव हो गई और तत्काल एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में एक स्पेशल टीम गठित की गई.

एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में पुलिस की टीम घाघरा के जंगल में ऑपरेशन चलाया और जेजेएमपी के 5 लाख के इनामी नक्सली फिरोज अंसारी को गिरफ्तार कर लिया. एसपी ने बताया कि फिरोज लोहरदगा जिले के रुबेद गांव का निवासी है.

गिरफ्तार नक्सली के पास से पुलिस ने एक .303 राइफल और 200 राउंड जिंदा गोली, 7.62रूरू का 150 जिंदा गोली, तीन स्मार्टफोन, दो कीपैड, दो डायरी, एक मोबाइल चार्जर, एक राउटर, एक बिट्टू बैग आदि बरामद किए हैं. वहीं एसपी ने बताया कि पुलिस को आता देख मौजूद उग्रवादी दस्ता भागने लगे. हालांकि पुलिस की टीम ने खदेड़कर फिरोज अंसारी को गिरफ्तार कर लिया.

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली फिरोज अंसारी पर झारखंड सरकार ने 5 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था. फिरोज पर गुमला, लोहरदगा और लातेहार तीन जिले में कुल 11 मामले दर्ज हैं और पूर्व में भी वह जेल जा चुका है.

## मंत्री दीपिका पांडे सिंह के जनता दरबार में फरियाद लेकर पहुंची महिला

**राजनीतिक संवाददाता द्वारा**

**रांची:** प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार 24 जून को जनता दरबार का आयोजन किया गया. जिसमें ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनी और उसके निराकरण को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिए. इस क्रम में रांची की हिंदपीढ़ी निवासी एक महिला फरियाद लेकर मंत्री के जनता दरबार में पहुंचीं. महिला ने बताया कि उसका पति उसके तीन माह की बच्ची को जबरन कश्मीर ले गया है. महिला ने मंत्री से बच्ची वापस लौटने की गुहार मंत्री से लगाई. मंत्री ने उक्त मामले में रांची एसएसपी को आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया है.

महिला ने बताया कि उसकी शादी कश्मीर के युवक के साथ हुई थी.शादी के बाद पारिवारिक तनाव इस कदर बढ़ा कि हिंदपीढ़ी में महिला को छोड़कर उसका



पति बच्ची को लेकर कश्मीर चला गया. मंत्री दीपिका पांडे सिंह के समक्ष महिला द्वारा लिखित शिकायत देने के बाद तत्काल रांची एसएसपी को इससे अवगत कराते हुए इस मामले में महिला को सहयोग कराने का निर्देश ग्रामीण विकास मंत्री ने दिया है. मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने मामले को पूरी तरह से पारिवारिक विवाद बताते हुए बच्ची को मां के पास लाने की बात कही है. उन्होंने कहा कि एक बच्ची को मां से दूर नहीं किया जा सकता है. यह मामला रांची एसएसपी के संज्ञान में लाया गया है.

मंगलवार को ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह के जनता दरबार में कुल 66 मामले सामने आए. जिसमें विभागीय शिकायतों के साथ-साथ अन्य विभागों के मामले देखे गए. ग्रामीण विकास मंत्री ने फरियादियों की शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को इससे अवगत कराते हुए आवश्यक निर्देश दिया.

इस संबंध में कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति कहते हैं कि मंत्रियों के जनता दरबार से लोगों को बहुत फायदा मिल रहा है. इससे पहले स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी का जनता दरबार लगा था. जिसमें 97 आवेदन प्राप्त हुए थे. इसी तरह कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के जनता दरबार में 85 आवेदन आए थे. कांग्रेस भवन में प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित विभाग के अधिकारी के पास भेज दिया जाता है, जिस पर कार्रवाई होती है.

उन्होंने कहा कि सरकार और पार्टी की सोच है कि जनता की छोटी-मोटी समस्या का निराकरण त्वरित गति से हो और इस संबंध में जो कुछ भी बाधाएं आती हैं उसे जल्द से जल्द दूर किया जाए. उन्होंने कहा कि पहले चरण में सभी चारों मंत्रियों के द्वारा जनता दरबार लगाया गया था. उसकी सफलता के बाद दूसरे चरण में मंत्रियों के द्वारा इन दिनों जनता की समस्या कांग्रेस भवन में सुनी जा रही है. अब तक तीन मंत्रियों का इस तरह का जनता दरबार लग चुका है. आने वाले समय में शेष बचे एक मंत्री का भी जनता दरबार लगेगा.

ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह के जनता दरबार में कई तरह के मामले आते रहे. किसी ने सड़क की बात उठाई तो किसी ने ग्रामीण विकास विभाग से जुड़े मामले को मंत्री के समक्ष संज्ञान में लाया तो किसी ने रांची में नक्शा पास नहीं होने और स्वास्थ्य सुविधा को लेकर गुहार लगाई. लोहरदगा से प्रदुम्न सिंह ने अपने गांव की सड़क का टेंडर और अन्य प्रक्रिया 6 महीना पहले पूरी होने के बाद भी अब तक काम नहीं शुरू होने से मंत्री को अवगत कराया तो किसी ने अपने बेटे के इलाज के लिए सरकार से सहायता मांगी.

# कई देश ईरान को परमाणु हथियार देने के लिए तैयार : पुतिन के शीर्ष सहयोगी मेदवेदेव


*रूस और ईरान के बीच सैन्य और रणनीतिक संबंध हाल के वर्षों में मज़बूत हुए हैं, खासकर यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद। हालाँकि, जनवरी 2025 में पुतिन और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियान द्वारा हस्ताक्षरित 20-वर्षीय रणनीतिक साझेदारी समझौते में रूस ने ईरान को सैन्य सहायता देने का कोई वादा नहीं किया था। फिर भी, मेदवेदेव का बयान इस संभावना को जन्म देता है कि रूस ईरान के समर्थन में अपनी स्थिति को और सख्त कर सकता है। मेदवेदेव का यह बयान तब आया है जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार देर रात घोषणा की थी कि अमेरिकी सेना ने ईरान की परमाणु सुविधाओं को 'पूरी तरह तबाह' कर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ईरान शांति नहीं बनाता तो और हमले हो सकते हैं। ईरान ने इन हमलों की पुष्टि की, लेकिन कहा कि उसके परमाणु स्थलों पर काम करने वाले कर्मचारियों को पहले ही सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया था।*

**ब्यूरो**

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रमुख सहयोगी दिमित्री मेदवेदेव ने दावा किया है कि कई देश ईरान को परमाणु हथियार देने के लिए तैयार हैं। यह बयान पश्चिम एशिया में पहले से मौजूद तनाव को और बढ़ा सकता है। अमेरिका के ईरानी परमाणु ठिकानों पर हमलों के बाद रूसी राष्ट्रपति पुतिन के शीर्ष सहयोगी और पूर्व राष्ट्रपति दमित्री मेदवेदेव ने सनसनीखेज दावा किया है। मेदवेदेव ने संकेत दिया कि कई देश अब ईरान को परमाणु हथियारों की आपूर्ति के लिए तैयार हैं। तो क्या यह संकट शांति की राह लेगा या विश्व को एक नए युद्ध के मुहाने पर खड़ा कर देगा? इस सवाल के जवाब से पहले यह जान लें कि आखिर पुतिन के सहयोगी ने परमाणु समर्थन को लेकर क्या कहा है। रूस के सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति दमित्री मेदवेदेव ने एक्स पर एक के बाद एक कई पोस्ट की हैं। उन्होंने कहा है कि अमेरिकी हमलों ने न केवल अपने उद्देश्य को हासिल करने में असफल रहे, बल्कि उल्टा नतीजा दिया।

**दमित्री मेदवेदेव का दावा :** दमित्री मेदवेदेव ने एक्स पर लिखा, 'परमाणु ईंधन साइकल की अहम संरचनाएँ या तो प्रभावित नहीं हुईं या उनमें बहुत कम नुक़सान हुआ है। अब हम खुलकर कह सकते हैं कि भविष्य में परमाणु सामग्री का संवर्धन और परमाणु हथियारों का उत्पादन जारी रहेगा। कई देश ईरान को अपने परमाणु हथियार सीधे देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने आगे कहा, 'इसराइल पर हमले हो रहे हैं, देश में विस्फोट हो रहे हैं, और लोग डर के मारे घबरा रहे हैं। अमेरिका अब एक नए संघर्ष में उलझ गया है और भविष्य में जमीनी कार्रवाई की संभावना दिख रही है। ईरान का राजनीतिक शासन बच गया है और संभवतः यह और भी मज़बूत होकर उभरा है। लोग देश के आध्यात्मिक नेतृत्व के इर्द-गिर्द एकजुट हो रहे हैं, जिसमें वे लोग भी शामिल हैं जो पहले इसके प्रति उदासीन या विरोधी थे।

**रूस-ईरान संबंध :** रूस और ईरान के बीच सैन्य और रणनीतिक संबंध हाल के वर्षों में मज़बूत हुए हैं, खासकर यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद। हालाँकि, जनवरी 2025 में पुतिन और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियान द्वारा हस्ताक्षरित 20-वर्षीय रणनीतिक



साझेदारी समझौते में रूस ने ईरान को सैन्य सहायता देने का कोई वादा नहीं किया था। फिर भी, मेदवेदेव का बयान इस संभावना को जन्म देता है कि रूस ईरान के समर्थन में अपनी स्थिति को और सख्त कर सकता है। मेदवेदेव का यह बयान तब आया है जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार देर रात घोषणा की थी कि अमेरिकी सेना ने ईरान की परमाणु सुविधाओं को 'पूरी तरह तबाह' कर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ईरान शांति नहीं बनाता तो और हमले हो सकते हैं। ईरान ने इन हमलों की पुष्टि की, लेकिन कहा कि उसके परमाणु स्थलों पर काम करने वाले कर्मचारियों को पहले ही सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया था। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने हमलों को अंतरराष्ट्रीय क़ानून का उल्लंघन क़रार देते हुए कहा कि तेहरान जवाबी कार्रवाई के लिए सभी विकल्पों पर विचार कर रहा है।

**ईरान का रूस की ओर रुख :** हमलों के बाद ईरानी विदेश मंत्री अराघची ने रविवार को घोषणा की कि वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ गहन परामर्श के लिए मॉस्को की यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'रूस के साथ हमारी रणनीतिक साझेदारी है और हम हमेशा एक-दूसरे के साथ परामर्श करते हैं। इस क़दम को ईरान द्वारा रूस से समर्थन मांगने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है, ख़ासकर तब जब मध्य पूर्व में स्थिति तेज़ी से बिगड़ रही है। रूस के विदेश मंत्रालय ने रविवार को अमेरिकी हमलों की कड़े शब्दों में निंदा की। मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, 'किसी संप्रभु देश पर मिसाइल और बम हमले करने का यह ग़ैर-ज़िम्मेदाराना फ़ैसला अंतरराष्ट्रीय क़ानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का खुला उल्लंघन है।' रूस ने आक्रामकता को रोकने और स्थिति को कूटनीतिक रास्ते पर लाने की मांग की।

**परमाणु ख़तरे की संभावना :** रूस ने पहले ही इसराइली हमलों के संदर्भ में परमाणु जोखिम की चेतावनी दी थी। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया ज़खारोवा ने कहा था कि परमाणु सुविधाओं पर हमले दुनिया को आपदा के कगार पर ला खड़ा करते हैं। रूस ने बुशहर परमाणु संयंत्र पर हमले की आशंका जताई थी, जहाँ रूसी विशेषज्ञ काम कर रहे हैं। रूस के परमाणु ऊर्जा निगम के प्रमुख ने चेतावनी दी थी कि बुशहर पर हमला चेरनोबिल जैसी आपदा को पैदा कर सकता है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी यानी आईएईए ने कहा कि हमलों से रेडियोधर्मी रिसाव का कोई सबूत नहीं मिला, लेकिन परमाणु सुरक्षा की स्थिति गंभीर है। जानकारों का कहना है कि अमेरिकी हमले ईरान के परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह तबाह करने में शायद सफल न हुए हों। कुछ विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि ये हमले ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने की दिशा में और तेजी से धकेल सकते हैं।

## भतीजी के स्नातक समारोह के लिए लंदन गए राहुल



**ब्यूरो**

भतीजी के स्नातक समारोह के लिए लंदन गए राहुल;साफ किया कि राहुल अपनी भतीजी के स्नातक समारोह में शामिल होने के लिए लंदन गए हैं। वे जल्द ही वापस आ जाएंगे। दरअसल, भाजपा की ओर से राहुल गांधी की विदेश यात्रा पर सवाल उठाए गए थे। भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने राहुल गांधी पर बार-बार गायब होने के लिए हमला किया था। मालवीय ने एक्स पर कहा था, 'राहुल गांधी पिछले सप्ताह ही विदेश छुट्टी पर थे। अब वह फिर से किसी अन्य अज्ञात स्थान पर विदेश चले गए हैं।' उन्होंने कहा था, 'ये बार-बार गायब क्यों हो रहे हैं? ऐसी क्या मजबूरी है, जो उन्हें इतनी बार देश से दूर रखती है? विपक्ष के नेता के रूप में उन्हें भारत के लोगों को जवाब देना चाहिए। सोशल मीडिया पर यह भी अटकलें लगाई जा रही थीं कि राहुल गांधी बहरीन गए हैं। हालांकि, कांग्रेस सूत्रों ने कहा कि उनकी उड़ान का कार्यक्रम नई दिल्ली-बहरीन-लंदन था।

**कांग्रेस का पलटवार:** कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'पीएमओ हमेशा की तरह अपनी गंदी चालें चल रहा है। उसे और कुछ नहीं आता। राहुल गांधी अपनी भतीजी के स्नातक समारोह में भाग लेने के लिए लंदन गए हैं और जल्द ही वापस आ जाएंगे।' दरअसल, राहुल गांधी की भतीजी और प्रियंका गांधी-रॉबर्ट वाड्रा की बेटी मिराया वाड्रा ब्रिटेन से स्नातक कर रही हैं।

## बिलबिलाते रह गए बिलावल भुट्टो, सिंधु जल संधि पर वर्ल्ड बैंक में भी पाकिस्तान के खिलाफ भारत का एक्शन शुरू

**अंजन कुमार**

**नई दिल्ली :** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री ने बिलावल भुट्टो ने एक बार फिर से सिंधु जल संधि रोकने के भारत के फैसले के खिलाफ गीदड़भभकी देने की कोशिश की थी। लेकिन, भारत ने अपने फैसले पर आगे के कदम बढ़ाने शुरू कर दिए हैं। भारत पहले ही सिंधु घाटी के नदियों के पानी को नहरों के माध्यम से अपने कई राज्यों तक पहुंचाने की नीति पर काम करना शुरू कर दिया था। अब विश्व बैंक से भी कह दिया है कि किशनगंगा और रतले जलविद्युत परियोजनाओं को लेकर जो मामले पहले से उसके पास लंबित हैं, उसकी प्रक्रिया पर तत्काली विराम लगा दे, क्योंकि अब वह सिंधु जल संधि को ठंडे बस्ते में डाल चुका है।

**बिलावल भुट्टो ने फिर दी थी गीदड़भभकी :** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो ने वहां की नेशनल असंबेली में फिर से सिंधु जल संधि रोकने के भारत के फैसले पर धमकाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा, 'भारत के पास दो विकल्प हैं। सही से पानी साझा करे या हम सभी 6 दरिया ले लेंगे।...हम जंग नहीं चाहते, लेकिन अगर पानी को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा...तो पाकिस्तान कार्रवाई करने को बाध्य होगा और हम पहले की तरह ही भारत को हराने की स्थिति में हैं....।

**वर्ल्ड बैंक के न्यूट्रल एक्सपर्ट को लिखा पत्र :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पहले ही साफ कर चुके हैं, भारत ने सिंधु जल संधि पर जो रोक लगाई है, वह अब कभी फिर से बहाल नहीं होने वाला। अब इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट आई है, जिसके अनुसार भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित करने के बाद विश्व बैंक (वर्ल्ड बैंक) के एक्सपर्ट की



कार्रवाही पर रोक लगाने की मांग की है। यह कार्रवाई किशनगंगा और रतले पनबिजली परियोजनाओं को लेकर चल रही है। भारत सरकार ने विश्व बैंक के न्यूट्रल एक्सपर्ट मिशेल लिनो को पत्र लिखकर रतले और किशनगंगा जलविद्युत विवादों पर कार्रवाई रोकने का अनुरोध किया है। सरकार ने यह फैसला इस समझौते को निलंबित करने के बाद लिया है। लिनो ने इस मामले पर पाकिस्तान से राय मांगी थी, जिसका पाकिस्तान ने विरोध किया है।

**विश्व बैंक की ओर से नियुक्त हैं मिशेल लिनो :** साल 2022 से लिनो जम्मू और कश्मीर में बन रही दो भारतीय जलविद्युत परियोजनाओं - किशनगंगा (किशनगंगा नदी पर) और रतले (चिनाब नदी पर) से जुड़े विवादों की सुनवाई कर रहे हैं। लिनो एक फ्रांसीसी बांध इंजीनियर हैं। वह हाल तक इंटरनेशनल कमीशन ऑन लार्ज डैम्स के अध्यक्ष थे। विश्व बैंक ने उन्हें 13 अक्टूबर, 2022 को सिंधु जल समझौते के अनुच्छेद क और अनुबंध एफ के तहत नियुक्त किया था। उनका काम भारत और पाकिस्तान दोनों की बात सुनना और यह तय करना है कि क्या इन परियोजनाओं का डिजाइन संधि का पालन करता है। पाकिस्तान हमेशा से भारत पर संधि के नियमों के उल्लंघन के नाम पर विकास कार्यों को बाधित करने की कोशिश करता आया है।

**पहलगाम आतंकी हमले के बाद रुकी है संधि :** पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल ने फैसला किया है कि सिंधु जल संधि को 'जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद के लिए अपना समर्थन विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से त्याग नहीं देता' तब तक निलंबित रखा जाएगा। इसके बाद, भारत सरकार ने औपचारिक रूप से लिनो को सूचित किया और उनसे किशनगंगा और रतले विवादों से संबंधित 'वर्क प्रोग्राम' को रद्द करने का अनुरोध किया।

**सिंधु जल पर अपने हित में काम कर रहा भारत :** इस बीच, सूत्रों के अनुसार सरकार ने सिंधु नदी प्रणाली से पानी को विभिन्न भारतीय राज्यों में मोड़ने के लिए एक नहर बनाने की योजना बनाई है। इसने बगलीहार और सलाल में दो फ्लशिंग एक्सरसाइज भी किए हैं। ये चिनाब नदी पर बने रन-ऑफ-द-रिवर जलविद्युत परियोजनाएं हैं। इनका मकसद तलछट (गाद) को साफ करना है, जो बिजली उत्पादन में बाधा डालती है। सलाल 1987 में और बगलीहार 2008-09 में बनने के बाद ये पहली बार है कि इस तरह से सफाई की कोशिश की गई है। पाकिस्तान पहले सिंधु जल संधि के बहाने अपनी आपत्तियां जताकर ऐसी गतिविधियों को रोक दिया करता था। अधिकारियों का कहना है कि अब हर महीने फ्लशिंग की जाएगी। इस बीच सरकार चिनाब पर चार जलविद्युत परियोजनाओं - पाकल दुल (1,000 मेगावाट), रतले (850 मेगावाट), किरू (624 मेगावाट) और क्वार (540 मेगावाट) को तेजी से पूरा करने की कोशिश भी शुरू कर चुकी है।

## जानिए क्यों टल गई क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज की शादी?



**वैभव पांडे**

**जौनपुर :** क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज की 18 नवंबर को वाराणसी में होने वाली शादी टल गई है। बताया जा रहा है कि उस दौरान रिंकू सिंह घरेलू क्रिकेट में व्यस्त रहेंगे। शादी की अगली तारीख जल्द तय की जाएगी। संभवतः आईपीएल 2026 के बाद डेट तय की जाएगी। प्रिया सरोज मछलीशहर सीट से पहली बार सांसद चुनी गई हैं। कुछ दिन पहले ही लखनऊके फाइव स्टार होटल में रिंकू सिंह और प्रिया सरोज की सगाई हुई थी। 18 नवंबर को वाराणसी के होटल ताज में शादी होनी थी। होटल में मेहमानों के लिए कमरे आदि भी बुक किए गए थे। अक्टूबर से फरवरी के बीच रिंकू सिंह घरेलू क्रिकेट में प्रदेश की टीम की ओर से खेलेंगे। इसके कुछ दिनों बाद आइपीएल शुरू हो जाएगा। फरवरी के अंत में खेल से वक्त मिलने पर या फिर आइपीएल 2026 के बाद शादी की तिथि तय की जाएगी। दोनों परिवार ने यह भी तय किया है कि शादी वाराणसी में न करके कहीं अन्य स्थान पर की जाएगी और यह डेस्टिनेशन वेडिंग होगी। सगाई में आए थे कई बड़े मेहमान :आपको बता दें कि प्रिया सरोज और रिंकू सिंह के सगाई समारोह में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, डिंपल यादव, जया बच्चन समेत कई बड़े नेता शामिल हुए थे। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और कई क्रिकेटरों ने भी शिरकत की थी। रिंकू सिंह ने जब अंगूठी पहनाई तो प्रिया सरोज भावुक हो गई थीं। वह लगातार अपने आंसू पोंछती नजर आई थीं। सगाई के बाद जब रिंकू सिंह पहली बार अपनी ससुराल पहुंचे तो उनका भव्य स्वागत हुआ था।

# क्या पिता की जाति के आधार पर बच्चे को मिलेगा ओबीसी आरक्षण? सुप्रीम कोर्ट तय करेगा दिशानिर्देश

**अशोक उपाध्याय**

**नई दिल्ली :** क्या किसी शख्स की ओबीसी कोटे की पात्रता सिर्फ उसके पिता की जाति से तय होनी चाहिए? सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस के. वी. विश्वनाथन और एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने एक सिंगल ओबीसी मां की ओर से अपने बेटे के लिए उठाए गए इस मुद्दे पर विचार करने के लिए सहमति जताई है। केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एस. डी. संजय ने भी सुप्रीम कोर्ट से इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर विचार करने का आग्रह किया है। यह मुद्दा एक ऐसी महिला ने उठाया है जो अपने पति से अलग रहती है और अपने बच्चे के साथ रहती है। कोर्ट इस मामले में गाइडलाइंस जारी कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट यह देखेगा कि क्या ओबीसी आरक्षण का लाभ सिर्फ पिता की जाति के आधार पर मिलना चाहिए। कोर्ट यह भी देखेगा कि अगर किसी ओबीसी महिला ने दूसरी जाति के पुरुष से शादी की है तो क्या उसके बच्चों को भी डइउ सर्टिफिकेट मिलना चाहिए। कोर्ट ने इस मामले को जुलाई में अंतिम सुनवाई के लिए रखा है। याचिकाकर्ता ने उन मौजूदा नियमों को चुनौती दी है जिनके अनुसार किसी शख्स को ओबीसी सर्टिफिकेट तब दिया जाता है जब उसका पिता ओबीसी हो। कोर्ट ने कहा




कि वह इस मामले में गाइडलाइंस जारी करेगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि वह यह देखेगा कि क्या ओबीसी महिला के बच्चे, जिन्होंने दूसरी जाति में शादी की है, ओबीसी सर्टिफिकेट के हकदार होंगे इस मामले में सुप्रीम कोर्ट को 2012 के एक फैसले का भी सहारा लेना पड़ सकता है। उस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने एक आदिवासी महिला और एक ऊंची जाति के पुरुष के बीच शादी के मामले पर विचार किया था। 'रमेशभाई दभाई नाइका बनाम गुजरात' मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अंतरजातीय विवाह या आदिवासी और गैर-आदिवासी के बीच विवाह से पैदा हुए बच्चे की जाति का निर्धारण मामले के तथ्यों को पूरी तरह से अनदेखा करके नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा था, 'अंतरजातीय विवाह या आदिवासी और गैर-आदिवासी के बीच विवाह में, यह माना जा सकता है कि बच्चे की जाति उसके पिता की जाति है। यह अनुमान उस मामले में और भी मजबूत हो सकता है जहां अंतरजातीय विवाह या आदिवासी और गैर-आदिवासी के बीच विवाह में, पति अगड़ी जाति का है। कोर्ट ने आगे कहा, 'लेकिन किसी भी तरह से यह अनुमान निर्णायक नहीं है और ऐसे विवाह के बच्चे के पास यह दिखाने के लिए सबूत पेश करने का विकल्प है कि उसका पालन-पोषण उसकी मां ने किया है जो अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित है। अगड़ी जाति के पिता का पुत्र होने के नाते, उसे जीवन में कोई लाभप्रद शुरुआत नहीं मिली, बल्कि इसके विपरीत, उसने उन सभी अभावों, अपमानों, जिल्लतों और बाधाओं को झेला, जैसे कि उसके समुदाय के किसी अन्य सदस्य ने, जिससे उसकी मां संबंधित थी। इसके अतिरिक्त, उसे हमेशा उस समुदाय के सदस्य के रूप में माना जाता था जिससे उसकी मां संबंधित थी, न केवल उस समुदाय द्वारा बल्कि समुदाय के बाहर के लोगों द्वारा भी।

**क्या है मामला? :** वर्तमान मामले में, केंद्र सरकार ने कहा कि याचिकाकर्ता, संतोष कुमारी, दिल्ली नगर निगम से रिटायर्ड टीचर हैं। केंद्र सरकार ने कहा कि उसकी राय है कि ओबीसी माता-पिता से पैदा हुए किसी भी बच्चे को, चाहे माता-पिता अलग हों या तलाकशुदा, ओबीसी पिता या ओबीसी माता की साख के आधार पर ओबीसी प्रमाण पत्र का हकदार होना चाहिए, यह इस बात पर निर्भर करता है कि बच्चे की कस्टडी किसके पास है या कौन सक्रिय रूप से बच्चे का पालन-पोषण कर रहा है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने अपने हलफनामे में कहा, 'ऐसे मामलों में जहां केवल मां की साख के आधार पर ओबीसीप्रमाण पत्र जारी किया जाना है, यह स्पष्ट रूप से स्थापित किया जाना चाहिए कि बच्चा मां के साथ रह रहा है और उसका पालन-पोषण पूरी तरह से मां द्वारा किया गया है। इसके अतिरिक्त, इस लाभ के किसी भी संभावित दुरुपयोग को रोकने के लिए एक निवारक तंत्र मौजूद होना चाहिए। मंत्रालय ने आगे कहा, ओबीसी जातियां और इससे संबंधित विषय देश में व्यक्तिगत राज्यों के मामले हैं और राज्यों को इसके लिए तंत्र शुरू करने की आवश्यकता है. यह न्यायालय राज्यों और उसके अधिकारियों को एकल ओबीसी माताओं के वार्डों के आवेदन को माता-पिता की ओर से दस्तावेजी प्रमाण के बिना संसाधित करने के लिए दिशानिर्देश या/और निर्देश जारी कर सकता है।

**महिलाओं के अधिकारों से जुड़ा है मामला :** यह मामला इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उन महिलाओं के अधिकारों से जुड़ा हुआ है जो अपने पति से अलग रहती हैं और अपने बच्चों का पालन-पोषण करती हैं। अगर किसी महिला को सिर्फ इसलिए ओबीसी सर्टिफिकेट नहीं मिलता है क्योंकि उसके पिता ओबीसी नहीं हैं, तो यह उसके साथ अन्याय होगा। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में सभी पहलुओं पर विचार करेगा और उचित फैसला देगा।

## संक्षिप्त समाचार


### हजारीबाग डेंटल कॉलेज में तीन दिवसीय दांतों की इम्प्लांट सर्जरी पर वर्कशॉप का हुआ आयोजन, झारखंड के विभिन्न क्षेत्र के अभ्यर्थी हुए शामिल



**आदिवासी एक्सप्रेस**

हजारीबाग। हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइसेंस एंड होस्पिटल में आयोजित तीन दिवसीय दांतों की इम्प्लांट सर्जरी पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें झारखंड के विभिन्न हिस्सों से आए अभ्यर्थियों ने इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। जहां संवादात्मक व्याख्यान दिया गया। अभ्यर्थियों को मॉडलों पर काम करने का मौका दिया गया एवं प्रत्येक अभ्यर्थी को जीवित रोगियों में व्यक्तिगत रूप से इम्प्लांट सर्जरी करने का अवसर प्रदान किया गया। कार्यक्रम प्रोस्थोडोन्टिक्स विभाग के रीडर डॉ दया शंकर के मार्गदर्शन और देखरेख में हुआ। जिसमें मुख्य रूप से हजारीबाग डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास, प्राचार्य डॉ के श्री कृष्ण, उपप्राचार्य डॉ अंकुर भार्गव एवं कार्यक्रम के आयोजक डॉ दया शंकर शामिल रहे। हजारीबाग डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने अभ्यर्थियों एवं कार्यक्रम जुटे चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया एवं उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही हौसला भी बढाया। मौके पर हजारीबाग डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि वर्कशॉप में दांतों की इम्प्लांट सर्जरी की नई तकनीकों को साझा कर शैक्षिक दृष्टिकोण से अभ्यर्थियों को अनुभवात्मक अवसर प्रदान किया गया। हमारा कॉलेज परिवार पर गर्व है शिक्षा, चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इस प्रकार के आयोजन से छात्रों को नए कौशल सिखने का मौका मिलता है, दंत चिकित्सा के गुणवत्ता को भी बढ़ावा देता है।

### सिकरी ओपी प्रभारी सुनील सिंह की तत्परता ने बचाई सैकड़ों की जान



**बड़कागांव संजय कुमार**

**बड़कागांव।** बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित सिकरी ओपी प्रभारी सुनील सिंह इन दिनों चर्चा के पात्र बने हुए हैं। इनकी कार्य कुशलता, सजगता और तत्परता की सराहनीय है। चाहें एंटी क्राइम हो, सड़क दुर्घटना पर विराम लगना हो या फिर क्षेत्र की जनता से जुड़ा मामला हर कर्तव्य को बखूबी निभाते दिख रहें हैं। ताजा घटना 23 जून के मध्य रात्रि 12 बजकर 35 मिनट पर की है जिसकी जानकारी साझा करते हुए ओपी प्रभारी सुनील सिंह ने बताया कि बड़कागांव - केरेडारी मुख्य सड़क राज्य पथ संख्या 7 पर स्थित एनटीपीसी सिकरी साइट कार्यालय के मुख्य गेट की समीप 11 हजार वोल्ट की विद्युत तार के तीनों फेज की तारे सड़क के बीचों बीच गिर गई और तीनों विद्युत तारो में करंट चालू था व उक्त सड़क पर बड़ी - छोटी वाहनों के साथ कई व्यवसायिक वाहनों का आवागमन चालू था। इस दौरान 11 हजार विद्युत तार मुख्य सड़क पर गिर जाने की सूचना ओपी प्रभारी सुनील सिंह को मिली, इन्होंने तत्परता दिखाते हुए अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर बिजली विभाग के जेई को 11 हजार विद्युत तार मुख्य सड़क पर गिरे होने की सूचना दिए। जिसपर जेई भी सजगता दिखाते हुए उक्त फीडर का लाइन कटवा दिए, इसी दौरान रात में ही बिजली मिस्त्री अशोक कुमार को बुलाकर अपने दल बल के साथ मिलजुल कर सड़क पर गिरे विद्युत तार व पोल को दुरुस्त किया। गिरा तार हटाने के दौरान बड़कागांव से केरेडारी तक बड़ी - छोटी वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। वाहन चालकों व वाहन पर सवार लोगों ने ओपी प्रभारी की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए इतनी बड़ी हादसा को रोकने पर बधाई भी दिए। वहीं बिजली विभाग के जेई को भी ग्रामीणों ने सराहना की।

### प्रखंड मुख्यालय में भाजपा का जनाक्रोश रैली व धरना प्रदर्शन का आयोजन

- **किसी भी कार्य में बिना रिश्वत का कोई भी काम नहीं होता: विधायक**



**बड़कागांव संवाददाता**

**बड़कागांव।** पूरे राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार व राज्य सरकार की दमनकारी नीति के विरुद्ध भाजपा द्वारा राज्यव्यापी आयोजित कार्यक्रम के तहत जनाक्रोश रैली व धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन बड़कागांव प्रखंड कार्यालय के समीप किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल मिश्रा व संचालन उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने किया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि झारखंड के इतिहास में सबसे अधिक भ्रष्ट सरकार वर्तमान सरकार है आज के दौर में हर जगह अपराधी हावी है खुलेआम पुलिस को चुनौती दी जा रही है लेकिन सरकार और पुलिस प्रशासन नींद में सोई हुई है और लोगों में भय का माहौल है। अगर भ्रष्टाचार में सुधार नहीं हुआ तो पार्टी के निर्देशानुसार सभी कार्यालय में ताला लगाने का काम किया जाएगा और सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन की जाएगी। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि कोई ऐसा कुर्सी नहीं है जहां पैसा दिए बगैर काम होता है जिससे जनता त्राहिमाम कर रही है। जनाक्रोश रैली की शुरुआत बड़कागांव राम जानकी मंदिर से की गई जो बड़कागांव टैक्सी स्टैंड होकर दाता बाबा रोड, हॉस्पिटल रोड, थाना रोड होते हुए बड़कागांव प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंचा और धरना में तब्दील हो गया।

मौके पर मुख्य रूप से बड़कागांव विधानसभा सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू, बड़कागांव विधानसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी,पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद, मुखिया संघ अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, महेंद्र महतो, नरसिंह प्रसाद ,अवध किशोर यादव, रामपति राम, श्रीकांत निराला ,सुमन गिरी, त्रिवेणी महतो, सेवंती कुमारी, किशोर राणा, विजय यादव, दिनेश करमाली ,मनीष पांडे, सच्चिदानंद पांडे, बेचन साहू, नागेश्वर महतो, अशोक कुमार कैलाश राणा, सत्यजीत, धर्मेंद्र प्रसाद रामस्वरूप महतो, नंदकिशोर मेहता, शिव शंकर उर्फ़ शिवू,सुरेश महतो, बैजनाथ साव,कृष्ण प्रसाद, प्रदीप महतो, विष्णु गुप्ता, भागीरथ ठाकुर, रामचंद्र महतो, समेत सैकड़ो लोग शामिल थे।

# हजारीबाग में भाजपा का प्रखंड स्तरीय धरना-प्रदर्शन, हेमंत सरकार की विफलताओं पर बोला हमला

- **राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है, अपराधियों को सरकार का संरक्षण प्राप्त है: प्रदीप प्रसाद**
- **हेमंत सरकार की नाकामी ने झारखंड को अराजकता के गर्त में ढकेल दिया है, भाजपा जनता की आवाज़ बुलंद करती रहेगी: विवेकानंद सिंह**

**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के आह्वान पर आज पूरे राज्य भर में अंचल और प्रखंड कार्यालयों के समक्ष एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इसी क्रम में हजारीबाग के सदर प्रखंड कार्यालय के समक्ष भाजपा कार्यकर्ताओं ने आक्रोशित प्रदर्शन करते हुए राज्य सरकार की विफलताओं को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद मौजूद रहे। धरना स्थल पर कार्यकर्ताओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा और पूरे उत्साह के साथ सरकार विरोधी नारे गूंजने लगे। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि झारखंड की जनता वर्तमान सरकार से त्रस्त हो चुकी है। विकास की गति थमी हुई है, अपराध बेलगाम हो चुका है और जनता की बुनियादी जरूरतें आज भी



अधूरी हैं। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य की स्थिति अत्यंत चिंताजनक हो चुकी है। कानून व्यवस्था की स्थिति रसातल में जा चुकी है। हत्या, लूट, बलात्कार और अपहरण की घटनाएं आम हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि अपराधियों में सरकार का कोई भय नहीं है, क्योंकि खुद सत्ताधारी दल के लोग अपराधियों को संरक्षण देने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री केवल घोषणाएं करते हैं, लेकिन उनके कदम धरातल से कोसों दूर रहते हैं। किसानों को समय पर धान का मूल्य नहीं मिल रहा, खाद-बीज के लिए उन्हें भटकना पड़ रहा है। युवा बेरोजगारी से त्रस्त हैं और रोजगार देने के नाम पर सरकार केवल योजनाओं का नाम बदलती रहती है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में डॉक्टर नहीं, विद्यालयों में शिक्षक नहीं, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, पेंशन जैसी सुविधाओं में भारी भ्रष्टाचार है। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि आखिर जनता कब तक इंतजार करती रहे? उन्होंने चेतावनी दी कि यदि राज्य सरकार जनता की समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं करती, तो भाजपा राज्यव्यापी जन आंदोलन को तेज करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की लड़ाई सत्ता की नहीं, बल्कि जनता के अधिकारों की है और वह हर स्तर पर इसे लड़ती रहेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा की हेमंत सरकार हर मोर्चे पर असफल रही है। सरकार के तीन साल के कार्यकाल में केवल वादों की बौछार हुई है, धरातल पर कुछ नहीं उतरा। उन्होंने कहा कि आम जनता बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। हर योजना में भ्रष्टाचार व्याप्त है। उन्होंने कहा कि राज्य में विधि-व्यवस्था की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि आम आदमी का जीना मुश्किल हो गया है। अपराधी बेखौफ हैं और पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। उन्होंने सरकार से सवाल करते हुए कहा कि आखिर गरीब, किसान, महिला, नौजवान और कर्मचारी सब क्यों परेशान हैं? उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा जनता की आवाज को अब और नहीं दबने देगी, सरकार को हर हाल में जनता की मांगों पर जवाब देना होगा। धरना के समापन पर भाजपा प्रतिनिधिमंडल द्वारा सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें राज्य सरकार से विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान की मांग की गई। ज्ञापन में कानून व्यवस्था की बहाली, किसानों को बकाया भुगतान, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र की मजबूती, पेंशन योजनाओं में पारदर्शिता, प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया को सरल और भ्रष्टाचार मुक्त बनाने जैसी दर्जनों जनहितकारी मुद्दों को शामिल किया गया। धरना कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण, संगठित और प्रभावशाली रहा, जिसमें जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिहं,ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुदेश चंद्रवंशी, हरीश श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष रणधीर पांडे, विवेक बरियार, कृष्णा मेहता, साक्षी राणा, फुलवा कच्छप, गुडिया कुमारी, महेंद्र बिहारी, सैयद तनवीर, कुलदीप कृष्णा, दामोदर प्रसाद, रोहित कुशवाहा, गौतम कुमार, आशीष कुमार, सुबोध आकाश, राजकरण पांडे,चौधरी प्रसाद साहु , अणेश्वर प्रसाद, कालेश्वर रजक, अनील पाण्डेय, शलेन्द्र यादव, लालेश्वर प्रसाद, नरेश यादव, राजेंद्र प्रसाद, अनमोल साव, राजेश यादव, दामोदर प्रसाद, प्रमोद कुमार सिंह, गौतम कुमार आशीष कुमार, लखेंदर प्रसाद, रणजीत कुमार, राजेश चन्द्रवंशी, चंदन सिहं, आदि सैकड़ो की संख्या मे उपस्थित हुए।

# उपायुक्त को जनता दरबार में लगभग एक दर्जन फरियादियों ने किया आवेदन

**समस्याओं को त्वरित समाधान हेतु अधिकारियों को दिए गए निर्देश**

**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की समस्याएं सुनीं तथा उनके शीघ्र समाधान हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर लगभग एक दर्जन फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर उपायुक्त के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए। प्रस्तुत समस्याओं में भूमि पर अवैध अतिक्रमण, भूमि पर्चा (एलपीसी) निर्गत करना, भूमि हड़पने,रोजगार, भू-मुआवजा, रसीद निर्गत करना, मारपीट, गाली-गलौज जैसी शिकायतें शामिल रहीं।

**प्रमुख आवेदनों में-**

ग्राम गंगपांचो, बरकट्ठा से मोसमात चंदवा देवी ने दूसरे पक्ष के द्वारा जबरन जमीन पर कब्जा कर भवन




निर्माण करने एवं रोक लगाने हेतु उपयुक्त को आवेदन दिया। इचाक प्रखंड टीको गोप ने सहारा इंडिया में जमा राशि को वापस से भुगतान किए जाने के संबंध में उपायुक्त को आवेदन समर्पित किया। ग्राम परतन पदमा प्रखंड से मालती देवी में रिश्तेदारों द्वारा जबरन जमीन पर कब्जा मुक्त करने के संबंध में आवेदन समर्पित किये।

ग्राम खरांटी, बड़का गांव से रिश्तेदारों द्वारा जमीन पर कब्जा करने एवं गाली-गलौज करने के संबंध में आवेदन समर्पित किया।

ग्राम असिया, प्रखंड इचाक से भगिया देवी ने अबुआ आवास निर्माण पर दूसरे पक्ष के द्वारा जबरन रोक लगाने के संबंध में उपायुक्त को आवेदन समर्पित किये। ग्राम इंदिरा टोला पोस्ट-जबरा, इचाक से सोमर साव रिश्तेदारों द्वारा झूठा केस-मुकदमा में फसाने की धमकी देने के संबंध में उपायुक्त को आवेदन समर्पित किये। बड़कागांव से मकबूल हसन ने अपने रिश्तेदारों के द्वारा गैरमजरूआ जमीन पर अतिक्रमण किए जाने के संबंध में उपायुक्त को आवेदन दिए। भीलवारा से विनोद कुमार ने बच्चों की उचित शिक्षा हेतु गवर्नमेंट सेकेंडरी स्कूल, भीलवाड़ा में शिक्षकों की आवश्यकता के संबंध में आवेदन समर्पित किये।

पदमा प्रखंड से लोकेश कुमार भुइयाँ ने दूसरे पक्ष के द्वारा जबरन सरकार से दिए गए जमीन को डरा धमकाकर हड़पने तथा गाली-गलौज करने के संबंध में आवेदन दिए। सदर प्रखंड से मोहम्मद जमील ने भुमाफियाओं द्वारा जाली केवाला करने के संबंध में उपायुक्त को आवेदन सौंपा।

उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने प्रत्येक आवेदक से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक मामले की शीघ्र जांच कर त्वरित एवं न्यायसंगत कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## हथियार बंद अपराधियों ने आधा दर्जन से ज्यादा गाड़ियों को किया आग के हवाले

- **दो जेसीबी मशीन, दो हाईवा ट्रक, एक ग्रेडर मशीन, एक टैंकर और एक कैम्पर वैन को आग के हवाले कर दिया**
- **उग्रवादी संगठन के द्वारा लेवी वसूलने के उद्देश्य से यह घटना का अंजाम: एसपी अंजनी अंजन**



**संवादाता चरही**

**छरहरी।** हजारीबाग के जोराकाठ में अपराधियों ने कोयला ट्रांसपोर्टिंग के लिए बादम से चरही तक सड़क बना रही पूजा इंटरप्राइजेज एजेंसी के वाहनों एवं मशीनों को आग लगा दी। यह घटना सोमवार रात साढ़े आठ बजे को हुई। करीब 35 की संख्या में आए नकाबपोश व हथियारबंद उग्रवादियों ने जमकर तांडव मचाया है। माना जा रहा है कि लेवी (जबरन वसूली) की मांग पूरी न होने पर उग्रवादियों ने ऐसा किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और उग्रवादियों को पकड़ने की कोशिश कर रही है।

***आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां जला कर की राख***

सड़क एनटीपीसी बादाम कोयला परियोजना के लिए बड़कागांव के बादम से चरही तक बन रही थी। उग्रवादियों ने कंपनी के दो जेसीबी मशीन, दो हाईवा ट्रक, एक ग्रेडर मशीन, एक टैंकर और एक कैम्पर वैन को आग के हवाले कर दिया। पुलिस को अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि इस घटना में किस उग्रवादी संगठन का हाथ है।

***निर्माण स्थल पर मौजूद कर्मचारियों को भी नहीं बख्शा गया***

कंपनी के कर्मी के अनुसार करीब 35 हथियारबंद उग्रवादी आए और सभी कर्मियों को हिरासत में लेकर सबसे पहले मोबाइल जब्त कर लिया। जब कुछ कर्मचारियों ने विरोध करने की कोशिश की तो अपराधियों ने कर्मचारियों के साथ मारपीट की और उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल कर्मियों में कामेश्वर कुमार, अंकित कुमार, नीतू कुमार, सचिन कुमार और दीपक कुमार शामिल है। साथ ही दहशत फैलाने के लिए पांच राउंड हवाई फायरिंग भी किया।

***लेवी को लेकर आगजनी की आशंका, जांच में जुटी पुलिस***

हजारीबाग पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह मामला लेवी वसूली से जुड़ा हुआ माना जा रहा है। हालांकि अब तक किसी उग्रवादी संगठन ने इस घटना की जिम्मेदारी नहीं ली है। घटना के बाद से सड़क निर्माण कार्य पूरी तरह ठप हो गया है।

घटना की खबर मिलते ही हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के साथ बड़कागांव और चरही थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस मामले को लेकर जांच करते हुए कंपनी के कर्मियों से गहन पूछताछ भी की है। इलाके में तलाशी अभियान भी शुरू कर दिया है। इस घटना के बाद इलाके में निर्माण कार्य रुक गया है। मजदूरों और अधिकारियों में डर का माहौल है। पुलिस के द्वारा संदिग्ध तत्वों की तलाश की जा रही है। आगजनी से करोड़ों रुपये की संपत्ति को नुकसान हुआ है। पुलिस ने दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार करने का आश्वासन भी दिया गया है। मौके पर पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि किसी उग्रवादी संगठन के द्वारा लेवी वसूलने के उद्देश्य से यह घटना का अंजाम दिया गया है।

# दोषियों की गिरफ्तारी जल्द नहीं हुई तो होगा चरणबद्ध तरीके से आंदोलन: सुनिल कुमार पाण्डेय

**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के सैकड़ों पदाधिकारी कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष सुनिल कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में कटकमसांडी थाना प्रभारी से मुलाकात कर पप्पू पाण्डेय हत्या कांड पर लिया जानकारी।

अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुनिल कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में संघ के सैकड़ों पदाधिकारी व सदस्य कटकमसांडी प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम हेसाकुदर पहुंचे ,बताते चले कि हेसाकुदार निवासी चितरंजन पाण्डेय उर्फ पप्पू पाण्डेय कि हत्या 30/5/25 को कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा किया गया था। पीड़ित परिवार से हत्या कि पूरा जानकारी लेकर संघ के पदाधिकारी थाना प्रभारी से मुलाकात



करने थाना पहुंची जहां संघ के द्वारा थाना प्रभारी को ज्ञापन देकर जल्द से जल्द अभियुक्तों कि गिरफ्तारी कि मांग कि गई। थाना प्रभारी ने जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया।

मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सुनिल कुमार पाण्डेय ने कहा कि जिस तरह राज्य में ब्राह्मणों कि हत्या व उनपर झूठा केश किया जा रहा है वो अब बर्दाश्त से बाहर है चाहे वो कटकमसांडी पप्पू पाण्डेय हत्या कांड हो या कोडरमा जिला अंतर्गत चंदवारा प्रखण्ड के गुमो निवासी इंद्रजीत पाण्डेय उर्फ टुनटुन पाण्डेय कि हत्या का मामला हो सभी जगह ब्राह्मणों को टारगेट किया जा रहा है इस लिए सभी ब्राह्मण एकजुट होकर रहे।

मौके पर प्रदेश महासचिव बीरेंद्र शास्त्री, प्रदेश प्रवक्ता आचार्य पुरेन्द्र पांडेय, प्रदेश संघटन मंत्री ओमप्रकाश पांडेय प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ प्रो. ओमकार नाथ शर्मा, प्रदेश संरक्षक नकुल पाण्डेय, जिला अध्यक्ष प्रवेश पांडेय जिला युवा अध्यक्ष पवन जिगर पांडेय चंद्रकांत पांडेय, कृपासागर पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष सुमन पांडेय कुलगो गिरिडिह, रौशन पाण्डेय, संदीप पाण्डेय, मिथलेश पाण्डेय, महेश पाठक, गणेश पांडेय सुलमी, युगल किशोर पाण्डेय, संतन पाण्डेय, संतु पांडेय, पप्पू पांडेय, संतोष पाण्डेय, यशवंत पाण्डेय, बीरेंद्र पांडेय नगवां संतन पाण्डेय, प्रवेश पाण्डेय, ओमप्रकाश पाण्डेय, अमोद पाण्डेय, श्रुति पाण्डेय, पप्पू पाण्डेय, मनोहर पाण्डेय, सूरज पांडेय मिथलेश पांडेय प्रखंड सचिव कटकमसांडी, आदि सैकड़ों कि संख्या में ब्राह्मण बंधु उपस्थित रहे।

# कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने किया नगर निगम क्षेत्र का निरीक्षण, जलनिकासी व सुरक्षा संबंधी समस्याओं पर दिए सख्त निर्देश

**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र की जमीनी समस्याओं को लेकर कांग्रेस नेता, सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं नगर निगम प्रभारी मुन्ना सिंह एक बार फिर पूरी सक्रियता के साथ जनपथ पर उतरे। मंगलवार को उन्होंने शहर के कुम्हार टोली पार नाला, गांधी स्मारक पार नाला तथा अन्य जलजमाव प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नालियों की जाम स्थिति, जल निकासी की अव्यवस्था, संकीर्ण पुलियों और झुके हुए बिजली के खंभों जैसी बुनियादी समस्याओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया और संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के स्पष्ट



निर्देश दिए। इस दौरे के दौरान जब वे वार्ड संख्या 25 स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के पास पहुँचे, तो स्थानीय नागरिकों ने उन्हें नाली की बदहाल स्थिति से अवगत कराया। नाली के गंदे पानी से फैलती दुर्गंध और मच्छरों की समस्या ने वहाँ की स्थिति को और गंभीर बना दिया था। मुन्ना ने न केवल स्थिति को गंभीरता से देखा, बल्कि तुरंत नगर निगम अधिकारियों को आवश्यक मरम्मत और सफाई कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए। इसी प्रकार वार्ड संख्या 24 में एक संकीर्ण पुलिया वर्षों से स्थानीय लोगों के लिए सिरदर्द बनी हुई है। हर वर्ष बारिश के दिनों में वहाँ जलजमाव की विकराल समस्या खड़ी हो जाती है, जिससे लोगों का दैनिक आवागमन बाधित होता है। इस विषय को भी सिंह ने पूरी गंभीरता से लिया और निगम के अभियंताओं से कहा कि पुलिया की नियमित सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा गार्डवाल निर्माण की प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ हो। जबकि शहर के विभिन्न मोहल्लों में वर्षों से झुके हुए बिजली के पोल भी अब सुरक्षा के लिए खतरा बन चुके हैं। इन पोलों के आसपास से गुजरने में लोग भय महसूस करते हैं। सिंह ने इस समस्या को प्राथमिकता पर लेते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे चिन्हित क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर सभी खतरनाक पोलों को अविलंब दुरुस्त करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जनसुरक्षा से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। इस निरीक्षण यात्रा के दौरान स्थानीय नागरिकों, वार्ड प्रतिनिधियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या उनके साथ थी। लोग अपनी-अपनी समस्याएं सामने रख रहे थे और मुन्ना सिंह उन्हें गंभीरता से सुनकर अधिकारियों को त्वरित निर्देश दे रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### इंटर के परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कृष्ण मुरारी सिंह इंटर कॉलेज के छात्रों को किया गया सम्मानित

● मेदिनीनगर के टाउन हॉल में प्रभात खबर प्रतिभा सम्मान समारोह में मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित




**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**पलामू।** ज़िले के नौडीहा बाज़ार स्थित कृष्ण मुरारी सिंह इंटर कॉलेज की छात्राओं को प्रभात खबर के द्वारा मेदिनीनगर में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में परीक्षा में उपलब्धि के लिए मिला सम्मान। सम्मान लेने वाले में से स्नेहा कुमारी,खुशी कुमारी,सपना कुमारी,अर्पणा कुमारी, स्मिता कुमारी स्नेहा प्रजापति,श्वेता कुमारी एवं अन्य छात्र- छात्राएं शामिल हैं इसका श्रेय कॉलेज की कुशलता से संचालन कर रहे प्राचार्य नितेश्वर कुमार सिंह प्रो0 अजय कुमार यादव, प्रोफेसर विनय सिंह,शिक्षक मनोहर यादव,क्लर्क शैलेश प्रजापति, सोनम कुमारी, चिंता देवी पीउन मालती देवी एवं सभी शिक्षकों और उनकी पूरी टीम को जाता है। इस कॉलेज के बच्चें हर साल इंटर के परिणामों में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके लिए कॉलेज परिवार की तरफ से सभी छात्रों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

### ट्राई साइकिल के लिए भटक रहे दिव्यांग, प्रखंड कार्यालय में नहीं मिल रहा सुनवाई



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के हेमपुर गांव धाधू पंचायत निवासी भगन ठाकुर ट्राई साइकिल की मांग को लेकर कई बार बालूमाथ प्रखंड कार्यालय का चक्कर काट चुके हैं, लेकिन आज तक उनकी समस्या की किसी ने सुध नहीं ली है। भगन ठाकुर दिव्यांग हैं और बिना ट्राय साइकिल के चलना-फिरना उनके लिए बेहद मुश्किल हो गया है।

उन्होंने बताया कि वे कई बार प्रखंड कार्यालय पहुंचे, लेकिन किसी भी पदाधिकारी ने उनकी बात को गंभीरता से नहीं लिया। निराश होकर उन्होंने अब लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी से गुहार लगाई है कि उन्हें ट्राई साइकिल मुहैया कराई जाए ताकि वे दैनिक कार्यों के लिए कहीं भी आने-जाने में सक्षम हो सकें।

भगन ठाकुर ने कहा, मैं दिव्यांग हूं, और बिना ट्राई साइकिल के बहुत कठिनाई झेल रहा हूं।कई बार आवेदन देने के बावजूद न तो कोई जांच हुई,न ही किसी ने मेरी तकलीफ समझी।

### प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत बालूमाथ में 46 टीबी मरीजों को दी गई अतिरिक्त पोषण टोकरी




**संवाददाता राम कुमार**

**बालूमाथ।** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालूमाथ में दिन मंगलवार को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 46 इलाजरत टीबी मरीजों को अतिरिक्त पोषण टोकरी का वितरण किया गया। यह वितरण सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (CCL) के सहयोग से और CINI (चाइल्ड इन नीड इंस्टिट्यूट) संस्था के माध्यम से संपन्न हुआ।इस कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी मरीजों को शीघ्र स्वस्थ करने के लिए उन्हें आवश्यक पोषण सहायता प्रदान करना है,ताकि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर हो सके और उपचार प्रक्रिया को बल मिले। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालूमाथ के ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर (BPM) मृत्युंजय कुमार की विशेष उपस्थिति रहे। वहीं CINI संस्था की ओर से कम्युनिटी फैसिलिटेटर अरविंद कुमार ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों ने टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सामुदायिक सहयोग और नियमित उपचार की महत्ता पर बल दिया। मरीजों को वितरण की गई पोषण टोकरी में दाल, चना, तेल, पोषक अनाज एवं अन्य जरूरी खाद्य सामग्री शामिल थी। कार्यक्रम के सफल आयोजन से मरीजों और उनके परिजनों ने संतोष व्यक्त किया और सरकार तथा सहयोगी संस्थाओं का आभार प्रकट किया।

### गोमो आरपीएफ तथा मुखिया प्रतिनिधि के द्वारा रामाकुंडा गांव में वृक्षारोपण किया गया



**गोमो।** तोपचांची प्रखंड अंतर्गत मंगलवार को रामाकुण्डा हॉल्ट गांव के मुखिया प्रतिनिधि अमृत रजक तथा गोमो आरपीएफ इंस्पेक्टर संतोष कुमार झा के द्वारा आसपास के इलाकों सहित रेल लाइन के किनारे वृक्षारोपण किया गया। मौके पर सुरेश महतो,भूनेश्वर महतो सहित आरपीएफ के कई जवान मौजूद थे।

# हेमंत सोरेन के सरकार में नौडीहा ब्लॉक में खुलेआम भ्रष्टाचार चरण सीमा पर

● भाजपा कार्यकर्ता ने नौडीहा प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन

● भ्रष्टाचार के खिलाफ राज्य सरकार पर बरसे..पूर्व सांसद



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता- पप्पू यादव**

**नौडीहा बाजार, पलामू।** जिले के नौडीहा बाजार ब्लॉक कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नौडीहा ब्लॉक में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन कर व्यापक भ्रष्टाचार के खिलाफ पांच सूत्री मांग करते हुए नौडीहा प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौपा। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रखंड कार्यालय के बाहर हेमंत सोरेन के सरकार में खुलेआम बलात्कारी ,चोरी, डकइती, तथा लॉयनऑर्डर की स्थिति फेल, प्रखंड कार्यालय में खुलेआम मनरेगा योजना में जेई, एई, के द्वारा खुलेआम योजनाओं में 5% पीसी पैसा उगहि, आबुआ आवाज से लेकर प्रधानमंत्री आवास तक 15 से 20 हजार तक खुलेआम आवास देने के नाम पर आवास कोऑर्डिनेटर खुलेआम पैसा उगहि ,जमीन म्यूटेशन करने के नाम पर 15 से 30 हजार तक पैसा उगही पलामू के पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने हेमंत सरकार एवं स्थानीय वर्तमान विधायक सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर पर जमकर निशाना साध उन्होंने कहा कि चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे किए गए थे लेकिन सभी वादे फेल दिख रहे हैं जनता ठगा हुआ महसूस कर रहा है स्थानीय विधायक के द्वारा नौडीहा ब्लॉक में कई बार समीक्षा बैठक किया गया लेकिन ब्लॉक में भ्रष्टाचार चरण सीमा पर है बिना पैसे के कोई काम नहीं होता है स्थानीय विधायक सरकार के मंत्री राधाकृष्ण किशोर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को चिन्हित कर झूठे मुकदमे में फसाने का काम कर रहे हैं वही हेमंत सरकार के राज्य में मइया समान्य योजना हजारों महिलाओं को खाते में पैसा नहीं जा रहा है। नौडीहा जिला परिषद सुदामा पासवान ने कहा कि ग्राम पंचायत बिशनपुर में अवैध तरीके से माईस खुलेआम खोलने पर नौडीहा बिडिओ के द्वारा जांच नहीं किया जा रहा है।

वहीं नौडीहा बाजार क्षेत्र में बिजली विभाग के द्वारा जगह-जगह पर हाईटेंशन तार हटाया नहीं जा रहा है हेमंत सोरेन सरकार एवं हो रहे ब्लॉक में भ्रष्टाचार के खिलाफ कई नारे लगाए गए मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि मनोज कुमार, अशोक यादव,मंडल अध्यक्ष काशी प्रसाद गुप्ता, युवा मोर्चा अध्यक्ष रोशन सिंह, मिथलेश यादव, राजू यादव, मोहन, जनेश्वर, शिव भूइया,सैकड़ो की संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता रहे।

## टंडवा प्रखंड में हेमन्त सरकार के विरोध में प्रखंड स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम हुआ संपन्न

**झारखंड में लूट मची है, जनता परेशान: विधायक श्री कुमार उज्ज्वल दास**



**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**

**टंडवा (चतरा)।** झारखंड सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, ध्वस्त कानून व्यवस्था, टंडवा प्रखंड में 24 घंटे बिजली सुनिश्चित करने समेत अन्य मांगों को लेकर भाजपा का आक्रोश पूर्ण धरना प्रदर्शन प्रखंड सह अंचल कार्यालय में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता टंडवा मंडल अध्यक्ष संजीव पांडेय और संचालन रंजीत गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में प्रभारी के रूप में चतरा जिला पूर्व जिलाध्यक्ष श्री नवीन शाह जी उपस्थित हुए। धरना को संबोधित करते हुए सिमरिया माननीय विधायक कुमार उज्जवल दास ने सीएम हेमंत सरकार के खिलाफ जमकर हमला करते हुए कहा कि झारखंड में लूट मची हुई है। विकास कार्य पूरी तरह ठप है। एनटीपीसी के पावर प्रोजेक्ट से लगभग 500 मेगावाट बिजली मिलने के बावजूद टंडवा को 24 घंटे सरकार बिजली मुहैया नहीं करवा पा रही है। गरीब लोग बालू के कारण आवास बनाने के लिए तरस रहे हैं और बालू माफिया मालामाल हो रहे हैं। सरकार के दफ्तर बगैर रिश्वत का काम नहीं हो रहा है। अपराधिक घटनाओं में इजाफा है। विधायक ने कहा कि टंडवा के बाढ पीड़ित परिवार को मुआवजा हर हाल में सरकार मुआवजा दे। इसके पूर्व वरिष्ट नेता कामेश्वर पांडेय, ईश्वर दयाल पांडेय, मुखिया संघ जिलाध्यक्ष अरबिंद कुमार सिंह, बड़गांव मुखिया सह वरिष्ट नेता विजय चौबे, वरिष्ट नेता राजेन्द्र सिंह, पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र शर्मा, जिला परिषद सदस्या देवंती देवी, पंचायत समति सदस्या आशा सिन्हा, सुनील चौरसिया, नथु प्रसाद गुप्ता समेत अन्य वक्ताओं ने कहा कि टंडवा को जीरो कट बिजली मिले अन्यथा इससे भी बड़ा आंदोलन होगा। बाद में आधा दर्जन मांगो का एक ज्ञापन डीसी के नाम बीडीओ को सौंपा गया। मौके पर जगदीश महतो, अजय कुमार सिंह, अरुण पांडेय, मिथलेश पांडेय, इंद्रजीत सिंह, अभिषेक राज, गणेश महतो, महेंद्र महतो, चुरामन उरांव, धनंजय पांडेय, विशुनदेव सोनी, बैजनाथ पांडेय, सरोज पांडेय, रामलाल महतो, अजय कुमार सिंह उर्फ तनु सिंह, धनराज भोक्ता, सूखी गंझू, रविन्द्र कुमार, सुधीर कुमार चौरसिया, हेमराज साहू, छठू महतो, धनु महतो, भरत राणा, दिग्मबर प्रसाद, अनील कुमार महतो, दीपक महतो, नारायण महतो, गुलजार अंसारी, अरुण सिंह, सुरेन्द्र पासवान, दिलीप कुमार महतो, मनोज यादव, विकास कुमार यादव, कौलेश्वर राम, गीता देवी समेत सैकड़ों भाजपाई उपस्थित थे।

### हुसैनाबाद में ज़िला आयुष समिति की ओर से दो दिवसीय बायो मित्रा मेडिकल कैंप का सफल आयोजन संपन्न



**आदिवासी एक्सप्रेस/लालू कुमार यादव**

**हुसैनाबाद, पलामू।** ज़िला के हुसैनाबाद प्रखंड में 23 और 24 जून को ज़िला आयुष समिति के तत्वावधान में बायो मित्रा मेडिकल कैंप का भव्य आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस विशेष चिकित्सा शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना था।इस दो दिवसीय कैंप में डॉ. शबाना परवीन, डॉ. नवीन कुमार, डॉ. नजमा मुसर्रत और डॉ. शिबली अंसारी की नेतृत्व में आयुष चिकित्सकों की टीम ने सैकड़ों मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क परामर्श और औषधियाँ प्रदान कीं। कैंप में मुख्य रूप से गठिया, घुटनों और मांसपेशियों के दर्द, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, पाचन संबंधी समस्याओं एवं महिलाओं से जुड़े रोगों का उपचार किया गया।जनसाधारण ने इस शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया और आयुष चिकित्सा की उपयोगिता की सराहना की। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों से दूर-दराज़ के ग्रामीणों को बड़ा लाभ होता है, जहाँ सामान्यतः चिकित्सा सुविधाओं की पहुँच कठिन होती है। डॉक्टरों की टीम ने न केवल उपचार किया, बल्कि लोगों को आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी जैसी चिकित्सा पद्धतियों के बारे में जागरूक भी किया और बेहतर जीवनशैली अपनाने की सलाह दी।ज़िला आयुष समिति द्वारा आयोजित यह बायो मित्रा कैंप पूर्ण रूप से सफल रहा और लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरा। हुसैनाबाद में यह आयोजन ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक प्रभावशाली कदम माना जा रहा है।

### वज्रपात की चपेट में आने से पन्द्रह बकरियों की मौत

**बालूमाथ।** प्रखंड क्षेत्र के चितरपुर गांव में मंगलवार को हुई तेज बारिश और वज्रपात ने दो गरीब किसानों की आजीविका पर कहर बरपा दिया। वज्रपात की चपेट में आकर कुल 15 बकरियों की मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना से गांव में मातम छा गया है और किसान गहरे सदमे में हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार,चितरपुर निवासी नरेश उरांव की 5 बकरियाँ और ब्रह्मदेव लकड़ा की 10 बकरियाँ इस हादसे में मारी गईं। दोनों किसान रोज की तरह बकरियों को गांव से सटे चरागाह की ओर ले गए थे। इसी बीच अचानक मौसम ने करवट ली और तेज मूसलाधार बारिश के साथ वज्रपात शुरू हो गया। बकरियाँ बारिश से बचने के लिए एक महुआ के पेड़ के नीचे जा खड़ी हुईं, तभी जोरदार वज्रपात हुआ जिससे सभी 15 बकरियाँ मौके पर ही झुलस गईं और दम तोड़ दीं। घटना के बाद से दोनों किसान बेहद मायूस और चिंतित हैं। नरेश उरांव ने बताया,हम जैसे गरीब किसानों की जीविका का एकमात्र साधन यही बकरियाँ होती हैं। इतनी संख्या में बकरियों की मौत से हम पूरी तरह से टूट गए हैं।किसानों ने जिला प्रशासन से अविलंब मौके का निरीक्षण कर आर्थिक मुआवजा प्रदान करने की मांग की है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से मांग की है कि इस तरह की प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों की शीघ्र सहायता की जाए ताकि वे पुनः अपने जीवन को पटरी पर ला सकें। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने भी घटना पर दुख जताते हुए प्रशासन से आपदा राहत कोष से मदद दिलाने की अपील की है। अगर समय रहते पीड़ित परिवार को सहायता नहीं दी गई तो उनके समक्ष आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो सकता है।

## बालूमाथ में कांग्रेस की संगठन सृजन मंथन बैठक सम्पन्न



**संवाददाता राम कुमार**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड कांग्रेस द्वारा संगठन को सशक्त एवं धारदार बनाने को लेकर मंगलवार को एक महत्वपूर्ण संगठन सृजन मंथन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मो. आमिर हयात ने की। बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को दिशा देने का कार्य किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में लातेहार जिला कांग्रेस के सह प्रभारी डॉ0 अजय नाथ शाहदेव, जिला अध्यक्ष गुज्जर उरांव, प्रखंड पर्यवेक्षक पंकज तिवारी तथा राजस्थान से युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर एवं लातेहार जिला प्रभारी राजेश रलिया उपस्थित रहे। बैठक के दौरान प्रखंड कांग्रेस कमिटी का औपचारिक गठन किया गया और चयनित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। नई गठित प्रखंड कमेटी में प्रखंड अध्यक्षः मो. आमिर हयात उपाध्यक्ष तिलेश्वर यादव, इमराना परवीन महासचिव गोविंद राम, खालिद अनवर, रेखा बेक, प्रिंस, वकील कुरैशी, अनुज उरांव, रिंकू, नौशाद, आकिब जावेद पश्चिम मंडल अध्यक्ष कर्मदेव भगत पूर्वी मंडल अध्यक्ष अबरार आलम बैठक में वक्ताओं ने कांग्रेस की विचारधारा, संगठन की मजबूती, जमीनी कार्यकर्ताओं की भूमिका और आगामी चुनावों को लेकर दिशा-निर्देश दिए। डॉ0 अजय नाथ शाहदेव ने कहा, कांग्रेस पार्टी की रीढ़ उसकी जमीनी इकाइयां हैं। यह संगठनात्मक मंथन भविष्य में राजनीतिक परिवर्तन का आधार बनेगा।

प्रखंड अध्यक्ष मो0आमिर हयात ने कहा,जो जिम्मेदारी मुझे दी गई है,उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाऊंगा। पंचायत स्तर तक संगठन को मजबूत किया जाएगा।जिला मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी ने कहा,युवा नेतृत्व और अनुभवी कार्यकर्ताओं का समन्वय संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

वहीं जिला अध्यक्ष गुज्जर उरांव ने बैठक को कांग्रेस के पुनर्जागरण की शुरुआत बताया और कहा,अब हमारी यात्रा गांव-गांव तक होगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है। स्थानीय स्तर पर संगठन को पुनः सक्रिय करने की दिशा में यह बैठक एक मजबूत कदम माना जा रहा है।

## इटखोरी में भाजपाइयों ने राज्य सरकार पर बोला हमला

**राज्य सरकार की बिफलता को लेकर सौपा ज्ञापन**





**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**

**इटखोरी (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय में इटखोरी के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार की अदूरदर्शी नीतियों के विरोध में राज्य सरकार पर हमला बोला। प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सामने मंगलवार को भाजपाइयों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। यह धरना प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष देव कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सिमरिया विधायक कुमार उज्जवल दास, आक्रोश धरना प्रदर्शन प्रभारी सुजीत जायसवाल भी सम्मिलित हुए।जिले में गिरती कानून व्यवस्था,आकंठ भ्रष्टाचार सरकारी योजनाओं की विफलता के संबंध में मंगलवार को पूरे प्रदेश में ध्वस्त विधि व्यवस्था, आकंठ भ्रष्टाचार, लूट, हत्या, बलात्कार जैसी समस्या को लेकर भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड कार्यालय तक हमला बोला गया। लंबे चौड़े घोषणाओं के सपनों का सब्जबाग दिखा कर फिर एकबार राज्य की सत्ता पर काबिज होने वाली हेमंत सरकार की नीति और नीयत में कोई बदलाव नहीं आया है। अपने पिछले कार्यकाल में जिस प्रकार से राज्य सरकार के संरक्षण में खनिज संसाधनों की लूट,पंचायत से लेकर सचिवालय - मंत्रालय तक लूट भ्रष्टाचार ने अपना पैर जमाया है। वह दूसरे कार्यकाल में और मजबूत हो रहा है। विधि व्यवस्था की हालत ऐसी कि कोई सुरक्षित नहीं हत्या, लूट आम बात हो चुकी है। अपराधी बेखौफ अपराध को अंजाम दे रहे बहन बेटियां घर से निकलने में भयभीत हैं। बलात्कार, सामूहिक बलात्कार की घटनाएं ध्वस्त विधि व्यवस्था को उजागर कर रहे। अपराधी जिले में व्यवसायियों को खुलेआम धमकी दे रहे हैं। मंगलवार विद्यालयों में शिक्षक नहीं, अस्पतालों में डॉक्टर नहीं दवाई नहीं, ऑक्सीजन, एम्बुलेंस के अभाव में गरीब मरने को मजबूर है। आयुष्मान योजना को राज्य सरकार ने लगभग ठप कर दिया। बकाए के कारण अस्पतालों ने भर्ती लेना बंद कर दिया है। हेमंत सरकार ने स्थानीय नीति, नियोजन नीति और भाषा विवाद में राज्य को उलझा कर रख दिया है। नगर निकाय चुनाव नहीं होने के कारण आज शहरी क्षेत्र में जनता की समस्याओं की सुध लेने वाला कोई जन प्रतिनिधि नहीं है। पदाधिकारी अपनी मनमानी से व्यवस्था को चला रहे । वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन महीनों से बंद हैं। मईयां योजना भी एक छलावा बन कर रह गया है। इस धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। धरना प्रदर्शन के दौरान भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने झारखंड सरकार पर जमकर निशाना साधा। भाजपा नेताओं ने कहा कि राज्य में विधि व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। सरकार अपने खोखले दावों से जनता को थमने का काम कर रही है। नियोजन संबंधी नीतियों में कोई सामंजस्य नहीं है। राज्य में पलायन को लेकर के कोई नीति निर्धारण नहीं है। बेरोजगारों के लिए रोजगार नहीं है। इस धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष देव कुमार सिंह, रामकुमार सिंह, टुन्नी सिंह, रामाधार राम, निरंजन सिंह, प्रकाश कुमार दास, श्री राम चौरसिया, नागिन सिंह गोपाल सिंह, समेत बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी एवं भारतीय युवा जनता मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे। धरना प्रदर्शन के बाद भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से चतरा जिला उपायुक्त को विज्ञापन सौंपा।

## संक्षिप्त समाचार

### आमजनों की समस्या से रूबरू हुए उपायुक्त, पदाधिकारियों को दिये निर्देश

- जनता की समस्याओं का समाधान हो सबकी प्राथमिकताः उपायुक्त
- कुछ आवेदनों का ऑन द स्पॉट समाधान भी किया गया



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**पाकुड़** -उपायुक्त ने जनता दरबार में आम नागरिकों की समस्याएं सुनी, प्राप्त आवेदनों पर जांचोपरांत यथोचित कार्रवाई को लेकर किया आश्वस्त आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। इसके अलावे जनता दरबार के दौरान जमीन से संबंधित, शिक्षा विभाग से संबंधित, मत्स्य विभाग, कल्याण विभाग, भू अर्जन विभाग, अबुआ आवास आदि से संबंधित मामले से एवं विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करे, ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो।

### प्रोजेक्ट परख 2.0 के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

- छात्रों को नशामुक्ति के प्रति किया गया जागरूक, नशा से होने वाला नुकसान के बारे में बताएं गए



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**पाकुड़**- धरती आबा जनभागीदारी अभियान अंतर्गत प्रोजेक्ट परख 2.0 के तत्वावधान में मानसिक स्वास्थ्य एवं साइकोमेट्रिक प्रोफाइलिंग एंड करियर सह एकेडेमिक सह बिहेवियरल काउंसलिंग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन रविन्द्र भवन टाउन हॉल में किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त मनीष कुमार व जिला शिक्षा पदाधिकारी सुश्री अनीता पुरती ने दीप प्रज्वलित कर किया।

उपायुक्त मनीष कुमार ने छात्रों को कहा कि वह महीने में एक दिन खुद को दें तथा अपने कार्यों का आकलन करें। उन्होंने छात्रों से कहा कि रात्रि में सोने से पहले सोचिए कि आज क्या देखा, क्या सीखा, क्या सोचा। साथ ही जीवन का सबसे अच्छा मूवमेंट, सबसे खराब मूवमेंट क्या रहा है, छात्रों से जानकारी ली। साथ ही उपायुक्त ने बच्चों को प्रेरणादायक वीडियो दिखाकर बच्चों का हौसला अफजाई किया।

### कमज़ोर जनजातीय समूहों के बीच बुनियादी अधिकारों, कल्याणकारी योजनाओं के लिए शिविर आयोजित

- आयोजित शिविर में सेवाओं की संतृप्ति के लिए विभिन्न योजनाओं के लिए लाभुकों को दी गई लाभ



**आदिवासी एक्सप्रेस प्रतिनिधि लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)** प्रखंड लिट्टीपाड़ा के ग्राम पंचायत सचिवालय सूरजबेडा में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत अनुसूचित जनजातीय ग्राम मोहनपुर, सूरजबेडा, जितालपुर, चितलो और कारिपहाड़ी के लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मानिक दास, मुखिया पाकू मुर्मू, ग्राम प्रधान दिनेश टुडू द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया।

आयोजत शिविर में जनजातीय नागरिक को आवश्यक सेवाएं और सम्मान बहाल करने के उद्देश्य से योजनाओं और उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही शिविर के माध्यम से पात्र पीवीटीजी, ट्राइबल परिवार को 5 पैरामीटरों यथा आइडेंटिफिकेशन एंड बेसिक डॉक्यूमेंटेशन के तहत आधार कार्ड, कास्ट एवं डोमिसाइल सर्टिफिकेट, फूड एंड न्यूट्रिशन के तहत राशन कार्ड, पोषण, हैल्थ एंड इंश्योरेंस के तहत पीएम मातृवंदना योजना, टीबीमुक्त भारत, निक्षय पोषण, मिशन इंद्रधनुष के अलावा फाइनेंसियल इंक्लूजन के तहत पीएम जनधन योजना, मुद्रा योजना, वन धन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना के अतिरिक्त एग्रीकल्चर एवं लाइवलीहुड के तहत केसीसी, पीएम किसान, मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं के लाभ से आच्छादित करने के लिए जानकारियां दी गई ओर आवेदन प्राप्त कर कई लाभुकों को ऑन दा स्पॉट लाभ पहुंचाया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) का उद्देश्य जनजातीय नागरिकों को आवश्यक सेवाएं प्रदान कर उनका सम्मान बहाल करना और अंतिम छोर तक पात्र व्यक्ति को उसका हक दिलाना है। आयोजित शिविर में मुख्य रूप से कृषि पदाधिकारी केसी दास,बीपीओ मानिक दास,कमल पहाड़िया,मुखिया पाकु मुर्मू प्रतिनिधि सिलभान किस्कू, सी आई अनिल पहाड़िया पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, बीआरसी दिनेश सहित अन्य मौजूद थे।

# पूर्व विधायक रणधीर के नेतृत्व में भाजपाइयों ने की प्रखंड मुख्यालय के समक्ष एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन

- विधायक रणधीर कुमार सिंह ने चौदह सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय रोष प्रदर्शन करते हुवे राज्यपाल के नाम बीडीओ को ज्ञापन सौंपा

**आदिवासी एक्सप्रेस/**
**कृष्णा गोस्वामी**

**देवघर।** मंगलवार को सारठ - पालोजोरी एवं करमाटांड में भाजपाइयों द्वारा सरकार के द्वारा दमनकारी नीतियों को लेकर सरकार के विपक्ष में बैठी भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा काफ़ी रोष प्रदर्शन व्याप्त करते हुवे देखने को मिला। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जमकर नारेबाजी करते हुवे देखने को मिले। साथ ही उन्होंने गुंगी बहरी निक्कमी सरकार पर तंज कसते हुए कहा की झारखंड के भोले भाले जनताओं को एकमात्र ठगने का काम किया है। वहीं इस मौके पर कार्यक्रम की नेतृत्व कर रहे भाजपा के पूर्व विधायक रणधीर कुमार सिंह ने चौदह सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय



रोष प्रदर्शन करते हुवे राज्यपाल के नाम बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा की साढ़े पांच साल के दरमियान में सिर्फ लोगों का खून चुसने का काम किया है,ना बल्कि काम किया है। वहीं उन्होंने सरकार पर सीधा सीधा निशाना साधते हुए कहा की यह सरकार लोगों को जनकल्याणकारी जैसी योजनाओं को लागू कर अबुआ आवास के साथ साथ एक मईया योजना जैसी लाई गई योजना जो एक दम विफल रही है। 57लाख महिलाओं को सम्मान राशि देने की बात कही गई जिसमें मात्र 32लाख महिलाओं को ही दी गई। बाकी 27 लाख महिलाओं के नाम काटकर उनके साथ घिनौना मजाक करने का काम किया गया है। साथ ही अबुआ आवास के नाम पर लूट मचाने का काम किया है।जो की सरासर निकम्मी सरकार की खामियां देखने को मिल रही है। जबकि वहीं कोयला, बालू, पत्थर जैसे खननों पर अवैध रूप से सरकार की मनमानी देखने को मिल रही हैं। चाहे बिजली की बात हो चाहे वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन की बात हो आज इनकी सरकार गरीबों को तंग की जा रही हैं। जबकि आज बिजली विभाग की लापरवाही चरम सीमा पर वहीं उन्होंने कहा की मेरे कार्यकाल में कभी लोगों को बिजली जैसी परेशानी से निजात दिलाने का काम किया गया।वहीं उन्होंने कहा कि आज मोदी जी के द्वारा दी गई योजनाओं को इस निकम्मी सरकार के द्वारा रोकने का काम की जा रही हैं। चाहे फसल बीमा हो या प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत मिलने वाली योजनाओं को भी इस बेकार सरकार ने रोकने का काम किया है। वहीं उन्होंने दूसरी ओर वर्तमान विधायक पर तंज कसते हुए कहा की आज वर्तमान विधायक से बात करने पर भी लोग कतराते हैं तथा उन्हें किसी काम को लेकर फ़ोन करने पर किसी प्रकार की कोई जवाब नहीं दी जाती है। जिससे आज भी लोग परेशान हैं तथा चाचा भतीजा वाला खेल खेला जा रहा है। जिसको लेकर उन्होंने कहा की सारठ में कितने विधायक हो गये है। जो चाचा के काम को अपनी काम गिनवाने में लगे हुवे है। यही नहीं पूर्व विधायक रणधीर कुमार सिंह ने कहा की आज मनरेगा जैसी खुबसूरत योजनाओं को मशीनों के माध्यम से काम कर गरीब मजदूरों का हक़ हुकूक छीना जा रहा है। जिससे रोजगार के नाम पर यहां के मजदूरों का पलायन हो रहा है। वहीं इस मौके पर संतोष साह, पिंटू हालदार, विक्की भगत, सुशील साधु, रंजीत राय, रामचंद्र यादव, राजू पंडित ,रोशन साह, जितेंद्र राय,सुबल सिंह, त्रिवेणी मंडल, झंटू महरा,भोला राय, शिवम कुमार, रोहित सिंह, गुड्डू सिंह, विपिन कुमार,अयुब मियां,सीताराम मंडल, सरोज यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं मौजूद दिखें।

## कमज़ोर जनजातीय समूहों के बीच बुनियादी अधिकारों, कल्याणकारी योजनाओं के सेवाओं की संतृप्ति के लिए शिविर का हुआ आयोजन

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो**

**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)।** प्रखंड लिट्टीपाड़ा के ग्राम पंचायत सचिवालय सूरजबेडा में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत अनुसूचित जनजातीय ग्राम मोहनपुर, सूरजबेडा, जितालपुर, चितलो और कारिपहाड़ी के लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर का प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मानिक दास, मुखिया पाकू मुर्मू, ग्राम प्रधान दिनेश टुडू द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया।



आयोजत शिविर में जनजातीय नागरिक को आवश्यक सेवाएं और सम्मान बहाल करने के उद्देश्य से योजनाओं और उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया साथ ही शिविर के माध्यम से पात्र पीवीटीजी, ट्राइबल परिवार को 5 पैरामीटरों यथा आइडेंटिफिकेशन एंड बेसिक डॉक्यूमेंटेशन के तहत आधार कार्ड, कास्ट एवं डोमिसाइल सर्टिफिकेट, फूड एंड न्यूट्रिशन के तहत राशन कार्ड, पोषण, हैल्थ एंड इंश्योरेंस के तहत पीएम मातृवंदना योजना, टीबीमुक्त भारत, निक्षय पोषण, मिशन इंद्रधनुष के अलावा फाइनेंसियल इंक्लूजन के तहत पीएम जनधन योजना, मुद्रा योजना, वन धन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना के अतिरिक्त एग्रीकल्चर एवं लाइवलीहुड के तहत केसीसी, पीएम किसान, मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं के लाभ से आच्छादित करने के लिए जानकारियां दी गई ओर आवेदन प्राप्त कर कई लाभुकों को ऑन दा स्पॉट लाभ पहुंचाया गया।

मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) का उद्देश्य जनजातीय नागरिकों को आवश्यक सेवाएं प्रदान कर उनका सम्मान बहाल करना और अंतिम छोर तक पात्र व्यक्ति को उसका हक दिलाना है।

## सफलताः मनीरामपुर गांव के असीबुर रहमान बनेंगे आईआईटियन (IITian), गेट में हासिल की शानदार रैंक

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**



**पाकुड़।** जिले के पाकुड़ प्रखंड के मनीरामपुर गांव के होनहार छात्र असीबुर रहमान ने GATE 2025 में ऑल इंडिया रैंक (AIR) 529 हासिल कर अपने जिले और गांव का नाम रोशन किया है. और अब उन्हें आईआईटी आई एस एम धनबाद (IIT ISM DHANBAD) में दाखिला के लिए चुना गया है। असीबुर रहमान के इस शानदार प्रदर्शन से क्षेत्र में खुशी की लहर है और उन्हें लगातार बधाइयाँ मिल रही है.

विदित हो कि अब तक ज्ञात सूचना के अनुसार पाकुड़ प्रखंड के ग्रामीण इलाकों से , यह पहला आईआईटियन बनेंगे।

***GATE: एक कठिन परीक्षा***

GATE परीक्षा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (IITs) और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में M TECH के विभिन्न विषयों में मास्टर डिग्री में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है. यह परीक्षा पूरे देश में हज़ारों छात्रों द्वारा दी जाती है और इसमें सफलता प्राप्त करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य होता है.

GATE की कठिनाई का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इसमें देशभर से हजारों छात्र भाग लेते हैं, लेकिन केवल चोटी के कुछ हज़ार छात्रों को ही शीर्ष संस्थानों में प्रवेश मिलता है.

***असीबुर रहमान की सफलता की कहानी***

असीबुर रहमान, जो कि मो. जियाउर रहमान के पुत्र हैं, एक निम्न-माध्यम वर्गीय परिवार से आते हैं, ने बचपन से ही पढ़ाई और टैक्नोलॉजी में गहरी रुचि दिखाई. प्रारंभिक पढ़ाई की शुरुआत गांव के ही एक निजी सी डी सी स्कूल से कर , माध्यमिक और इंटर की पढ़ाई डी ए वी,पाकुड़ से पूरी की। इसके बाद उन्होंने आसनसोल इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक की पढ़ाई पूरी की। तत्पश्चात रांची में रहकर एक साल तक गेट (GATE) परीक्षा की तैयारी की ।उन्होंने कठिन परिश्रम और दृढ़ निश्चय से यह मुकाम हासिल करने की कोशिश की . उनके इस सफर में परिवार,दोस्तो का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिन्होंने हर परिस्थिति में उनका साथ दिया.

असीबुर रहमान ने विनम्रता से कहा कि मैं इस परीक्षा की सफलता का सारा श्रेय अपने मालिक को देता हूं । फिर उन्होंने बताया कि इस परीक्षा की तैयारी के दौरान उन्होंने नियमित रूप से 8-10 घंटे पढ़ाई की और कठिन विषयों पर विशेष ध्यान दिया. उनकी सफलता से यह साबित होता है कि सही रणनीति और निरंतर परिश्रम से कोई भी बड़ी से बड़ी उपलब्धि हासिल की जा सकती है.द्व

***शिक्षकों और परिवार में खुशी की लहर....***

असीबुर रहमान की इस सफलता से उनके गुरुजन,माता-पिता, और गांव के लोग बेहद खुश हैं.

उनके शिक्षकों ने भी असीबुर रहमान की मेहनत और लगन की सराहना की और कहा कि उनकी यह सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा बनेगी.

***संदेश अन्य विद्यार्थियों के लिए***

असीबुर रहमान की यह सफलता उन सभी छात्रों के लिए प्रेरणा है, जो उच्च शिक्षा और प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश का सपना देखते हैं. उन्होंने कहा, अगर आप मेहनत और लगन से पढ़ाई करें, तो कोई भी मंज़िल मुश्किल नहीं होती. सही रणनीति, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है.

असीबुर रहमान की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे पाकुड़ जिले के लिए गर्व का विषय है. उनकी मेहनत और लगन ने यह साबित कर दिया कि अगर संकल्प मजबूत हो,तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं. उनकी सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी और कई छात्रों को GATE जैसी कठिन परीक्षाओं के लिए प्रोत्साहित करेगी.

## हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चलो धरनी बाबाधाम कार्यक्रम को सफल करने के लिए गोपीनाथ के ग्रामीणों ने किया बैठक

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो**

**पाकुड़।** जिला परिषद पिंकी मंडल जी के नेतृत्व में गोपीनाथपुर के ग्राम वासियों के सहयोग से हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी चलो धरनी बाबाधाम कार्यक्रम को करने के लिए एक अहम बैठक की गई। जिसमें कार्यक्रम के आयोजन को लेकर कई प्रकार के योजनाओं पर चर्चा की गई। वहीं आयोजन के निवेदक रंकुश मंडल ने कहा श्रावण मास के सोमवार के शुभ अवसर पर नर सेवा



नारायण सेवा के साथ इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पूरे तीर्थ क्रम में रास्ते भर उक्त धरनी बाबाधाम स्थान तक विभिन्न जीवन दर्शनों पर मनोरम प्रकृति स्थलों से शिव भक्तों को जोड़ते हुए भक्ति में माहौल के साथ-साथ लोगों के बीच एक समन्वय स्थापित करना है। साथ ही बैठक में इस बार दिनांक 21 अगस्त 2025 को यह कार्यक्रम किया जाना तय किया गया है। वही मौके पर बैठक में गीता मंडल, रिंकु मंडल, बिपलब मंडल, प्रदीप मंडल, बामाचरण मंडल,पलाश चंद्र सरकार, चंद्रकांत मंडल, दयाल मंडल, रामचंद्र दास, प्रदीप दास, अनूप दास एवं अन्य कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## बाल संरक्षण को लेकर जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ

- कार्यक्रम में बाल संरक्षण इकाई पाकुड़ एवं गैर सरकारी संस्था एसजीवीवी एवं सीजन फाउंडेशन रांची के संयुक्त तत्वाधान में हुआ

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो**

**पाकुड़।** जिला बाल संरक्षण इकाई पाकुड़ एवं गैर सरकारी संस्था एसजीवीवी एवं सृजन फाउण्डेशन, रांची के संयुक्त तत्वाधान में डीआरडीए सभागार सभाकक्ष में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी की अध्यक्षता में झारखंड आफ्टर केयर मार्गदर्शिका, 2023 विषय से संबंधित जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बतौर प्रशिक्षक संस्था के कार्यक्रम समन्वयक संजय कुमार ने बताया कि 14 वर्ष की आयु पूर्ण वैसे बालक, जो दीर्घकालीन बाल देखभाल संस्थान में आवासित हैं, ऐसे बच्चों को व्यक्तिगत देखभाल योजना के



अनुसार जरूरतमंद बालकों का आफ्टर केयर सेवाओं से आच्छादित करने की प्रक्रिया आरंभ की जा सकती है। प्रशिक्षक सुतापा रुईदास ने बताया कि वैसे बालक, जिन्होंने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो और उन्हें देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता हो तो ऐसे बालक को जिला बाल संरक्षण इकाई के माध्यम से चिन्हित कर मूलभूत सुविधाओं से जोड़ा जाए ताकि वह एक जिम्मेदार नागरिक बन सके और सामान्य जीवन व्यतीत कर सके। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि संस्थागत एवं गैर संस्थागत देखभाल सेवा से आच्छादित वैसे बच्चे, जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो गई हो तथा आर्थिक कठिनाई के कारण आगे की पढ़ाई लिखाई जारी रखने में असमर्थ हो तो वैसे बालकों या किशोरों को आफ्टर केयर मार्गदर्शिका 2023 के तहत आर्थिक सहायता के रूप में 4 हजार प्रतिमाह दिए जाने का प्रावधान है।

कार्यक्रम के दौरान किशोर न्याय बोर्ड के सभी सदस्य, जिला बाल संरक्षण इकाई के सभी पदाधिकारी, चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर एवं परामर्शी, बल देखभाल संस्थान के अधीक्षक, परामर्शी एवं केस वर्कर , एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट एसोसिएट, पिरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर, NGO झारखंड विकास परिषद, अमड़ापाड़ा के कार्यक्रम समन्वयक एवं बाल संरक्षण मुद्दे पर कार्य कर रहे पारा लीगल वालीटीयर्स मौजूद थे।

## तेज़ रफ़्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई, 4 महिलाएं 4 बच्चें सहित तीन पुरुष हुवे गंभीर रूप से घायल सभी किए गए रेफर

**रामगढ़ बंगाली टोला के एक ही परिवार के सभी लोग देवघर से पूजा कर लौट रहे थे**

**देवघर से कृष्णा गोस्वामी**
**पालोजोरी**

पालोजोरी जामताड़ा मुख्य मार्ग 114 पर मंगलवार को करीब 12 बजे के आसपास खागा थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर के टर्निंग पॉइंट के पास एक ज़ोरदार टक्कर हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन बूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है।उसमें सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि वहीं घटना के संबंध में लोगों ने बताया की स्कार्पियो चालक अपनी



अनियंत्रण खो जाने के कारण सड़क किनारे पेड़ पर जोरदार टक्कर दे मारी जिसमें सभी लोग घायल हो गए हैं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को पहले इलाज के लिए पालोजोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही खागा पुलिस सक्रिय अवस्था में अपनी तत्परता दिखाते हुवे देखने को मिलें। जबकि उन्होंने फोरन सभी घायलों के साथ पालोजोरी सीएचसी पहुंचाने का काम किया। वहीं घायलों में सत्यम कुमार उम्र 12 वर्ष, आरव कुमार उम्र 9 वर्ष, जीत कुमार उम्र 11 वर्ष, जिज्ञासा कुमारी उम्र 13 वर्ष, उषा देवी पति विजय यादव उम्र 45 वर्ष, खुशबू कुमारी पति विजय प्रकाश यादव उम्र 35 वर्ष स्नेहा कुमारी पति जितेंद्र यादव उम्र 40 वर्ष,विजय यादव उम्र 40वर्ष, आंचल कुमारी पिताजी जितेंद्र यादव उम्र 22 वर्ष है। जिसमें 4 छोटे छोटे बच्चे के साथ साथ महिला पुरुष मिलाकर कुल लगभग 11 लोग स्कॉर्पियो में सवार थे। जबकि 2 महिला व 2 बच्चें सहित अन्य गंभीर लोगों को ऑक्सीजन सिलिंडर के सहायता के साथ दुमका रेफर किया गया। वहीं 2व्यक्ति एवं 2 बच्चों की हालत काफ़ी नाजुक बनीं हुई हैं। वही इस घटना में परिजनों से फोन पर बातचीत में उन्होंने बताया कि सभी लोग बंगाली टोला रामगढ़ के निवासी विजय यादव व अपने पत्नी के साथ देवघर पूजा करने आए हुवे थे। इसी दौरान सभी लोग इस हादसे के शिकार हो गए। जिसमें आधा से अधिक लोगों की स्तिथि नाजुक बनी हुई है। वहीं ख़बर लिखे जाने तक सभी का इलाज़ फूलों झानो अस्पताल में की जा रही थी।

# परमाणु आपदा का गहराया संकट

## विचार

"परमाणु बिजली बनाने के लिए 3-5 प्रतिशत का यूरेनियम संवर्धन पर्यापत होता है, लेकिन हथियार बनाने के लिए यूरेनियम-235 संवर्धन की जरूरत होती है। यह हमले जिस तादाद में किए गए हैं, उससे बड़े पैमाने पर परमाणु विकिरण रिसाव की आशंका जताई जा रही है। परमाणु बम युद्ध में इस्तेमाल किए जाने वाले पारंपरिक विस्फोटकों और रसायनों से भिन्न होते हैं। ये बहुत कम समय में बहुत अधिक मात्रा में ऊर्जा छोड़ते हैं, यह ऊर्जा अनेक कड़ियों में रसायनिक प्रक्रियाएं आरंभ कर देती हैं। जो व्यापक और दीर्घकालिक क्षति पहुंचा सकती है। परमाणु हथियार कुछ ही पलों में बड़ी मात्रा में ऊर्जा छोड़ते हैं, जो आसपास के वायुमंडल को लाखों डिग्री सेल्सियस तक गरम कर देती हैं।"

**प्रमोद भार्गव**

ईरान के एक साथ तीन परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले से परमाणु रिसाव होता है तो बहुत बड़े भू-गर्भ और भूमि क्षेत्र पर विकिरण का खतरा पैदा हो सकता है। यह हमला ईरान के परमाणु संवर्धन प्रतिश्ठान फोर्दो, नतांज और इस्फहान पर अत्याधुनिक बी-2 घातक बम गिराए गए हैं। इन बमों को सटीक निषाने पर दागने के लिए अमेरिकी पनडुब्बियों ने पहले दो मिसाइलों से बम गिराए, जिससे बंकर बस्टर बमों के लिए मैदान साफ हो जाए। इसके बाद बमवर्षकों ने आसमान से एक के बाद एक 14 जीबीयू-57 बी बंकर बस्टर दाग दिया। इस पूरे अभियान को नतीजे तक पहुंचाने के लिए अमेरिका ने 15 युद्धक विमानों का इस्तेमाल किया। उपग्रह द्वारा निर्देशित 2400 किलो परमाणु विस्फोटक साथ ले जाने वाला यह बम जमीन में घूमता हुआ 60 मीटर गहराई तक जाने के बाद विस्फोट करके अपने लगक्ष्य को साधने में सफल हो जाता है। अमेरिका ने तीनों ठिकानों पर 14000 किलो विस्फोटक वाले बम गराए हैं। बावजूद ईरान ने हमले को स्वीकारते हुए कहा है कि हमें ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। लेकिन परमाणु हथियारों में रिसाव होता है तो बड़ी मात्रा में विकिरण फैल सकता है। अमेरिका ने जिन तीन परमाणु स्थलों पर हमला किया है, वह सभी ईरान के प्रमुख यूरेनियम संवर्धन ठिकाने हैं। यहां संयंत्रों में प्राकृतिक यूरेनियम को अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम में बदला जाता है। इसी यूरेनियम को प्रयोग परमाणु बम में किया जाता है। परमाणु बिजली बनाने के लिए 3-5 प्रतिशत का यूरेनियम संवर्धन पर्यापत होता है, लेकिन हथियार बनाने के लिए यूरेनियम-235 संवर्धन की जरूरत होती है। यह हमले जिस तादाद में किए गए हैं, उससे बड़े पैमाने पर परमाणु विकिरण रिसाव की आषंका जताई जा रही है। परमाणु बम युद्ध में इस्तेमाल किए जाने वाले पारंपरिक विस्फोटाकों और रसायनों से भिन्न होते हैं। ये बहुत कम समय में बहुत अधिक मात्रा में ऊर्जा छोड़ते हैं, यह ऊर्जा अनेक कड़ियों में रसायनिक प्रक्रियाएं आरंभ कर देती हैं। जो व्यापक और दीर्घकालिक क्षति पहुंचा सकती है। परमाणु हथियार कुछ ही पलों



में बड़ी मात्रा में ऊर्जा छोड़ते हैं, जो आसपास के वायुमंडल को लाखों डिग्री सेल्सियस तक गरम कर देती हैं। इस विस्फोट से अनेक प्रकार के विद्युत चुंबकीय विकिरण फैल जाते है, जो अत्यंत घातक होते हैं। हालांकि ईरान के इन ठिकानों में रखे परमाणु हथियारों में विस्फोट की कोई आषंका नहीं है। क्योंकि विस्फोट के लिए परमाणु उपकरणों का सहारा लेना पड़ता है। जो हमलों से संभव नहीं है, लेकिन इनमें रिसाव हो जाता है तो ऐसे में रासायनिक और रेडियोलाजिकल रिसाव दोनों ही संकट में डालने वाले होते है। रेडियोलाजिकल रिसाव 1996 में रूस के चेर्नोबिल और 2011 में तूफान आने से जापान के फुकुशिमा में हुआ था। अतएव हमलों के कारण परमाणु विकिरण रिसाव की आशंका बनी हुई है। अमेरिका का यह हमला नटखट बालक की जिद की तर्ज पर उस हद से बाहर चला गया है, जो दुनिया के अंतरराष्ट्रीय कानून और अपने ही देश के कानूनों की परवाह नहीं करता है। इसीलिए अमेरिका के भीतर इस परमाणु हमले को लेकर अमेरिकी जनमत विभाजित दिखाई दे रहा है। दरअसल किसी देश पर हमला करने के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिकी संसद में हमले का प्रस्ताव लाकर अनुमोदन की जरूरत थी। परंतु उन्होंने इस प्रक्रिया पर अमल नहीं किया। जबकि अमेरिका की ही बात करें तो अप्रैल 2003 में ईराक पर अमेरिका ने सद्दाम हुसैन को सत्ता से बेदखल के लिए हमला किया था तब तत्कालीन राष्ट्रपति बुश ने संसद से मंजूरी ली थी। इसलिए ट्रंप के समर्थकों के साथ विपक्ष भी नाराज है। अंतरराष्ट्रीय कानून परमाणु बम के उपयोग को मानवता के विरुद्ध अमानुशिक कृत्य मानते हैं। इनके उपयोग के बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिशद (यूएनएससी) के कठोर आर्थिक व राजनीतिक प्रतिबंधों का सामना भी करना पड़ता है। लेकिन जितनी भी अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं हैं, वे सब अमेरिका या अन्य पशिचमी देशों के दबाव में रहती हैं। यही देश इन संस्थानों को चलाने के लिए धन मुहैया कराते हैं और इन्हीं देशों के लोग इन संस्थानों के सदस्य होते हैं, इसलिए यहां पक्षपात साफ दिखाई देता है। अतएव ईरान में परमाणु विकिरण फैल भी जाए, तब भी अमेरिका के विरुद्ध कोई प्रतिबंध लगाना असंभव है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने तो कहा है कि यह संघर्ष बड़ा रूप ले सकता है। अतएव संकट का कूटनीतिक हल निकालना जरूरी है। इसलिए ईरान का परमाणु कार्यक्रम रोकना जरूरी है। उसे समझौते के लिए बात करनी चाहिए। दूसरी तरफ ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि अमेरिका ने लक्ष्मण रेखा पार कर ली है, कूटनीति का समय समाप्त हो गया है, अतएव ईरान को अपनी रक्षा करने का अधिकार है। साफ है, तनाव और युद्ध फिलहाल बने रहेंगे। ईरान ने अमेरिकी सहयोग से 1957 में परमाणु कार्यक्रम शुरू किया था। 1970 में परमाणु बिजली घर बना लिया था। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद अमेरिका ने ईरान को सहयोग करना बंद कर दिया। बावजूद पश्चिमी देश ईरान पर परमाणु बम बना लेने का आरोप लगाते रहे। परमाणु अप्रसार संधि में शामिल होने के बाद भी ईरान पर शंकाएं की जाती रहीं। इजरायल ने जासूसी करके कुछ ऐसे सबूत जुटाए, जिनसे यूरेनियम संवर्धन की आशंका मजबूत हुई। 2000 में वैश्विक परमाणु निरीक्षकों को नतांज में सवंर्धित यूरेनियम मिला। हालांकि ईरान ने पहले संवर्धन रोक दिया था, लेकिन इजरायल की बढ़ती सामरिक क्षमता के चलते उसने गुपचुप परमाणु कार्यक्रम शुरू कर दिया था। इस कारण ईरान पर पश्चिमी देशों ने यह कहते हुए अनेक आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए थे कि ईरान परमाणु बम बनाने के निकट पहुंच गया है। बाद में कई साल चली वार्ता के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने प्रतिबंध हटा लिए थे। इस समझौतें में ईरान को असैन्य यूरेनियम संवर्धन को 3.67 प्रतिशत तक रखना मान्य कर लिया था। लेकिन 2018 में जब डोनाल्ड ट्रंप पहली बार राष्ट्रपति बने तो उन्होंने समझौते से हाथ खींच लिए और ईरान पर कई प्रतिबंध लगा दिए। 2023 में आईएईए ने कहा कि ईरान में 83.7 प्रतिशत शुद्धता के यूरेनियम कर्ण मिले हैं और उसके पास 128.3 किलो संवर्धित यूरेनियम है। मई 2025 में आईएईए ने दावा किया कि ईरान के पास 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम की मात्रा 408 किलो है। इससे 9 परमाणु बम बनाए जा सकते है। इसे ही नश्ट करने को लेकर इजरायल ने ईरान पर हमला किया और अब अमेरिका इस लड़ाई में कूंद पड़ा है। अब यह लड़ाई बर्बादी के किस मुकाम पर पहुंचती हैं, कुछ कहा नहीं जा सकता है।

## संपादकीय

# सफाई की वजह से मजदूरों की मौत

यह एक बड़ी विडंबना है कि आज जब हम अर्थव्यवस्था की ऊंचाइयों को हासिल करने के दावे कर रहे हैं, उसमें आए दिन सीवर की सफाई करते लोगों की मौत की खबरें आती हैं। उत्तर प्रदेश के वृंदावन में सीवर की सफाई करने उतरे दो मजदूरों की मौत ने फिर यही दर्शाया है कि आर्थिक विकास के आंकड़ों की चकाचौंध में समाज के सबसे कमजोर तबकों की फिक्रकरना जरूरी नहीं समझा जाता है। शनिवार को एक ठेकेदार के कहने पर सीवर की सफाई के लिए उसमें उतरे दो मजदूरों की जहरीली गैस की चपेट में आकर मौत हो गई। मामले के तूल पकड़ने के बाद प्रशासन की ओर से इस संबंध में मामला दर्ज किए जाने और मुआवजा देने के आश्वासन जैसी औपचारिकताएं पूरी की गईं। मगर यह समझना मुश्किल है कि इस तरह सीवर की सफाई कराने पर रोक के बावजूद संबंधित सरकारी महकमे आखिर किन वजहों से पारंपरिक तरीकों से सीवर की सफाई और उसमें मरने वालों की त्रासदी की लगातार अनदेखी करते रहे हैं! आखिर क्या वजह है कि सीवर में सफाई करने उतरे मजदूरों की जोखिम भरी जिंदगी और इस काम में उनके अस्तित्व और गरिमा के सवाल पर सोचना हमें जरूरी नहीं लगता? इस मसले पर शीर्ष अदालत के स्पष्ट निर्देश और तीखी टिप्पणियों के बावजूद सरकारों ने शायद ही कभी निजी ठेकेदारों के खिलाफ सख्ती बरतने, किसी की जिम्मेदारी तय करने और सीवर में जोखिम भरे हालात में किसी इंसान को उतारने पर रोक को लेकर गंभीरता दिखाई हो। नतीजा यही है कि आजादी के सात दशक बाद आज भी अक्सर सीवर की सफाई के लिए उसमें उतरे मजदूर अपनी जान गंवा रहे हैं। विचित्र है कि एक ओर विज्ञान और तकनीक की उपलब्धियों की बदौलत कृत्रिम मेधा से सभी काम आसान होने और अंतरिक्ष तक में अनुसंधान की नई ऊंचाई छूने के दावे किए जा रहे हैं, दूसरी ओर अमानवीय हालात में कुछ लोगों को अपनी जान जोखिम में डाल कर सीवर में घुस कर उसकी सफाई करनी पड़ रही है। क्या ऐसा इसलिए हो पा रहा है कि इस समस्या के पीड़ित आमतौर पर समाज के सबसे कमजोर तबके से आते हैं?

# राहुल से नहीं आतंकवाद से लड़ें

**ब्यूरो**

देश के किसी भी दुश्मन से लड़ने का काम, चाहे वह सेना हो या आतंकवादी, सरकार और सेना का होता है। लेकिन देश की सत्ता पर काबिज भाजपा पहलगाम में हुए हमले के जिम्मेदार आतंकियों के साथ लड़ने की बजाय कांग्रेस एवं लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी से लड़ रही है। देश भर में भाजपा ने पूरे देश में मुस्लिमों के खिलाफ़ एक तरह से अभियान छेड़कर भारत का एक विभाजित समाज के रूप में परिचय देने का काम किया है, वहीं राहुल पर हमला कर उसने यह भी संदेश दिया है कि देश में राजनीतिक एकता भी नहीं है। लाजिमी है कि इसका लाभ दुश्मन देश को ही मिलेगा। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को चाहिये कि उसे अपनी इस क्षुद्र लड़ाई को बाद के लिये छोड़ देनी चाहिये। फिलहाल यह देश की सामाजिक व राजनीतिक ऐका दिखाने का वक्त है, न कि यह संदेश देने का कि सियासी दलों को आपसी सिर-फुटौव्वल से लड़ने से ही फुरसत नहीं है। लम्बे समय के बाद राहुल गांधी मंगलवार व बुधवार को अमेठी तथा रायबरेली लोकसभा क्षेत्रों के दौरे पर पहुंचे थे। उनके आने के पहले दोनों जगहों पर उनके खिलाफ़ पोस्टर लगाये गये जिनमें उन्हें 'आतंकियों का साथी' बताया गया तो किसी में उन्हें जातिवाद के आधार पर देश को तोड़ने वाला करार दिया गया। कुछ पोस्टरों में कांग्रेस पर आतंकियों व पाकिस्तान की भाषा बोलने का आरोप लगाया गया है। एक भाजपायी नेता ने अपनी तस्वीर के साथ इस आशय के पोस्टर लगाये कि राहुल व कांग्रेस जातिवाद के आधार पर देश को तोड़ेगी तो भाजपा राष्ट्रवाद के आधार पर जोड़ेगी। भाजपा से इसलिये उम्मीद लगानी स्वाभाविक है क्योंकि केन्द्र सरकार का



नेतृत्व वही करती है। इस नाते उसे इस मसले पर गम्भीर होने की ज़रूरत है, लेकिन जिस प्रकार से इस समय देश के अलग-अलग हिस्सों में मुसलमानों के साथ मारपीट व दुर्व्यवहार हो रहा है, राहुल के साथ उसका सलूक वैसा ही गैर जिम्मेदाराना है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष तथा सांसद अखिलेश यादव के साथ भी कुछ कुछ ऐसी ही बदसलूकी कर रही है क्योंकि सपा के साथ बड़ी तादाद में मुसलमान हैं तथा भाजपा उनके खिलाफ है। देश के अनेक राज्यों से मुसलमानों को धमकियां देने, उनके साथ मारपीट करने, कश्मीरी छात्रों को शहर छोड़कर जाने की धमकियां देने तथा एक-दो हत्याओं से लगता है कि उग्र राष्ट्रवाद को इन सबसे संतोष नहीं मिल रहा है। सो आलोचना की तोप राहुल की तरफ़ मोड़ दी गयी है। जातिवाद के जरिये राहुल-कांग्रेस पर देश को तोड़ने का आरोप दरअसल उनकी जातिगत जनगणना की मांग से जुड़ा है। हालांकि बुधवार को हुई केबिनेट बैठक में सरकार ने फैसला लिया है कि वह जातिगत जनगणना कराएगी। मगर अपनी बौखलाहट में राहुल पर आक्रमण करती भाजपा को भूलना नहीं चाहिये कि राहुल व कांग्रेस परिवार के दो लोगों की हत्याएं आतंकवादियों ने ही की हैं। भाजपा के जो लोग इस पोस्टर वॉर का हिस्सा हैं या उसे अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन दे रहे हैं, वे इस बात को भी भूलते हैं कि विपक्षी नेताओं में सबसे पहले राहुल तथा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ऐलान किया था कि वे सरकार के साथ पूरी तरह से खड़े हैं और सरकार जो भी निर्णय लेगी, वे उसका समर्थन करेंगे। राहुल ने ही सबसे पहले कश्मीर का दौरा किया और साफ किया कि चाहे जो चूक हुई हों, वे सरकार से अभी कोई सवाल नहीं करेंगे। इसके बरक्स प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रवैये से निराशा हुई है। सऊदी अरब का दौरा छोड़कर लौटे मोदी से उम्मीद थी कि वे तुरन्त कश्मीर जायेंगे। उनसे यह भी अपेक्षा थी कि वे सर्वदलीय बैठक का नेतृत्व करेंगे। आश्चर्य ही नहीं यह दुख की बात है कि उन्होंने बैठक में भाग लेने की बजाय बिहार की रैली में जाना उचित समझा जहां इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव होने जा रहा है। इतना ही नहीं, कार्यक्रम के मंच पर उनके तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की हंसी-ठिठोली करते वीडियो सामने आये थे जो इस बात को साबित करने के लिये काफी हैं कि उन्होंने इस घटना को कितने हल्के में लिया है। अलबत्ता, उन्होंने मृतकों के प्रति संवेदना स्वरूप सभी से कुछ पलों का मौन धारण कराया था। जनता को यह भी उम्मीद थी; और अब भी है कि वे संसद के दोनों सदनों का कम से कम एक दिन का विशेष सत्र बुलायें जिसमें वे सरकार के कदमों की देश को जानकारी दें। उन्हें देशवासियों को आश्वस्त करना चाहिये कि आईंदा ऐसी दुखद घटनाएं न हों उसके लिये सरकार पुख्ता कदम उठायेगी। राष्ट्र के नाम टीवी पर वे संदेश तो दे ही सकते थे, लेकिन उन्होंने इस विषय के लिये हर माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को चुना। एक ओर तो सरकार अपने कर्तव्यों से पूरी तरह से सायास विमुख रही है तो वहीं दूसरी ओर विपक्ष, खासकर राहुल जिम्मेदार नेता की तरह बर्ताव कर रहे हैं। ऐसे में उन पर हमला तर्कसंगत नहीं है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) प्रवेश परीक्षा कक्षा 6 की तैयारी कैसे करें

**विजय गर्ग**

जवाहर नवोदय विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए माता-पिता और छात्रों द्वारा एक पसंदीदा स्कूल है। प्रवेश के लिए, छात्रों को जेएनवीएसटी प्रवेश परीक्षा पास करने की आवश्यकता है यह छात्रों की मानसिक क्षमता, अंकगणित (गणित) और भाषा की समझ का परीक्षण करता है। जेएनवी प्रवेश परीक्षा कक्षा 6 2 घंटे लंबी है और इसमें 80 एमसीक्यू आधारित प्रश्न हैं। ये स्कूल सीबीएसई पाठ्यक्रम का पालन करते हैं और छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अच्छे बुनियादी ढांचे और सुविधाएं प्रदान करते हैं। इसलिए उच्च प्रतिस्पर्धा है। प्रवेश के लिए उच्च प्रतियोगिता से आगे निकलने के लिए जेएनवी प्रवेश कक्षा 6 की तैयारी करने का तरीका जानने के लिए इस लेख का पालन करें। हर साल जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए लाखों छात्र आवेदन करते हैं। कक्षा 5 में लगभग 25 लाख बच्चे जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा हर साल लेते हैं। हालांकि, हर एक जेएनवी स्कूल में केवल लगभग 80 सीटें उपलब्ध हैं, और लगभग 2,87,967 छात्रों को नवोदय विद्यालयों में स्वीकार किया जाता है। सीमित संख्या में सीटों के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाले आवेदकों की इतनी बड़ी संख्या के साथ, आपके लिए यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण हो जाता है कि आपका बच्चा जेएनवी प्रवेश परीक्षा के लिए उचित मार्गदर्शन और तैयारी प्राप्त करे। जेएनवी नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए, कक्षा 6 के छात्रों को सही रणनीतियों का पालन करना चाहिए, संदेह को हल करना चाहिए, और परीक्षा को खाली करने के लिए पिछले वर्ष के प्रश्न पत्र का प्रयास करना चाहिए। कक्षा 6 की तैयारी के लिए जेएनवी प्रवेश परीक्षा को आसान बनाने के लिए, कुछ चरणों और युक्तियों का उल्लेख नीचे किया गया है, जो तैयारी के लिए विभिन्न बिंदु हैं। जेएनवी प्रवेश परीक्षा कक्षा 6 को क्रैक करने के लिए चरण-दर-चरण मार्गदर्शिका का पालन करें। 1 नवोदय परीक्षा पैटर्न को समझें जेएनवी परीक्षा पैटर्न को समझना कक्षा 5 के उन छात्रों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है जो नवोदय कक्षा 6 में प्रवेश लेना चाहते हैं। अनुभाग- प्रश्न पत्र को तीन खंडों में विभाजित किया गया हैःमानसिक क्षमता परीक्षण अंकगणित परीक्षण भाषा परीक्षण टेस्ट अवधिः पूरी परीक्षा 2 घंटे और 30 मिनट तक चलती है। अधिकतम अंकः परीक्षा के लिए कुल अधिकतम अंक 200 हैं। भाषाः वर्ष 2025 के लिए एनवीएस कक्षा 6 की परीक्षा तीन भाषाओं - अंग्रेजी, हिंदी और प्रत्येक राज्य की संबंधित क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित की जाएगी।

**मानसिक क्षमता परीक्षण :** 80 अंक अंकगणित परीक्षण, 40 अंक भाषा परीक्षण, 80 अंक 2.। सिलेबस पूरा करें जेएनवी कक्षा 6 प्रवेश परीक्षा के लिए परीक्षा पैटर्न को समझें, जेएनवी पाठ्यक्रम के माध्यम से सावधानीपूर्वक जाना महत्वपूर्ण है। चूंकि परीक्षा के प्रश्न कक्षा 5 के पाठ्यक्रम पर




आधारित हैं, इसलिए आपके पास पहले से ही अपने पिछले वर्ष के अध्ययनों से एक अच्छी नींव है। अपनी ताकत और कमजोरियों की पहचान करने और तदनुसार तैयार करने के लिए यहां कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए हैं।

**पाठ्यक्रम को संशोधित करें:** सभी तीन वर्गों के लिए पाठ्यक्रम के माध्यम से जाएं - मानसिक क्षमता परीक्षण, अंकगणित परीक्षण और भाषा परीक्षण। प्रत्येक अनुभाग में शामिल विषयों के साथ खुद को परिचित करें।

**अपने ज्ञान का मूल्यांकन करें:** जैसा कि आप पाठ्यक्रम की समीक्षा करते हैं, अपना आकलन करें प्रत्येक विषय की समझ। उन क्षेत्रों की पहचान करें जहां आप आत्मविश्वास महसूस करते हैं और जिन्हें आप चुनौतीपूर्ण पाते हैं।

**एक सूची बनाएं:** अपने मजबूत और कमजोर क्षेत्रों की एक सूची बनाएं। यह आपको अपनी तैयारी को प्राथमिकता देने और आपके साथ संघर्ष करने वाले विषयों के लिए अधिक समय आवंटित करने में मदद करेगा।

**कमजोर क्षेत्रों के लिए मदद लें:** उन विषयों के लिए जिन्हें आप मुश्किल पाते हैं, अपने शिक्षकों, या माता-पिता से मदद लेने में संकोच न करें, या कोचिंग संस्थान में शामिल होने पर विचार करें। वे आपको अतिरिक्त सहायता, अभ्यास सामग्री और मार्गदर्शन प्रदान कर सकते हैं।

**अपनी ताकत का अभ्यास करें:** अपनी कमजोरियों पर ध्यान केंद्रित करते समय, अपनी ताकत की उपेक्षा न करें। अपनी प्रवीणता बनाए रखने के लिए उन विषयों का अभ्यास करना और उन्हें सुदृढ़ करना जारी रखें जो आप अच्छे हैं। 3 जेएनवी प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन कक्षाएं लें जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) प्रवेश परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन की गई सस्ती ऑनलाइन कक्षाएं। अनुभवी संकाय, एक व्यापक पाठ्यक्रम, इंटरैक्टिव सत्र, व्यक्तिगत ध्यान और नियमित मूल्यांकन के साथ, ये ऑनलाइन कक्षाएं छात्रों को प्रतिस्पर्धी जेएनवी परीक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए विशेषज्ञ मार्गदर्शन और एक लचीला सीखने का माहौल प्रदान करती हैं। 4 प्रैक्टिस जेएनवी पिछले साल के प्रश्न पत्र नमूना पत्रों के साथ अभ्यास करना वास्तव में जेएनवीएसटी (जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा) परीक्षा की तैयारी का सबसे अच्छा तरीका है। नमूना पत्रों को हल करने से कई लाभ मिलते हैं।

**प्रश्न पैटर्न के साथ परिचित :** नमूना पत्र छात्रों को वास्तविक परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों के प्रकारों से परिचित कराते हैं, जिससे उन्हें प्रारूप और संरचना को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलती है। समय प्रबंधनः समयबद्ध परिस्थितियों में नमूना पत्रों के साथ अभ्यास करने से छात्रों को समय प्रबंधन कौशल विकसित करने में मदद मिलती है, जिससे वे दिए गए समय सीमा के भीतर कुशलतापूर्वक प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं। ताकत और कमजोरियों की पहचान करनाः नमूना पत्रों को हल करके, छात्र अपने मजबूत और कमजोर क्षेत्रों की पहचान कर सकते हैं, जिससे वे तदनुसार अपनी तैयारी के प्रयासों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं।

**आत्मविश्वास को बढ़ावा देनाः** नमूना पत्रों के साथ नियमित अभ्यास छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाता है और परीक्षा की चिंता को कम करता है, क्योंकि वे परीक्षा के माहौल के साथ अधिक सहज हो जाते हैं।

**गति और सटीकता में सुधार :** नमूना पत्रों को बार-बार हल करने से छात्रों को सवालों के जवाब देने में अपनी गति और सटीकता में सुधार करने में मदद मिलती है, जो प्रतिस्पर्धी जेएनवीएसटी परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए महत्वपूर्ण है। 5 विषय और सिलेबस संशोधन जेएनवी प्रवेश परीक्षा सहित किसी भी परीक्षा के लिए प्रभावी तैयारी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। किसी विषय या अनुभाग को पूरा करने के बाद, अगले एक पर जाने से पहले दैनिक समीक्षा करना सुनिश्चित करें। आपके द्वारा सीखी गई अवधारणाओं की अपनी समझ की जांच करने के लिए आप अपने स्वयं के अभ्यास प्रश्न या मिनी-परीक्षण बना सकते हैं।

**(विजय गर्ग सेवानिवृत्त प्रिंसिपल, शैक्षिक स्तंभकार, प्रख्यात शिक्षाविद्, गली कौर चंद एमएचआर मलोट पंजाब)**

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक व संपादक **सरोज चौधरी** द्वारा ई-37, अशोक विहार रांची से प्रकाशित तथा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस लालगुटवा रांची से मुद्रित, **संस्थापक संपादक : स्व. राधाकृष्ण चौधरी, प्रबंध संपादक अरूण कुमार चौधरी * फोन :** 9471170557/08084674042, **ई-मेल :** aadivashiexpress@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### बोरियो प्रखंड में अबुआ आवास योजना के अंतर्गत गृह प्रवेश कार्यक्रम सम्पन्न



**अजय कुमार कुशवाहा आदिवासी एक्सप्रेस जिला ब्यूरो**

**साहिबगंज।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी अबुआ आवास योजना के अंतर्गत आज बोरियो प्रखंड परिसर में एक भव्य गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में माननीय विधायक बोरियो श्री धनंजय सोरेन की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने लाभुकों को शुभकामनाएँ दीं एवं सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया।

कार्यक्रम में कुल 150 से अधिक लाभुक परिवारों को उनके नवनिर्मित आवासों की चाभी सौंपी गई। विधायक श्री सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार गरीब, आदिवासी और वंचित वर्गों के लिए बेहतर जीवन स्तर सुनिश्चित करने हेतु संकल्पित है। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना केवल एक मकान नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और सुरक्षा का प्रतीक है। गृह प्रवेश समारोह में लाभुकों ने भी मंच से अपने अनुभव साझा किए और मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन तथा स्थानीय प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी नागेश्वर साव, अंचलाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं पंचायत प्रतिनिधियों की भी सक्रिय उपस्थिति रही।

### बोरियों में नदी से शव बरामद मृतक की हुई पहचान, पुलिस जांच में जुट गई



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** जिले के बोरियों थाना क्षेत्र अंतर्गत माईसोल गांव के युवक तीन दिनों से लापता नदी में शव मिलने से इलाके में मचा सनसनी बताया जा रहा है कि बोरियों थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव निवासी डेरो हेंब्रम के 36 वर्षीय पुत्र सुनील हेंब्रम रविवार से घर से लापता था.घर वालों ने काफी खोजबीन की लेकिन सुनील हेंब्रम का कुछ पता नहीं चला था. अचानक आज रविवार को परिजनों को पता चला कि बोरियों थाना क्षेत्र अंतर्गत राड़ो नदी में सुनील हेंब्रम मृत अवस्था में मिला जिसको लेकर आसपास में सनसनी मच गई. मृतक सुनील हेंब्रम के भाई बबलू किस्कू ने बताया कि मेरे भाई का शव नदी से 10 बजे मिला है. भाई हमारा रविवार से ही घर से लापता था. इधर बोरियों पुलिस हर एंगल से जांच पड़ताल में जुटी है. परिजनों से लेकर आसपास के लोगों से बोरियों पुलिस पूछताछ कर रही है. इधर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया. परिजनों को रो-रो कर बुरा हाल है.

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में जेएसएलपीएस कर्मी पिता और उनका 15 वर्षीय पुत्र घायल हो गया



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** बरहेट गोपलाडीह गाँव के पास मंगलवार के अपराह्न डस्ट में पड़कर मोटरसाइकिल का पहिया फिसलने से मोटरसाइकिल दुर्घटना में जेएसएलपीएस कर्मी पिता और उनका 15 वर्षीय पुत्र घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार पाकुड़ जिला के हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत करणपुरा गाँव निवासी 46 वर्षीय कदरु पहाड़ीया जो जेएसएलपीएस के कर्मी हैं, कुसमा गाँव से काम निपटाकर गोपलाडीह के रास्ते अपने 15 वर्षीय पुत्र सुजित पहाड़ीया के साथ मोटरसाइकिल से प्रखंड कार्यालय आ रहा था तभी गोपलाडीह गाँव के पास मोटरसाइकिल का पहिया डस्ट में पड़कर फिसल गया जिससे मोटरसाइकिल दुर्घटना हो गई। घटना में पिता पुत्र दोनों घायल हो गया। घायल पिता पुत्र का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट में डॉ. दिलीप कुमार ने किया।

### उपायुक्त ने जनता दरबार का किया आयोजन



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**साहिबगंज।** उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी हेमंत सती द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत हुए। इसके साथ ही उपायुक्त द्वारा उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके साथ ही जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आए, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें।साथ ही उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें, ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो सके। ज्ञात हो कि हर सप्ताह मंगलवार एवं शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

# राजमहल में जन आक्रोश रैली सह विरोध प्रदर्शन

## झारखंड सरकार के विफलताओं को उजागर किया

**अजय कुमार कुशवाहा आदिवासी एक्सप्रेस जिला ब्यूरो**



बरहरवा दिनांक 24 जून 2025 को राजमहल प्रखंड कार्यालय में झारखंड सरकार के विरोध में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर प्रखंड स्तरीय जन आक्रोश रैली सह विरोध प्रदर्शन किया गया। यह आक्रोश रैली राजमहल बालू प्लॉट से नगर भ्रमण करते हुए प्रखंड कार्यालय राजमहल तक किया गया। कार्यक्रम में कई वक्ताओं ने झारखंड सरकार के विफलताओं को उजागर किया । भाजपा के जिला अध्यक्ष श्री उज्जवल मंडल जी ने सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार, अवैध बालू ,कोयला की तस्करी, बिरधा पेंशन, बेरोजगारी, बिजली की समस्या, मनरेगा योजनाओं में भ्रष्टाचार, आवास योजनाओं में भ्रष्टाचार एवं ऐसी कई योजनाओं के विफलताओं को उजागर किया। इन सभी विषयों को लेकर झारखंड सरकार के विरोध में प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सोपा गया। इस कार्यक्रम में भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री श्रीमती कृष्णा महतो जी, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता श्री श्रीकांत मंडल जी, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष श्री राजेश मंडल जी, जिला मीडिया प्रभारी सोनेलाल ठाकुर जी, सुरेंद्र सिंह, तीन पहाड़ मंडल के अध्यक्ष श्री सागर मंडल, नगर अध्यक्ष श्री अजय चौधरी, राजकुमार शाह, शंकर ठाकुर, शेखर वर्मन ,सरवन मंडल, मनोज मंडल, बिंदेश्वरी यादव, दिवाकर मंडल, निहार रंजन मंडल, किशोर चौधरी, भागीरथ मंडल, स्वाधीन मंडल, मनोज कुमार मंडल बैजनाथ मंडल चंदन श्रीवास्तव वीरेंद्र यादव पप्पू शाह रतन दास आकाश राजकिशोर, हरि महलदार, मंडल कार्तिक मंडल, मनोज यादव, उज्जवल शाह एवं सैकड़ो कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

# भाजपा कोटालपोखर और बरहरवा मंडल ने हेमंत सरकार के खिलाफ प्रखंड में किया आक्रोश प्रदर्शन

**मोहित मंसूरी संवाददाता आदिवासी एक्सप्रेस**



**बरहरवा** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह प्रतिपक्ष नेता आदरणीय श्री बाबूलाल मरांडी जी के निर्देशानुसार हेमंत सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, ध्वस्त कानून व्यवस्था, लचर बिजली पानी व्यवस्था, अवैध बालू -पत्थर -कोयला की लूट और बेरोजगारी के विरोध में कोटालपोखर मंडल और बरहरवा मंडल द्वारा प्रखंड स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन किया गया, बरहरवा प्रखंड मुख्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं ने प्रदर्शन कर सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, आक्रोश प्रदर्शन का सयुंक्त रूप से नेतृत्व कर रहे बरहरवा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता उर्फ़ बिक्की व कोटालपोखर मंडल अध्यक्ष बप्पी निर्मल प्रसाद ने कहा कि चाहे अंचल कार्यालय हो या प्रखंड स्तरीय कार्यालय सब भ्रष्टाचार का गढ़ बनता जा रहा है,बिना पैसे लिए कहीं भी काम नहीं होता है,कार्यक्रम के प्रभारी कमल कृष्ण भगत ने आरोप लगाया कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है, क़ानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और आम जनता बिजली-पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझ रही है, प्रदर्शन के दौरान पार्टी नेताओं ने कहा कि अवैध बालू, पत्थर और कोयला खनन खुलेआम हो रहा है, लेकिन सरकार मूकदर्शक बनी हुई है, प्रदर्शनकारियों ने राज्य सरकार पर बेरोजगारी बढ़ाने और युवाओं को गुमराह करने का भी आरोप लगाया, भाजपा नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने जनता की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा, इस दौरान भाजपा नेताओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी कों एक मांग पत्र भी सौंपा, मौके पर कुसमाकार तिवारी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्यामल कुमार दास, रबिन्द्र भगत, अनुभव भगत, बप्पी निर्मल प्रसाद, शिवरतन रजवाड़, सुरेंद्र साहा, हरे कृष्ण मंडल, सागर मोहन साहा, जितेंद्र साहा, प्रणब सिंह, सीमा देवी, बैजयंती देवी ,नरेश साहा, नीलम कुमारी, पूजा कुमारी, श्वेता कुमारी, मुनमुन देवी, कोशल्या देवी, सीता देवी, काजल देवी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

# बंगाली टोला स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार को प्रेस वार्ता आयोजित किया गया

**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**



**साहिबगंज।** 27 जून से इंडियन यूथ कांग्रेस में ब्लॉक समिति, विधानसभा समिति, जिला समिति व राज्य समिति चुनाव का नामांकन शुरू होगा उक्त बाते इंडियन यूथ कांग्रेस चुनाव पर्यवेक्षक उदय कुशवाहा ने प्रेस वार्ता में कही। बंगाली टोला स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार को प्रेस वार्ता आयोजित किया गया। प्रेस वार्ता में इंडियन यूथ कांग्रेस चुनाव पर्यवेक्षक उदय कुशवाहा ने कहा कि 27 जून से तीन जुलाई तक ऑनलाइन नामांकन होगा। आप्ति 27 जून से 4 जुलाई तक ओर नामांकन को अंतिम रूप देने का कार्य 9 जुलाई तक होगा। वही उम्मीदवार का आयु सीमा 28 जून 1990 से 27 जून 2007 को 18 वर्ष से 35 वर्ष तक होना चाहिए। उम्मीदवार कम से कम तीन वर्ष तक कांग्रेस का सक्रिय सदस्य हो, वही इस चुनाव में नामांकन कर सकता है। चुनाव का पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है जो विथ आईवाईसी ऐप के जरिए ऑनलाइन होगा। उम्मीदवारों को 50 रुपए का सदस्यता शुल्क कटाकर सदस्य बनना होगा। वही चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार के लिए नामांकन राशि जमा करके अपना नामांकन कर सकेंगे। इसके लिए ब्लॉक समिति के लिए 150 रुपया, एससी एसटी, महिला व बीपीएल परिवार को 100 रुपया नामांकन शुल्क देना है। विधानसभा समिति के लिए 500 रुपया ओर एससी एसटी, महिला व बीपीएल परिवार को 250 रुपया, जिला समिति पद के लिए तीन हजार ओर एससी एसटी, महिला व बीपीएल परिवार को 1500 रुपया, राज्य समिति में नामांकन के लिए 7500 रुपया ओर एससी एसटी, महिला व बीपीएल परिवार को 4000 रुपया का भुगतान करके नामांकन कर सकते है। वही सबसे ज्यादा वोट आने वाले उम्मीदवार अध्यक्ष होंगे। वोट प्रतिशत के आधार पर कांग्रेस यूथ पद मिलेगा। नामांकन से लेकर वोटिंग प्रक्रिया सभी ऑनलाइन होगा। उन्होंने बताया कि हमारे युवा नेता राहुल गांधी का कहना है कि पार्टी के सक्रिय युवा नेता को हम सब चुनकर लाए और कांग्रेस का हाथ मजबूत करे। सभी के मतदान से ही यूथ का अध्यक्ष सहित अन्य पद के सदस्य का चयन होगा। मौके पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष अखलाक नदीम, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मो कलीमुद्दीन, कांग्रेस कमिटी नगर अध्यक्ष सतीश पासवान, विक्की मड़ैया, असगर अफरीदी, कौसर आलम, अजफर अहमद खान सहित अन्य थे।

# गंगा नदी जनित आपदा से निपटने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क, उपायुक्त हेमंत सती ने अत्याधुनिक राहत उपकरणों का किया निरीक्षण

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**



**साहिबगंज।** जिला में संभावित बाढ़ एवं अन्य आपदाओं को ध्यान में रखते हुए साहेबगंज जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैदी से तैयार है। इसी क्रम में आज जिला प्रशासन के द्वारा क्रय किए गए अत्याधुनिक राहत एवं बचाव उपकरणों का गहन निरीक्षण एवं अवलोकन उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सभी उपकरणों की कार्यक्षमता, उपयोगिता एवं संचालन प्रक्रिया की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन उपकरणों को जमीनी स्तर पर सक्रिय रूप से उपयोग में लाने हेतु बचाव दल को प्रशिक्षित किया जाए, ताकि आपदा की स्थिति में तत्काल राहत प्रदान की जा सके।निरीक्षण किए गए उपकरणों में निम्नलिखित मुख्य सामग्रियाँ शामिल थीं, रेस्क्यू बोट, फ्लेमलेस कुकिंग सिस्टम-बिना आग के खाना पकाने की तकनीक, कैंपिंग टेंट-आपदा प्रभावितों के लिए त्वरित आश्रय, पोर्टेबल सोलर पावर स्टेशन-विद्युत संकट में ऊर्जा का वैकल्पिक स्रोत, लाइफ जैकेट, लाइफबॉय, थ्रो बैग-जल आपदा से बचाव के आधुनिक उपकरण, ओअर्स, रोलॉक्स, पैडल-नाव संचालन हेतु, डीसीपी अग्निशमन यंत्र-आगजनी की स्थिति में तत्काल उपयोग, टूल किट, कुल्हाड़ी, कैट हुक, चेन आरा मशीन-मार्ग अवरोध हटाने हेतु, रेडियो वॉकी सेट-संचार सुविधा बनाए रखने के लिए, पोंचो, गम बूट, सेफ्टी ग्लव्स, सुरक्षा हेलमेट-राहत दल की सुरक्षा हेतु, कंबल, पार्क पिकेट, हेड टॉर्च, इमरजेंसी लाइट, कम्पास, नेविगेशन लाइट, जीपीएस सेट -राहत, बचाव व दिशा-निर्देशन में सहायक उपकरण थे। इसके अलावा अन्य आपातकालीन सामग्रियाँ भी पर्याप्त मात्रा में सुरक्षित रखी गई हैं, जिनका उपयोग किसी भी संकट की घड़ी में किया जा सकेगा। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि ÷आपदा प्रबंधन सिर्फ एक विभागीय कार्य नहीं, बल्कि जनजीवन की सुरक्षा से जुड़ी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। जिला प्रशासन हर संभावित स्थिति से निपटने के लिए तैयार है और आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण कार्यक्रम में आपदा तकनीकी विशेषज्ञ व अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

### विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने जनता दरबार में सुनी जनता की समस्या



**अजय कुमार कुशवाहा आदिवासी एक्सप्रेस जिला ब्यूरो बरहरवा प्रखंड**

मुख्यालय स्थित विधायक कक्ष में मंगलवार को विधायक प्रतिनिधि - बरकत खान ने जनता दरबार के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी। नगर पंचायत बरहरवा एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने विधवा, वृद्धा एवं दिव्यांगता पेंशन, आवास, अंचल, राशन कार्ड एवं थाना आदि से संबंधित समस्या को लेकर उपस्थित हुए। जिसे बरकत खान ने बारी-बारी से सुनकर संबंधित अधिकारियों से वार्तालाप करके निदान करवाया। बरहरवा नगर के ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से डिप बोरीग करवाने हेतु मांग की विधायक प्रतिनिधि ने आवेदन की अनुशंसा कर कार्यपालक पदाधिकारी बरहरवा नगर पंचायत को आवश्यक कारवाई हेतु अग्रसारित किया एवं जल्द से जल्द बोरिंग करने के निर्देश दिया ताकि लोगों को पेयजल की समस्या से निजात मिल सके। बिंदुपाड़ा पंचायत के फरीदपुर ग्राम के ग्रामीणों ने 100 KVA बिजली का ट्रांसफार्मर बदलने हेतु आवेदन विधायक प्रतिनिधि को दिया, वहीं विधायक प्रतिनिधि ने विद्युत विभाग के S.D.O. को आवेदन अनुशंसा कर भेजा और जल्द से जल्द 100 KVA बिजली का ट्रांसफार्मर लगाने को कहा।

मौके पर सैफ आलम, हीरालाल साहा, अनन्त लाल भगत, नेहाल अख्तर ,कालू, शमशेर अली, छोटेलाल रामानी, अजीत कुमार राय सहित दर्जनों ग्रामीण एवं नगर के लोग उपस्थित थे।

### पुलिस पदाधिकारी किशोर तिर्की ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दि

- पुलिस ने एक व्यक्ति को देसी कट्टे के साथ पकड़ा



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** पुलिस अनुमंडल कार्यालय कक्ष में आज 24 जून 2025 को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर तिर्की ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दि कि दिनांक 23 जून 2025 को रात्रि 8:00 बजे एसपी अमित कुमार सिंह के आदेशानुसार पुअनि ब्रजेश कुमार एवं सशस्त्र बल के द्वारा डीबीएल पुल साहिबगंज के पास एंटी क्राइम चेकिंग किया जा रहा था, तभी एसपी को गुप्त सूचना मिली कि शोभनपुर दियारा डीबीएल पुल के पास एक व्यक्ति अवैध देशी कट्टा के साथ सड़क किनारे खड़ा है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु संध्या गश्ती दल के टीम द्वारा थाना प्रभारी मुफ्फसिल को दूरभाष पर अवगत कराते हुए शीघ्र रूप से शोभनपुर दियारा गांव के पास डीबीएल पुल सड़क के किनारे पहुंचा तो एक व्यक्ति को हरा टी-शर्ट एवं चेकदार लूंगी में पहने हुए खड़ा पाया गया। पुलिस गाड़ी को देख कर उक्त व्यक्ति वहां से भागने लगा तब पुलिस बल के द्वारा उस व्यक्ति को खदेड़कर पकड़ा गया और नाम व पता का पूछताछ किया गया। उक्त व्यक्ति ने अपना नाम सनाउल हक उम्र 29 वर्षीय, पिता फैजुल हक, शोभनपुर दियारा, थाना मुफ्फसिल बताया। पकड़ाए उक्त व्यक्ति के कमर में बाएं तरफ से एक लोडेड देशी कट्टा को खोसा हुआ पाया गया। उक्त देशी कट्टा का कागजात की मांग की गई परंतु उसके द्वारा कोई वैध कागजात एवं संतोषजनक जवाब नहीं दिया। पुलिस द्वारा देशी कट्टा को खोल कर देखा गया तो उसके अंदर 3 नोट 3 (303) का जिंदा कारतूस पाया गया। ऐसा प्रतीत हुआ कि उक्त व्यक्ति किसी बड़े अपराध को कारित करने के लिए पूर्ण तैयारी के साथ सड़क किनारे सुनसान जगह पर घात लगाकर खड़ा था। इसके बाद विधिवत जब्ती सूची बनाया गया तथा पकड़े व्यक्ति को विधिवत गिरफ्तार किया गया। उक्त व्यक्ति ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए उक्त हथियार को खरीदे गए स्रोत के बारे में बताया। आगे की कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उक्त व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। छापामारी दल में पुलिस इंस्पेक्टर राजीव रंजन, पुअनि मदन कुमार थाना प्रभारी मुफ्फसिल, पुअनि ब्रजेश कुमार, पुअनि ददन कुमार, हवलदार चूड़का हेंब्रम, आरक्षी 36 सरयू मुर्मू, आरक्षी 173 सुदर्शन महतो शामिल थे।

# गंगा नदी जनित आपदा से निपटने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क — उपायुक्त हेमंत सती ने अत्याधुनिक राहत उपकरणों का किया निरीक्षण

**अजय कुमार कुशवाहा आदिवासी एक्सप्रेस जिला ब्यूरो**



जिला में संभावित बाढ़ एवं अन्य आपदाओं को ध्यान में रखते हुए साहेबगंज जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैदी से तैयार है। इसी क्रम में आज जिला प्रशासन के द्वारा क्रय किए गए अत्याधुनिक राहत एवं बचाव उपकरणों का गहन निरीक्षण एवं अवलोकन उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा किया गया।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सभी उपकरणों की कार्यक्षमता, उपयोगिता एवं संचालन प्रक्रिया की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन उपकरणों को जमीनी स्तर पर सक्रिय रूप से उपयोग में लाने हेतु बचाव दल को प्रशिक्षित किया जाए, ताकि आपदा की स्थिति में तत्काल राहत प्रदान की जा सके।

निरीक्षण किए गए उपकरणों में निम्नलिखित मुख्य सामग्रियाँ शामिल थीं:

रेस्क्यू बोट

फ्लेमलेस कुकिंग सिस्टम - बिना आग के खाना पकाने की तकनीक

कैंपिंग टेंट - आपदा प्रभावितों के लिए त्वरित आश्रय

पोर्टेबल सोलर पावर स्टेशन - विद्युत संकट में ऊर्जा का वैकल्पिक स्रोत

लाइफ जैकेट, लाइफबॉय, थ्रो बैग - जल आपदा से बचाव के आधुनिक उपकरण

ओअर्स, रोलॉक्स, पैडल - नाव संचालन हेतु

डीसीपी अग्निशमन यंत्र - आगजनी की स्थिति में तत्काल उपयोग

टूल किट, कुल्हाड़ी, कैट हुक, चेन आरा मशीन - मार्ग अवरोध हटाने हेतु

रेडियो वॉकी सेट - संचार सुविधा बनाए रखने के लिए

पोंचो, गम बूट, सेफ्टी ग्लव्स, सुरक्षा हेलमेट - राहत दल की सुरक्षा हेतु

कंबल, पार्क पिकेट, हेड टॉर्च, इमरजेंसी लाइट, कम्पास, नेविगेशन लाइट, जीपीएस सेट - राहत, बचाव व दिशा-निर्देशन में सहायक उपकरण

इसके अलावा अन्य आपातकालीन सामग्रियाँ भी पर्याप्त मात्रा में सुरक्षित रखी गई हैं, जिनका उपयोग किसी भी संकट की घड़ी में किया जा सकेगा।

**इस अवसर पर उपायुक्त श्री सती ने कहा कि —**

आपदा प्रबंधन सिर्फ एक विभागीय कार्य नहीं, बल्कि जनजीवन की सुरक्षा से जुड़ी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। जिला प्रशासन हर संभावित स्थिति से निपटने के लिए तैयार है और आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

निरीक्षण कार्यक्रम में आपदा तकनीकी विशेषज्ञ व अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बोकारो रेंज के आईजी क्रांति कुमार गड़िदेशी पहुंचे गिरिडीह



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** मंगलवार को बोकारो रेंज के आईजी क्रांति कुमार गड़िदेशी गिरिडीह पहुंचे। गिरिडीह पहुंचने के बाद नए परिषदन भवन में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, जिसके बाद परिसदन भवन में एसपी डॉ. बिमल कुमार समेत तमाम पुलिस पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद आईजी क्रांति कुमार गड़िदेशी ने जिले के वरीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में कानून- व्यवस्था, साइबर अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में एसपी डॉ. विमल कुमार, डीएसपी 2 कोसर अली, एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, साइबर डीएसपी आबिद खान, नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद और मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### नशा मुक्त को लेकर पुलिस ने निषिद्ध मादक पदार्थ के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता- अबुल कलाम**

**टंडवा- (चतरा)** अफीम और गांजा खेती के खिलाफ पुलिस ने टंडवा में जागरूकता अभियान चलाया। इंस्पेक्टर उमेश राम ने नशीले पदार्थ बेचने वालों की जानकारी देने की अपील करते हुए कहा कि जो सूचना देंगे उनका नाम गुप्त रखा जायेगा। मंगलवार 24 जून 2025 को टंडवा अंचल क्षेत्र के अंतर्गत लोगों से प्रशासन द्वारा अपील करते हुए कहा कि निषिद्ध मादक पदार्थ के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाने का मुख्य कारण है नशा से लोगों को मुक्त करना चौक समेत अन्य गांव के सार्वजनिक स्थल पर मादक पदार्थ, अफीम के प्रति लोगों को जागरूक किया गया, साथ ही इससे मानव जीवन मे होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में लोगों को जानकारी दी गयी, अभियान आये लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलायी गयी।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार ससुर और दमाद की मौत, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** गिरिडीह के सरिया थाना क्षेत्र में मंगलवार को सड़क हादसे में बाइक सवार ससुर-दामाद की मौत हो गई। दोनों बाइक से बगोदर जा रहे थे और रास्ते में अनियंत्रित होकर उनकी बाइक खड़े ट्रक से टकरा गई। जिससे दोनों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान दामाद गौरव उर्फ टिंकू रजक उम्र लगभग 34 वर्ष सरिया के कलाली रोड निवासी वहीं ससुर बलदेव मण्डल बैठा उम्र लगभग 55 वर्ष हज़ारीबाग़ जिला के बेडोकला निवासी के रूप में हुई है। दोनों बाइक पर सवार होकर सरिया बाजार से कॉलेज के नजदीक स्थित अपने नए घर मे जा रहे थे तभी प्रखण्ड कार्यालय के सामने एक कुत्ता सड़क पर दौड़ गया जिसे बचाने के चक्कर मे नियंत्रण बिगड़ा और सड़क किनारे खड़ी एक मालवाहक 407 गाड़ी में टक्कर मार दी, जिससे दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए, वहीं घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए बगोदर ट्रामा सेंटर लाया गया जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही बगोदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। वहीं घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### हाड़ी जाति विकास मंच ने किया प्रदर्शन, डीसी को सौंपा आवेदन



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** हाड़ी जाति विकास मंच की ओर से सात सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार को समाहरणालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया। इससे पूर्व नगर परिषद कार्यालय परिसर से मंच की ओर से जुलूस निकालते हुए शहर का भ्रमण कर समाहरणालय पंहुचा। इसके बाद धरना देने के बाद डीसी को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। जुलूस में शामिल लोग हाड़ी जाति की विभिन्न मांगों को लेकर नारे लगाए है। कार्यक्रम का नेतृत्व मंच के प्रदेश अध्यक्ष अनुप लाल हरि ने किया। मौके पर जिलाध्यक्ष शिव कुमार हरि, जिला सचिव सुबोध हरि, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बसंती देवी, समझौता देवी, पूजा देवी, विक्की हरि, दिनेश हरि समेत कई लोग शामिल थे।

**क्या है मांगे**

1. राज्य के सभी भूमिहीन हाड़ी जाति को स्थायी रूप से रहने योग्य पांच डिसमिल जमीन दान में दिया जाये और कई जिलों में हाड़ी जाति वर्षों से सरकारी जमीन पर घर बनाकर रह रहे हैं उस जमीन का पट्टा संबंधित परिवार को मिले,
2. राज्य अनुसूचित जाति के13 वें क्रम में हाड़ी जाति के साथ संयुक्त रूप से मेहतर व भंगी को हटा कर सिर्फ हाड़ी जाति अंकित करने
3. विधानसभा समिति अनुसूचित जाति,जनजाति, अल्पसंख्यक व पिछड़ा वर्ग कल्याण की समिति में हाड़ी जाति से एक सदस्य हो
4.झारखंड सफाई कर्मचारी आयोग का गठन कर हाड़ी जाति से एक सदस्य बनाया जाय और नगर निकाय में अनुकंपा नियुक्ति में शैक्षणिक योग्यता केवल साक्षर रखा जाय,निकाय में कार्यरत कर्मचारी के आश्रित को दैनिक मजदूरी पर नियुक्त करने एवं सरकारी विभागों व नगर निकाय में 10 साल से अधिक समय से कार्यरत सफाई कर्मियों की सेवा स्थायी किया जाय।
5.हाड़ी समाज के विद्यार्थियों को सरल तरीके से जाति,आय, निवास प्रमाण पत्र जारी किये जायं।
6.झारखंड अनुसूचित जाति आयोग का गठन कर हाड़ी जाति से एक सदस्य बनाया जाय।
7. अनुसूचित जाति कल्याण विभाग में रोजगार के लिए इस जाति के ऋण आवेदकों को सरल तरीके से ऋण उपलब्ध कराने की मांग प्रमुख हैं।

# जमुआः भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन

- **झामुमो, कांग्रेस और राजद नापाक गठबंधनः डॉ रविन्द्र राय**
- **राज्य में निकम्मी सरकार, भ्रष्टाचार चरम सीमा परः मंजू कुमारी**







**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** हेमंत सरकार में ब्याप्त भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था बिजली पानी अवैध बालू, पत्थर, लूट खसोट को लेकर जमुआ प्रखण्ड स्तरीय भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन जिला अध्यक्ष महादेव दुबे की अध्यक्षता में किया गया, जबकि संचालन भाजपा नेता राजेन्द्र राय ने किया।

**ये राहु केतु का गठबंधन से झारखण्ड में ग्रहण लग गया हैः डॉ रविंद्र राय**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय ने कहा कि राज्य में झामुमो, कांग्रेस और राजद का नापाक गठबंधन है, इस सरकार से प्रदेश का भला नहीं हो सकता है, यह निकम्मी सरकार है। अभी सरकार को सुधारने के लिए चेतावनी दिया जा रहा है। आने वाला समय में पूरे प्रदेश में बृहद कार्यक्रम चलाकर सरकार को उखाड़ फेंकने का अभियान चलाया जाएगा। यह सरकार राहु केतु का गठबंधन है। केंद्र सरकार ने आयुष्मान का लाभ राज्य की जनता को उपलब्ध कराया है, लेकिन प्रदेश की निकम्मी सरकार के कारण इसका लाभ लोगो को नहीं मिल पा रहा है। राज्य में ईडी का निरंतर छापा पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि राहु केतु की सरकार अनाज का घोटाला करेगा आप सचेत हो जाएं। उन्होंने बीडीओ, सीओ और दरोगा को अपने कार्य कलाप पर सचेत होने की नसीहत दी वरना आने वाले समय में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। कहा कि आतंक के राज को भाजपा ने भगाया, आज लोग तिसरी, गावां हो या पीरटांड़ डुमरी हो लोग चैन से सोते हैं। कहा ये गठबंधन लुटेरों का गठबंधन है सभी मिलकर लूट रहे हैं। कहा ये राहु केतु का गठबंधन से झारखण्ड में ग्रहण लग गया है।

**राज्य में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है, आम जन त्रस्त हैंः मंजू कुमारी**

कार्यक्रम को सम्बोधित करते जमुआ विधायक मंजू कुमारी ने कहा ठगबंधन की सरकार अपने क्रिया कलाप में सुधार नहीं हुआ है, राज्य में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। आम जन त्रस्त हैं। सीओ, बीड़ीओ, खाद्य आपूर्ति, महकमा समेत जमुआ थाना के क्रिया कलाप पर रोष जतायी है। उक्त महकमे में बिना पैसा का कोई काम नहीं किया जाता है। आज चेतावनी दी जा रही है, सुधार करें वरना आने वाले समय में सुधार देंगें। कहा कि आज जमुआ प्रखंड मुख्यालय में जनता की उमड़ी भीड़ , रैली इस बात का संकेत दे रहा है कि भ्रष्टाचार में सम्मिलित लोग सुधरे वरना आने वाला समय में इससे भी बड़ा आंदोलन आयोजित कर भ्रष्टाचारियों को सबक सिखाया जाएगा।

**राज्य का मुखिया ही चोर हो तो सीओ, बीडीओ का क्या दोष ये तो चोर होंगें हीः बिजय चौरसिया**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता बिजय चौरसिया ने कहा कि जिस राज्य का मुखिया ही चोर हो तो सीओ, बीडीओ का क्या दोष ये तो चोर होंगें ही। कहा जनता सब समझ चुकी है, सता परिवर्तन करेगी।

**इन्होंने भी किया संबोधित**

कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, पूर्व विधायक लक्ष्मण स्वर्णकार, साहेब महतो, कामेश्वर पासवान, सुबोध राय, राजेन्द्र राय, परमेश्वर यादव, प्रदीप सिंह, सुनील सिंह, ऋषि पांडेय, सुमन सिन्हा, सुधीर वर्मा, गंगाधर वर्मा, अमरेंद्र कुमार, संजय हाजरा, अशोक सिंह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष उषा कुमारी, धनेश्वर वर्मा ने सम्बोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन सदानंद साव ने किया।

**इनकी थी मौजूदगी**

मौके पर भाजपा नेता अंजन सिन्हा, विकास मंडल, दयानंद राय, गोपाल कृष्ण पाण्डेय, रूपलाल रविदास, प्रकाश यादव, बालगोविंद यादव, बिनय राय, गौरव सिन्हा, अमरेंद्र कुमार, सूरज कुमार, सोनू मोदी, रविषेक राय, रामानंद कुशवाहा, पप्पू कुमार, परिणय सिन्हा, दिनेश कुमार, महिला मोर्चा की पिंकी कुमारी सहित कार्यक्रम में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शांमिल थे।

## साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन, आए दर्जनों फरियादी, प्राप्त शिकायतों पर जांचोपरांत यथोचित कारवाई का मिला आश्वासन

- **जनता दरबार का उद्देश्य आमजनों की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करना हैः उपायुक्त रामनिवास यादव**



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** गिरिडीह उपायुक्त रामनिवास यादव ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया। आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु आए दर्जनों लोगों से उपायुक्त ने मिलकर उनकी समस्याएं सुनी तथा जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस प्रकार बारी-बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट भी निष्पादन किया गया। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, दाखिल खारिज, स्वास्थ्य विभाग, पेंशन, राशन, भू अर्जन, पेयजल आदि से संबंधित विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों पर आवश्यक कारवाई हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को अग्रसारित किया गया तथा जल्द से जल्द शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए। जनता दरबार का उद्देश्य आमजनों की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करना है। उपायुक्त ने बताया कि मंगलवार एवं शुक्रवार के अलावा भी आमजन अपनी समस्याओं को लेकर समाहरणालय आ सकते हैं, संबंधित विभाग को अपना आवेदन दे सकते हैं, उनके आवेदन का त्वरित निराकरण किया जायेगा। गौरतलब हो कि समाहरणालय में प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है, जिसमें जिलेवासी उपायुक्त से मिलकर अपनी समस्याएं साझा करते हैं तथा उनकी समस्याओं का ऑन द स्पॉट निराकरण भी किया जाता है।

## बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन



**बड़कागांव संवाददाता**

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड कार्यालय सभागार भवन में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया बड़कागांव प्रमुख फुलवा देवी की अध्यक्षता में किया गया।संचालन बादम पंचायत के पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास के द्वारा किया गया।आम उत्सव सह बागवानी मेला कार्यक्रम में बड़कागांव प्रखंड के अनेको गांव के किसानो ने भाग लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि बड़कागांव की किसान अपने धान, ईख (केतारी) आदी फसल को लेकर भारत में अपना नाम रोशन तो किया ही साथ ही साथ मैं चाहता हूं कि फलों के उत्पादन में भी देश स्तर पर अपना नाम रौशन करें। मौके पर मुख्य रूप विधायक रोशन लाल चौधरी, विधानसभा सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू, मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, प्रमुख फुलवा देवी, उप प्रमुख वचन देव कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, बीपीओ अरुण पासवान एवं हीरो महतो, रंजू कुमारी ,जेई समसुद्दीन अंसारी ,आई ओम प्रकाश, बादम रोजगार सेवक फजलु रहमान, हरली रोजगार सेवक स्वेता कुमारी, अलका कुमारी, अनंत कुशवाहा, मुख्य प्रतिनिधि दीपक दास, प्रवीन कुमार, प्रमोद राम, इंद्रदेव राम, जितेन्द्र राम आदी किसान सामिल थे।

## गिरिडीह और डुमरी अनुमंडल के सभी पंचायत सचिवों के साथ एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** गिरिडीह उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देशानुसार समाहरणालय सभागार में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान के तहत बाल सुरक्षा तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के तहत बाल संरक्षण के विभिन्न मुद्दों (बाल विवाह, बाल व्यापार, बाल मजदूरी, पॉक्सो एवं इंडिविजुअल ग्रुप फोस्टर केयर, आफ्टर केयर) पर गिरिडीह और डुमरी अनुमंडल के सभी पंचायत सचिवों के साथ एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बाल व्यापार के खतरे, इसके कारणों, और पीड़ितों की सुरक्षा के उपायों, बाल मजदूरी के खिलाफ कानूनी प्रावधानों, बाल श्रमिकों की सुरक्षा, और पुनर्वास के तरीकों, यौन शोषण से बच्चों को बचाने के लिए कानूनी प्रावधानों, बाल-अनुकूल प्रक्रियाओं, और बाल संरक्षण में अधिकारियों की भूमिका पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और कानूनी अपराध है। इसके रोकथाम के लिए सभी को आगे आने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान हेतु व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाय। बाल विवाह के कारण सिर्फ एक व्यक्ति नहीं बल्कि कई पीढ़ियां का जीवन बर्बाद होता है। कम उम्र में लड़का या लड़की की शादी करने से कई प्रकार के सामाजिक, शारीरिक नुकसान देखने को मिलता है, जहां एक ओर उनका बचपन छिन जाता है, वहीं कम उम्र में शादी करने वाले लड़के और लड़कियां न तो ठीक से शिक्षित होते हैं और न ही परिवार, समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए पूरी तरह से योग्य होते हैं। इसके लिए समाज के तमाम बुद्धिजीवी वर्ग, शिक्षक, जनप्रतिनिधि सहित सभी लोगों को आगे आने की आवश्यकता है।

## सीकरी थाना प्रभारी वा ग्रामीनों द्वारा चलाया गया नशा मुक्ति अभियान निकाली गई प्रभात फेरी



**बड़कागांव संवाददाता**

**बड़कागांव।** प्रखंड क्षेत्र के सिकरी पंचायत अंतर्गत उच्च विद्यालय सिकरी में सिकरी ओपी थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह व मुखिया प्रभु महतो के संयुक्त नेतृत्व में नशा मुक्ति अभियान के तहत प्रभात फेरी निकाली गई।

मौके पर विद्यालय के बच्चों को नशापन करने से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। सीकरी थाना प्रभारी सुनील सिंह एवं मुखिया प्रभु महतो ने कहा कि नशा मुक्त समाज को बनाने में स्वयं की सहभागिता महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि जब लोग स्वयं को नशा से दूर रखेंगे तब घर को नशा से दूर रख सकते हैं।

नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने के सबसे पहले खुद को नशा से मुक्त रखना होगा, तब ही इस समाज को नशा मुक्त समाज बनाया जा सकता है।

मौके पर वार्ड सदस्य पृथ्वीराज गुप्ता, सहिया दीदी, आंगनबाड़ी सेविका, कैलाश पांडेय, स्वरूप नारायण सिंह, विद्यालय के शिक्षक निरंजन राम, सुबोध प्रसाद वर्मा, पंकज कुमार दास, अरुण कुमार गुप्ता, हरिश्चंद्र प्रसाद, अशोक कुमार, रामजी प्रसाद सिंह, सुशीला कुमारी, कार्तिक राम,हेवन्ती कुमारी, तालेश्वर कुमार महतो सहित सैकड़ों बच्चे, रसोइया व ग्रामीण उपस्थित थे।

## एरकी गांव में दशगात्र के अवसर पर दो लोगों को दी गई श्रद्धांजलि





**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**

**इटखोरी (चतरा)।** प्रखंड के धुना पंचायत एरकी गांव में दो अलग अलग जगहों पर श्रद्धांजलि मनाया गया। मृतक चिंता देवी और रतन रविदास के दशगात्र कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने शामिल हो कर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर मृतक के पुत्र मनीष रविदास,भाई रामदेव रविदास, उमेश रविदास, प्रकाश रविदास, विकास रविदास, अभिषेक कुमार, खेलावान रविदास, समाज के प्रखंड अध्यक्ष मुंशी रविदास, पूर्व अध्यक्ष राम सुरेश रविदास, त्रिलोकी व्यास, मयूरहंड प्रखंड अध्यक्ष सुमन रविदास, भाजपा नेता प्रकाश कुमार दास, समाजसेवी संतोष कुमार दास, बालदेव रविदास, बालेश्वर रविदास, देवकुमार रविदास, सुरेश रविदास, कामेश्वर रविदास, विजय रविदास, संजीत दास, रामाशंकर पासवान, मुकेश राम, रामेश्वर दास, राजेंद्र रविदास, जय कुमार दास, विराज रविदास, सतुर्धन प्रसाद, झंकू राम, महेश रविदास, धनेश्वर रविदास, अनूप दास, डॉ संदीप कुमार, राजदेव रविदास, ललित रविदास, प्रदीप दास, महादेव राम, दशरथ राम, कृष्णा दास, रामजीवन दास, राजू रविदास, प्रयाग राम, दीपक राम, बिनोद दास, केदार रविदास, बिष्णु दास, विकास कुमार दास, ईश्वर रविदास, राजकुमार राम,वजीर रविदास, मिथलेश रविदास, सुखदेव राम, अधीन रविदास, गोविन्द दास, दिलीप दास, रवि कुमार समेत सेकड़ों के संख्या में मौजूद थे।

## भाजपा का आक्रोश पूर्ण धरना प्रदर्शन, झारखंड में लूट मची है, जनता परेशानः विधायक



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता- अबुल कलाम**

**टंडवा- (चतरा)।** टंडवा प्रखंड में 24 घंटे बिजली सुनिश्चित करने समेत अन्य मांगों को लेकर भाजपा का आक्रोश पूर्ण धरना प्रदर्शन प्रखंड सह अंचल कार्यालय में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संजीव पांडे और संचालन रंजीत गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में प्रभारी के रूप में नवीन शाह उपस्थित हुए। धरना को संबोधित करते हुए सिमरिया विधायक उज्जवल दास ने सीएम हेमंत सरकार के खिलाफ जमकर हमला करते हुए कहा कि झारखंड में लूट मची हुई है। विकास कार्य पूरी तरह ठप है। एनटीपीसी के पावर प्रोजेक्ट से लगभग 500 मेगावाट बिजली मिलने के बावजूद टंडवा को 24 घंटे सरकार बिजली मुहैया नहीं करवा पा रही है। गरीब लोग बालू के कारण आवास बनाने के लिए तरस रहे हैं और बालू माफिया मालामाल हो रहे हैं। सरकार के दफ्तर बगैर रिश्वत का काम नहीं हो रहा है। अपराधिक घटनाओं में इजाफा है। विधायक ने कहा कि टंडवा के बाढ पीड़ित परिवार को मुआवजा हर हाल में सरकार मुआवजा दे। इसके पूर्व वरिष्ठ नेता कामेश्वर पांडेय, ईश्वर दयाल पांडेय, मुखिया संघ जिलाध्यक्ष अरबिंद कुमार सिंह, विजय चौबे, धीरेंद्र शर्मा, राजेंद्र सिंह, जिला परिषद सदस्या देवंती देवी, पंचायत समति सदस्या आशा सिन्हा, सुनील चौरसिया समेत अन्य वक्ताओं ने कहा कि टंडवा को जीरो कट बिजली मिले अन्यथा इससे भी बड़ा आंदोलन होगा। बाद में आधा दर्जन मांगो का एक ज्ञापन डीसी के नाम बीडीओ को सौंपा गया। मौके पर जगदीश महतो, अजय कुमार सिंह, अरुण पांडेय, मिथलेश पांडेय, इंद्रजीत सिंह, गणेश महतो, महेंद्र महतो, चुरामन उरांव, धनंजय पांडेय समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह द्वारा उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन



**संवाददाता द्वारा**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह द्वारा आज 24.06.2025 को मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की गयी। बैठक के दौरान पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे। इस बैठक में महाप्रबंधक द्वारा संरक्षित रेल परिचालन, समय-पालन में आने वाली अड़चनों, यात्री सुविधा, माल लदान में बढ़ोत्तरी, रेल संरक्षा सहित पूर्व मध्य रेल पर चल रहे आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गयी। महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्री सुविधा, सुरक्षा, संरक्षा आदि के संबंध में किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने माल लदान में बढ़ोत्तरी हेतु आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिए। निर्माण परियोजनाओं की कार्य प्रगति की मॉनिटरिंग के साथ-साथ उसमें तेजी लाने पर बल दिया।

### अर्पिता महिला मंडल द्वारा सीसीएल के सभी क्षेत्रों में योग सप्ताह का सफल आयोजन



**संवाददाता द्वारा**

**राँची।** अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (CCL) के सभी क्षेत्रों में योग सप्ताह का भव्य आयोजन किया गया। इस वर्ष योग सप्ताह की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग रही, जिसका उद्देश्य योग के माध्यम से स्वास्थ्य, सौहार्द और एकता को बढ़ावा देना था।

इस अवसर पर जेएसएसपीएस खेलगांव में एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें अर्पिता महिला मंडल की सदस्याओं और बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती प्रीति सिंह ने योग को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने योग को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक संतुलन के लिए अत्यंत आवश्यक बताते हुए महिला मंडल की सदस्याओं और बच्चों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। यह आयोजन अर्पिता महिला मंडल की स्वास्थ्य, सद्भावना और समुदाय कल्याण के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### सीमा सुरक्षा बल मेरू कैंप, हजारीबाग में 'वार्ब' की तिमाही बैठक का हुआ आयोजन



**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** बल मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल, नई दिल्ली के निर्देशानुसार वार्ब (WARB) के तत्वावधान में प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, मेरू परिसर स्थित परिवार कल्याण केन्द्र में दिनांक 24 जून 2025 समय 1100 बजे से झारखण्ड राज्य में रहने वाले सीमा सुरक्षा बल के सेवानिवृत्त कार्मिकों व उनके आश्रितों की पेन्शन व रिटायमेन्ट लाभ में उत्पन्न विसंगतियों के लिए एक ही पटल पर सुनवाई व निवारण हेतु वार्ब मीटिंग का आयोजन किया गया। गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देश की अमूल्य धरोहर केन्द्रीय पुलिस बलों के पेन्शनभोगी सेवानिवृत कार्मिकों और उनके आश्रितों के पुनर्वास और कल्याण हेतु वार्ब (WARB) का गठन किया गया है। वार्ब बैठक में बड़ी संख्या में सेवानिवृत कार्मिक और उनके आश्रित उपस्थित रहे। श्री डी के प्रमाणिक, उप महानिरीक्षक (प्रशासन/प्रशि0), प्र0के0एवं विद्यालय की अध्यक्षता में कैंप के सक्षम अधिकारी, अनुभवी लेखा अधिकारी, अनुसचिवीय स्टाफ और अन्य सम्बंधित विभागों के प्रभारी, सेवानिवृत कार्मिकों एवं आश्रितों की समस्याओं के निवारण के लिए उपस्थित रहे। बैठक में सेवानिवृत कार्मिकों एवं आश्रितों की पेंशन से जुड़ी समस्याओं का निवारण किया गया साथ ही पुनर्वास व कल्याण संबधित जानकारी एवं भविष्य में सेवानिवृत कार्मिकों व उनके आश्रितों के लिए सरकार की योजनाओं से अवगत करवाया गया। जानकारी के मुताबिक सीमा सुरक्षा बल मेरू कैंप में अगली वार्ब (WARB) की बैठक आगामी सितंबर माह में होगी।

### झुमरीतिलैया में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

- राज्य में कानून व्यवस्था फेल - डॉ नीरा

**आदिवासी एक्सप्रेस**

**कोडरमा।** भाजपा कोडरमा ग्रामीण, नगर और झुमरीतिलैया नगर कमेटी के तत्वाधान में मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें विधायक डॉ नीरा यादव सहित कई लोग शामिल हुए। इस धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विधायक और प्रदेश की पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव ने कहा कि राज्य की कानून व्यवस्था चरमरा गई है, सरकारी योजनाओं को लेकर सरकार विफल है। वृद्धा, विधवा सहित सभी पेंशन बंद है। मईया सम्मान योजना विफल है। भ्रष्टाचार चरम पर है। लोग त्रस्त हैं वहीं राज्य की हेमंत सरकार मस्त है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में जनहित का कोई काम नहीं हो रहा है, सभी लूट में व्यस्त हैं। राज्य में कोई सुरक्षित नहीं महसूस करता, हत्या और अपराध की घटनाओं ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। इस धरना प्रदर्शन से पूर्व जुलूस की शक्ल में सभी कार्यकर्ता प्रखंड कार्यालय पहुंचे, जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। राज्य की हेमंत सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, ध्वस्त कानून व्यवस्था, लचर बिजली पानी की व्यवस्था, अवैध बालू पत्थर कोयला की लूट और बेरोजगारी के विरोध में भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन राज्य के सभी प्रखंडों में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश यादव, नगर अध्यक्ष सुधीर सेठ, मंडल अध्यक्ष सुनील मंडल, कोडरमा नगर अध्यक्ष अजय पांडेय, उत्तम कुमार, राजा यादव, दिनेश सिंह, अरशद खान, राजेंद्र सिंह, राजा यादव, चंद्रशेखर जोशी, शशिभूषण प्रसाद समेत अन्य लोग मौजूद थे। इधर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मरकच्चो प्रखंड में भी प्रदर्शन किया।

# किशोरियों को सशक्त बनाने के हमारे साझा मिशन में नव्या योजना मील का पत्थर साबित होगी: सावित्री ठाकुर



**शशांक चौधरी**

**नई दिल्ली।** किशोर युवतियों को सशक्त बनाने और विकसित भारतऋ2047 के विज़न को आगे बढ़ाते हुए, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (एमडब्ल्यूसीडी) ने कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के साथ मिलकर आज उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में 'नव्या' (युवा किशोरियों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण के ज़रिए आकांक्षाओं का पोषण) का शुभारंभ किया।

कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर द्वारा संयुक्त रूप से शुरू किए गए, नव्या कार्यक्रम का मकसद 16-18 वर्ष की किशोरियों को मुख्य रूप से गैर-पारंपरिक और उभरते हुए क्षेत्रों में रोज़गार की भूमिकाओं को लेकर व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना है। देश भर से किशोरियों ने वेबकास्ट के ज़रिए कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से भाग लिया, जिससे भारत के हर हिस्से से उनकी उत्साहपूर्ण उपस्थिति दर्ज हुई।

इस पहल की शुरूआत करते हुए, जयंत चौधरी ने कहा कि नव्या, महज़ रोजगार के बारे में ही नहीं है, बल्कि यह युवा किशोरियों, खासकर सोनभद्र जैसे आकांक्षी और आदिवासी जिलों में आत्मविश्वास, आर्थिक स्वतंत्रता और उद्यमशीलता की भावना पैदा करने के बारे में है। एमडब्ल्यूसीडी द्वारा चिन्हित किशोरियों को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के तहत अल्पकालिक कौशल विकास पाठ्यक्रमों के ज़रिए प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि वे अपने छोटे व्यवसाय स्थापित करने के काबिल बन सकें।

इस मौके पर श्रीमती सावित्री ठाकुर ने कहा कि नव्या, किशोरियों को सशक्त बनाने के हमारे साझा मिशन में एक मील का पत्थर है। व्यावसायिक प्रशिक्षण के ज़रिए, हमारा लक्ष्य उन्हें आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी नागरिक बनने में मदद करना है। यह पहल न केवल उन्हें ज़रुरी कौशल प्रदान करेगी बल्कि उन्हें सम्मान, स्वतंत्रता और आत्म-विश्वास का जीवन जीने में मददगार साबित होगी।

अपने पायलट चरण में, नव्या को 19 राज्यों के 27 पूर्वोत्तर और आकांक्षी जिलों में शुरू किया जा रहा है। प्रत्येक भागीदार जिले में किशोरियों की ज़रूरतों के हिसाब से नौकरी-भूमिका-विशिष्ट व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रदान करने वाले प्रशिक्षण केंद्र बनाए गए हैं।

नव्या कार्यक्रम के तहत, किशोरियों को ग्राफ़िक डिज़ाइन, दूरसंचार और वित्तीय सेवाएँ, स्मार्टफ़ोन और ड्रोन असेंबली, सोलर पीवी और सीसीटीवी इंस्टॉलेशन और हाथ की कढ़ाई जैसे कौशल में प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि वे तेज़ी से विकसित हो रहे नौकरी बाज़ार में उभरते अवसरों के लिए सशक्त बन सकें।

पीएमकेवीवाई और पीएम विश्वकर्मा योजनाओं जैसी एमएसडीई की प्रमुख योजनाओं से मौजूदा संसाधनों का उपयोग करके, नव्या के तहत प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस कार्यक्रम में पीएमकेवीवाई और पीएम विश्वकर्मा के तहत सफल प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र भी दिए गए। साथ ही लाभार्थियों के साथ संवादात्मक सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें, उन्होंने कौशल विकास के ज़रिए बदलाव की अपनी यात्रा को साझा किया।

इस अनूठी पहल नव्या के साथ, भारत सरकार समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है, ताकि हर लड़की, चाहे वह किसी भी भौगोलिक या पृष्ठभूमि की हो, देश के विकास के सफर में अहम योगदान देने के लिए कौशल, अवसर और आत्मविश्वास से लैस हो।

# शहीद संतोष यादव के गांव में सड़क खस्ताहाल, यदुवंश महासभा की ओर से सड़क निर्माण को लेकर फिर उठी मांग

**शहादत के एक महीने बाद भी सरकार ने शाहिद के गांव की सड़क निर्माण पर नहीं दिया ध्यान**

**संवाददाता श्रीकान्त यादव**

**भागलपुर।** जम्मू में करीब एक महीने पूर्व आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई में शहीद हुए हवलदार संतोष यादव की शहादत पर दिखावटी आंसू बहाने के लिए तो दर्जनों नेता पहुंचे होंगे मगर किसी नेता ने ना तो शहीद संतोष यादव के बच्चों की बेहतर शिक्षा दीक्षा को लेकर अपने हाथ बढ़ाए होंगे और ना ही शहीद संतोष यादव के गांव के विकास को लेकर किसी नेता मंत्री ने अपनी ओर से कोई प्रयास किया है। यह दावा है यदुवंश महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक कुमार यादव का, जिन्होंने बीड़ा उठाया है शहीद हवलदार संतोष यादव के बच्चों के सम्पूर्ण शिक्षा का खर्च वहन करने का। भागलपुर जिला अंतर्गत सबौर प्रखंड के नया टोला मीराचक बरारी पंचायत के वार्ड संख्या 3 निवासी सेना के शहीद हवलदार संतोष यादव के परिजनों से मुलाकात करने पहुंचे यादव नेता अभिषेक कुमार यादव ने कहा कि आज के दौर में शहीद जवानों को भी सच्ची श्रद्धांजलि देने वाला कोई नहीं है। नेता आते हैं अपनी राजनीति चमकाने व अपनी वोट बैंक बनाने के लिए और फिर शहीदों के जनाजे पर झूठी हमदर्दी के दो आंसू छलकाकर चले जाते हैं। जिसका जीता जगता उदाहरण है सबौर प्रखंड के नया टोला मीराचक बरारी पंचायत के वार्ड संख्या 3 स्थित शहीद हवलदार संतोष यादव के गांव का जर्जर सड़क, जिस सड़क का निर्माण हवलदार संतोष यादव के शहादत के बाद जब उनका पार्थिव शरीर उनके गांव आ रहा था, उनके पार्थिव शरीर के गांव पहुंचने से पहले इस खस्ताहाल सड़क का निर्माण हो जाना चाहिए था। यदि इस गांव में किसी विधायक या मंत्री या मुख्यमंत्री का प्रोग्राम तय होगा तो पूरा प्रशासन रातों रात सड़क निर्माण में जुट जाएंगे। लेकिन शहीद हवलदार के गांव की सड़क निर्माण को लेकर उनके शहादत के एक महीने बाद भी सरकारी महकमे की नींद नहीं खुली है। शहीद हवलदार की पत्नी साधना देवी, स्थानीय ग्रामीण डॉ सुरेश कुमार, उर्मिला राज, स्वीटी देवी, काजल कुमारी, दीक्षा कुमारी, डीपी कुमारी, सीता कुमारी, इशिता, दुर्गा कुमारी, मिस्टी कुमारी, खुशबू कुमारी, पूजन कुमारी, अनुज कुमारी, खुशी कुमारी, मुस्कान कुमारी, अनीता देवी, रूबी देवी, बबीता देवी कंचन कुमारी, सरगम देवी, अशोक यादव, विकास यादव, मिथुन यादव, सीताराम, मुकुंदी मंडल, शानू शर्मा, अनुज शर्मा, सुभाष यादव, अभिनव यादव, बृजेश यादव, रोहित कुमार, लक्ष्य कुमार आशीष कुमार, बैजू मंडल, गुण सागर कुमार, नरसिंह ऋषिदेव, गोपाल ऋषिदेव, राजू ऋषिदेव, सरगुन मंडल, राजू मंडल, उद्धव मंडल, कोदो मंडल, वकील मंडल, सीताराम यादव, चंद्रशेखर मंडल, जीतन मंडल, घोली मंडल ने राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा कि जल्द से जल्द सड़क का निर्माण कराया जाए अन्यथा शहीद के अपमान का दंश सरकार को झेलना पड़ेगा। मौके पर जिला अध्यक्ष नीरज यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यजीत यादव, चंद्रमा प्रसाद, राष्ट्रीय महासचिव सुरेश प्रसाद यादव, प्रोफेसर अजय कुमार यादव मौजूद थे।

### व्यथा गुरुजी की

*संवाददाता श्रीकान्त यादव*

पास वाले चले गए –
अपनों के पास,
घर के आँगन, माँ की रसोई,
बच्चों की हँसी में फिर घुल गए वो।
मैं?
अब भी वहीं हूँ...
जहाँ न कोई सड़क सीधी आती है,
न कोई नेटवर्क सही से पकड़ता है।
सुना,
महिलाओं को दूरी सहना कठिन होता है।
सही है –
पर क्या पुरुष सिर्फ पत्थर होते हैं?
क्या मेरी आँखों की नमी
नीतियों की भाषा में अपात्र है?
वो स्कूल जो शहर के बीचोंबीच है,
वहाँ से शिक्षिका को
मूलगृह के समीप स्थानांतरण मिला।
और मैं,
पर्वतों के उस पार, नदी के उस किनारे
अब भी उसी इंतज़ार में हूँ –
जहाँ पगडंडी ही मेरी ड्यूटी है।
क्या मेरे बच्चे नहीं होंगे?
क्या मेरी माँ बूढ़ी नहीं हुई?
क्या मेरा भी मन
संडे को घर की रोटी खाने का नहीं करता?
मैं केवल 'पुरुष' हूँ –
इसलिए सहने की क्षमता मान ली गई,
इसलिए मेरे आँसू
नीतियों के पीछे छुपा दिए गए।
मैं हर दिन स्कूल आता हूँ
कर्तव्य निभाता हूँ
और हर शाम
एक अदृश्य सज़ा की तरह लौट जाता हूँ
अपने शून्य में।
कभी लगता है –
मैं शिक्षक नहीं,
बस एक आँकड़ा हूँ
जो स्थानांतरण की अर्हता में
हर बार अनुत्तीर्ण हो जाता है...

- सुजीत संगम
(स्थानांतरण से वंचित एक पुरूष शिक्षक)



### प्रशासनिक लापरवाही से रेजिडेंट डॉक्टर की मौत पर ब्राह्मण समाज में आक्रोश, विप्र फाउंडेशन ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**फूल शंकर डामोर**

उदयपुर स्थित आरएनटी मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल परिसर में करंट लगने से हुई युवा रेजिडेंट डॉक्टर डॉ. रवि शर्मा की असामयिक मौत को लेकर जोधपुर सहित पूरे प्रदेश में ब्राह्मण समाज में गहरा आक्रोश है। इस घटना को प्रशासनिक लापरवाही का प्रत्यक्ष परिणाम मानते हुए विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संरक्षक हस्तीमल सारस्वत के नेतृत्व में सोमवार को विशाल आक्रोश सभा आयोजित की गई तथा इसके पश्चात मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया।

**समाज में गहरा आक्रोश, आंदोलन की चेतावनी**

वरिष्ठ अधिवक्ता एवं विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संरक्षक हस्तीमल सारस्वत ने कहा कि एक होनहार, परिश्रमी और समर्पित युवा डॉक्टर की जान केवल प्रशासन की लापरवाही के कारण गई है। यह अत्यंत दुखद और अस्वीकार्य है। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो संपूर्ण ब्राह्मण समाज को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

जिला अध्यक्ष कैलाश सारस्वत ने इस मामले को निर्मम प्रशासनिक उपेक्षा बताते हुए कहा कि पोस्टमार्टम प्रक्रिया भी संदिग्ध एवं पक्षपातपूर्ण रही, जिसने समाज की भावनाओं को और अधिक आहत किया है।

विप्र फाउंडेशन के राजकुमार शर्मा ने कहा कि यह एक सामान्य घटना नहीं है इसके पीछे घोर प्रशासनिक लापरवाही है इससे एक सामान्य ब्राह्मण परिवार छिन भिन्न हो गया, परिवार में वही एकमात्र कमाने वाला था, उन्होंने राज्य सरकार शीघ्र निष्पक्ष जांच कर पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता के साथ उचित मुआवजा देने की मांग की है। पार्षद मोहित ओझा,लाल बूंद जिंदगी रक्षक संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष रजत गौड़, खंडेलवाल ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष कमलेश जोशी,

विप्र फाउंडेशन के उपाध्यक्ष कपिल बोहरा, मुकेश पालीवाल,

महासचिव मनीष आचार्य

समेत अन्य गणमान्यजनों ने भी राज्य सरकार से तुरंत न्यायोचित कार्रवाई की मांग की।

**आंदोलन की चेतावनी**

विप्र फाउंडेशन ने स्पष्ट किया कि यदि राज्य सरकार शीघ्र ही इस प्रकरण में दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई नहीं करती तथा पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिलता, तो समाज उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपे पर जाने के दौरान धनराज वैष्णव, सुधीर सारस्वत, राजकुमार व्यास, नरेश सारस्वत, राधेश्याम खंडेलवाल, राज सारस्वत,अंकित पुरोहित, कैलाश गौड, अशोक मटोलिया, सुनील मटोलिया, पवन जोशी, पवन डिडवानिया, ओम नवहाल, हरी राम, डॉ सुरेश शर्मा, शंकर जोशी, पुरूषोतम बढ़ाढरा, देवेंद्र काछवाल, डॉ मनोज शर्मा सहित सैकड़ो गणमान्य उपस्थित रहे।

### प्रखंड मुख्यालय परिसर पर झारखंड के हेमंत सोरेन सरकार ने व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन आयोजित




**रामगढ़/रामजी साह।**

रामगढ़ प्रखंड मुख्यालय परिसर पर झारखंड के हेमंत सोरेन सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में प्रखंड अध्यक्ष नवल किशोर मांझी की अध्यक्षता में आक्रोश प्रदर्शन आयोजित किया गया।भाजपा के जीतलाल राय ने हल्ला बोल में कहा पीसी पगड़ी लेना बंद करो,जनता को लुटना बंद करो। हेमंत सोरेन सरकार हाय हाय आदि नारे लगाए। वहीं उन्होंने कहा आज झारखंड के हेमंत सोरेन सरकार के संरक्षण में खनीज संपदा की लूट खसोट जारी है। राज्य में लुट , भ्रष्टाचार,हत्या बलात्कार जेसे घटना चरम पर है। पंचायत से लेकर मंत्रालय तक रिश्वतखोरी भ्रष्टाचार पैर पसार चुका है। विद्यालय में शिक्षक नहीं है। स्वास्थ्य केंद्र में दवा और डाक्टर नहीं है। बुढ़े बुजुर्गों को वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिल रहा है ।चारों और भ्रष्टाचार लुट का साम्राज्य कायम है। बादमें भाजपाईयों ने राज्यपाल के नाम मांग पत्र बीडीओ को सौंपा।मौके पर दर्जनों भाजपाई मोजूदा थे।

# सभी को पौधा लगाने व वृक्ष बचाने का दृढ़ संकल्प लेने की है आवश्यकता- सांसद

**पौधारोपण कर दिया गया पर्यावरण को हरा-भरा रखने का संदेश**

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो**

**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)** वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से लिट्टीपाड़ा प्रखंड के बड़ा सरसा में आयोजित 76 वें वन महोत्सव कार्यक्रम में सांसद राजमहल संसदीय क्षेत्र विजय कुमार हांसदा, उपायुक्त मनीष कुमार, डीएफओ सौरभ चन्द्रा, डीडीसी महेश कुमार संथालिया, सांसद प्रतिनिधि, जेएमएम, जिला अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य के द्वारा पौधारोपण किया गया एवं जिलावासियों से पर्यावरण सरंक्षण को लेकर पौधारोपण करने की अपील की गई।



माननीय सांसद विजय कुमार हांसदा ने कहा कि हमारे जीवन का आधार संतुलित पर्यावरण है। क्षेत्र के आदिवासी प्रकृति पूजक है। जल, जंगल और जमीन उनकी की संस्कृति का आधार है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर ऑक्सीजन की प्रचुरता पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन से ही संभव है। ऑक्सीजन बढ़ाने का सबसे कारगर उपाय प्रकृति खासकर पेड़-पौधों की सुरक्षा एवं संवर्धन है। इसके लिए लोगों में जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज सभी को पौधा लगाने-पेड़ बचाने का दृढ़ संकल्प लेने की आवश्यकता है। प्रकृति को बचाना हर इंसान का कर्तव्य है। समय रहते हम सभी को एक साथ आकर सहयोगात्मक एवं समन्वय की भावना से स्वस्थ और सुरक्षित पर्यावरण के लिए काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए पर्यावरण के संरक्षण व संवर्धन के प्रति लागों को जागरुक किया जाना अति आवश्यक है।

उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि पेड़ पौधे सिर्फ हमारे लिए प्राकृतिक नही है बल्कि यह हमारे सांस्कृतिक विरासत है। हमारे पूर्वज सदियों से पेड़ पौधों के साथ रहे हैं । रोजमरा के जीवन यापन पेड़ पौधों से जुड़ा रहा है। किस तरह से हम अपने संस्कृतिक विरासत को बचा सकते हैं आजीविका को संवर्धित कर सकते हैं इसके लिए वृक्षारोपण किया जाना अत्यंत आवश्यक है। सरकार द्वारा बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना, दीदी बगीया योजना आदि के माध्यम से जिले भर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया जा रहा है। पेड़ पौधों को लगाना और उससे बचाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। इसकी भरपाई के लिए हमें अपने आसपास अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने की आवश्यकता है, ताकि हमारा पर्यावरण साफ व स्वच्छ रह सके। हमारे जीवन के लिए पेड़-पौधे अनमोल है जो हमारे लिए शुद्ध हवा देते हैं। लोगों को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए और पेड़-पौधों को बचाने के लिए अपनी जिम्मेदारी व कर्तव्यों का निर्वहन सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होने लागों से अपील करते हुए कहा कि हमें चाहिए कि अपने घर के साथ अपने आसपास के लोगों को जागरूक करते हुए पेड़-पौधे लगाकर वातावरण को हरा-भरा रखें। क्योंकि आज पेड़ लगाएंगे तभी आने वाला कल सुरक्षित होगा। उन्होंने सभी को दो पेड़ लगाने हेतु प्रेरित किया।

**जैव विविधता संरक्षण के लिए पेड़ लगाना आवश्यक- डीएफओ**

जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी सौरभ चन्द्रा ने कहा मृदा संरक्षण के लिए पेड़ लगाना अति आवश्यक है। पेड़ लगाने से आप आय भी अर्जित कर सकते हैं। इससे शुद्ध हवा, फल, फूल, जल संरक्षण, जलावन की लकड़ी आदि का लाभ भी मिलता है। उन्होंने कहा कि परती भूमि पर वृक्षारोपण करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि पर्यावरण संरक्षण होता रहे। लिट्टीपाड़ा में 8 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य है।

**विभिन्न लाभुकों के बीच परिसम्पतियों का किया गया वितरण**

इसके अलावे कार्यक्रम के दौरान माननीय सांसद, उपायुक्त, डीएफओ एवं डीडीसी, सांसद प्रतिनिधि, जेएमएम जिला अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने लाभुकों के बीच विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से लाभुकों को लाभान्वित किया। आज के कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना का गृह प्रवेश, उत्रति का पहिया (साईकिल), मुख्यमंत्री पशुधन योजना, शिक्षा विभा से बैग, कांपी एवं वन विभाग द्वारा रेस्क्यू कीट, महुआ नेट, 11 स्वयं सहायता समूह समूह के दीदियों के बीच 30 लाख का बैंक लिंकेज का स्वीकृती पत्र का वितरण, 2 लाभुकों के बीच जॉब कार्ड, 7 लाभुकों के बीच नया राशन कार्ड, 2 लाभुकों के बीच व्यक्तिगत वन पट्टा आदि का वितरण किया गया।

## जीएमआर रग्बी प्रीमियर लीग: दिल्ली रेड्ज की दमदार वापसी, बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स को 22-12 से हराकर दर्ज की तीसरी जीत

**एजेंसी**

**मुंबई।** दिल्ली रेड्ज ने शाहाजी राजे भोसले स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (अंधेरी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स) में खेले गए जीएमआर रग्बी प्रीमियर लीग सीजन-1 के मुकाबले में बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स को 22-12 से हराकर टूर्नामेंट में अपनी तीसरी जीत दर्ज की। इस मुकाबले में दिल्ली रेड्ज ने संयमित लेकिन आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत की मजबूत नींव रखी। मैच की शुरुआत से ही दिल्ली ने दबदबा बनाया। मैटियो ग्राजियानो और राजदीप साहा ने एक-एक ट्राई के जरिए टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। दूसरी ओर, बेंगलुरु की ओर से इओवाने टेबा ने शानदार व्यक्तिगत प्रदर्शन करते हुए 7 अंक जुटाए और टीम को मुकाबले में बनाए रखा। हाफ-टाइम के बाद फिलिप वाकोरच के शानदार पास को पॉल प्ला ने ट्राई में बदल कर ब्रेवहार्ट्स को संक्षिप्त बढ़त दिला दी। लेकिन दिल्ली रेड्ज ने जवाबी हमला तेज किया। सुनील चव्हाण की शानदार ट्राई और मैटियास ओसाडजुक की सफल किक ने स्कोर में अंतर फिर से दिल्ली के पक्ष में कर दिया। मैच के अंतिम चरण में मोरिट्ज नोल ने 5 अंक जोड़कर दिल्ली की बढ़त को निर्णायक बना दिया और टीम ने 22-12 से मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ दिल्ली रेड्ज ने न सिर्फ अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत की है, बल्कि टूर्नामेंट में अपनी दावेदारी भी और पुख्ता कर दी है।

## हॉकी इंडिया ने देशभर में सदस्य इकाइयों के साथ मिलकर मनाया 77वां ओलंपिक डे

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया और इसकी सदस्य इकाइयों ने पूरे उत्साह के साथ 77वां ओलंपिक डे मनाया। इस अवसर पर देशभर में विभिन्न प्रकार की खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें फ्रेंडली टूर्नामेंट, प्रदर्शनी मैच, फिटनेस और प्रशिक्षण सत्र, पोस्टर व निबंध लेखन प्रतियोगिताएं, क्विज़, और वृक्षारोपण जैसे आयोजन शामिल रहे। इन आयोजनों के माध्यम से खेल भावना, सौहार्द और ओलंपिक मूल्यों को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया। इस पहल के जरिए हॉकी इंडिया का उद्देश्य विभिन्न समुदायों और पृष्ठभूमियों से जुड़े लोगों को एक मंच पर लाना है, ताकि वे खेलों और फिटनेस के महत्व को समझें और उसे अपनी दिनचर्या में अपनाएं, चाहे उनकी उम्र, लिंग या सामाजिक स्थिति कुछ भी हो। देश के विभिन्न हिस्सों में हॉकी इंडिया की सदस्य इकाइयों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। असम हॉकी, दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव हॉकी, हॉकी अरुणाचल, हॉकी मिज़ोरम, छत्तीसगढ़ हॉकी और हॉकी झारखंड ने प्रदर्शनी मैचों का आयोजन किया। वहीं गोवा हॉकी और ओडिशा हॉकी संघ ने हॉकी टूर्नामेंट आयोजित किए।

## युवा नौजवान सभा की तरफ से करवाई जा रही क्रिकेट प्रतियोगिता का खेला गया फाइनल मुकाबला

**आरएस पुरा।** गांव कुलियां में युवा नौजवान सभा की तरफ से करवाई जा रही क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सोमवार को कुलियां ब्लास्टर क्रिकेट क्लब तथा लंगड़ेयाली क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कुलियां ब्लास्टर क्रिकेट क्लब की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 10 विकेट खोकर 76 रन बनाए और विपक्षी टीम के समक्ष 77 रनों का लक्ष्य रखा। वहीं 77 रनों का पीछा करने उतरी लंगड़ेयाली क्रिकेट क्लब की शुरुआत बेहतर नहीं रही और पहले ही ओवर में उनके दो बल्लेबाज आउट हो गए। हालांकि मध्य क्रम के बल्लेबाजों ने पारी को संभालने का प्रयास किया लेकिन टीम के बल्लेबाज लगातार आउट होते गए और पूरी टीम निर्धारित 12 ओवरों में मात्र 65 रन ही बना पाई और इस तरह से कुलियां ब्लास्टर क्रिकेट क्लब की टीम ने 11 रनों से मैच जीत कर प्रतियोगिता पर भी कब्जा कर लिया। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष रिंकू चौधरी तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता संसार चंद मुख्य तौर पर उपस्थित रहे जिन्होंने विजेता तथा उपविजेता खिलाड़ियों को ट्राफी एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया।

## डांस चैम्पियनशिप में मुरादाबाद के कार्तिक प्रथम



**मुरादाबाद।** नेपाल के पोखरा में आयोजित इंटरनेशनल डांस चैम्पियनशिप में मुरादाबाद के युवा डांसर कार्तिक अरोड़ा ने हिप-हॉप कैटेगरी में पहला स्थान हासिल किया। उनके डांस ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्तिक का कहना है कि इस जीत में उनके मार्गदर्शक शुभम शर्मा का योगदान है।

# 371 रन का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है - जोश टंग

**एजेंसी**

**लीड्स।** इंग्लैंड के तेज़ गेंदबाज़ जोश टंग का कहना है कि उनकी टीम भारत के खिलाफ लीड्स टेस्ट के आखिरी दिन जीत के इरादे से उतरेगी। भारत द्वारा दिए गए 371 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की ओपनिंग जोड़ी ने चौथे दिन के खेल समाप्त होने तक छह ओवर में बिना विकेट गंवाए 21 रन बना लिए थे। इंग्लैंड ने कप्तान बेन स्टोक्स की अगुवाई में अपने पिछले 36 टेस्ट मैचों में से सिर्फ एक ड्रॉ खेला है – 2023 की एशेज सीरीज़ का मैनचेस्टर टेस्ट, जिसे बारिश के कारण रोका गया था। मौसम का असर लीड्स टेस्ट के अंतिम दिन पर भी पड़ सकता है, लेकिन टंग को भरोसा है कि यदि पूरे दिन खेल होता है तो इंग्लैंड जीत के लिए पूरी ताक़त लगाएगा। भारत की दूसरी पारी में एक ही ओवर में तीन विकेट लेने वाले टंग ने सोमवार को मैच के बाद कहा प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा,, हम सिर्फ जीत के लिए जाएंगे, संदेश बहुत स्पष्ट है - जितना हो सके सकारात्मक क्रिकेट खेलना है। हां, पांचवें दिन वे (भारतीय गेंदबाज) अच्छी गेंदबाज़ी करेंगे, लेकिन हमें थोड़ी देर दबाव



झेलकर दोबारा पलटवार करना होगा। मुझे नहीं लगता कि हम यह लक्ष्य हासिल नहीं कर सकते।

जब केएल राहुल से टंग के बयान पर प्रतिक्रिया मांगी गई, तो भारतीय बल्लेबाज़ ने भी कहा कि लीड्स टेस्ट के पांचवें दिन परिणाम तय है। राहुल ने कहा, पिच पर नतीजा तय है। इंग्लैंड ने साफ तौर पर अपने इरादे ज़ाहिर किए हैं, और उनके खेलने का अंदाज़ भी यही दर्शाता है। इससे हमें भी 10 विकेट लेने का अच्छा मौका मिलेगा। हम जानते हैं कि वे पांचवें दिन किस तरह बल्लेबाज़ी करेंगे। राहुल, जिन्होंने इस टेस्ट में 137 रन बनाए हैं, ने कहा कि पिच पर असमान उछाल है और आखिरी दिन यह और भी अधिक टूट सकती है। उन्होंने कहा, मैंने लंबे समय तक बल्लेबाज़ी की लेकिन एक भी समय ऐसा नहीं लगा कि मैं पूरी तरह सेट हूं। विकेट काफी टूट चुका है और कल और ज़्यादा टूटेगा। हम उनकी शैली को ध्यान में रखकर गेंदबाज़ी की योजना बनाएंगे। वहीं, राहुल ने टीम के निचले क्रम की लगातार दूसरी पारी में हुई बल्लेबाज़ी विफलता का भी बचाव किया। भारत ने पहली पारी में 7 विकेट 41 रन पर और दूसरी पारी में 6 विकेट 31 रन पर गंवा दिए थे।

उन्होंने कहा, हमने विचार किया था कि कितने रन सुरक्षित होंगे, या क्या उन्हें आज ही कुछ ओवर देकर एक-दो विकेट लिए जा सकते हैं लेकिन जिस स्थिति में हम थे, वहां से हमें कम से कम 40-50 रन और बनाने चाहिए थे। उन्होंने कहा, मैं निचले क्रम को अलग नहीं देखता, वे हमारी टीम का ही हिस्सा हैं और पूरी कोशिश कर रहे हैं। हां, जो बल्लेबाज़ दोनों पारियों में जल्दी आउट हुए हैं, उन्हें खुद पर सबसे ज़्यादा गुस्सा होगा। सभी नेट्स में मेहनत कर रहे हैं, लेकिन कभी-कभी मैदान पर वैसा नहीं होता। राहुल ने यह भी कहा कि सीरीज़ से पहले टीम का मुख्य फोकस हर पारी में 350-400 रन बनाने पर था और उस दिशा में टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, हमने दोनों पारियों में 350 के आसपास रन बनाए हैं, यही सकारात्मक बात है। अगर कुछ और बल्लेबाज़ लय में आ जाएं, तो ये 350 आसानी से 450 या 500 तक जा सकते हैं, जो किसी भी बल्लेबाज़ी क्रम का आदर्श लक्ष्य होता है। भारत फिलहाल मुकाबले में बढ़त बनाए हुए है, लेकिन आखिरी दिन का खेल तेज़ी से आगे बढ़ने की उम्मीद है - नतीजा तय है, पर किसके पक्ष में जाएगा, यह देखना दिलचस्प होगा।

## हैदराबाद हीरोज फिर से अंक तालिका में शीर्ष पर

**एजेंसी**

**मुंबई।** हैदराबाद हीरोज़ ने रग्बी का शानदार प्रदर्शन करते हुए चेन्नई बुल्स को 28-7 के स्कोर से हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर वापसी की। यह मुकाबला मुंबई के शाहाजी राजे भोसले स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (अंधेरी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स) में जीएमआर रग्बी प्रीमियर लीग के पहले सीज़न के दौरान खेला गया। दिन के पहले मुकाबले में दिल्ली रेड्ज़ ने बेंगलुरु ब्रेवहर्ट्स को हराकर शानदार जीत दर्ज की।दिन के पहले मुकाबले में दिल्ली रेड्ज़ ने टूर्नामेंट में अपनी तीसरी जीत हासिल की, जब उन्होंने बेंगलुरु ब्रेवहर्ट्स को 22-12 के स्कोर से हराया। दिल्ली रेड्ज़ ने शुरुआत से ही मुकाबले में पकड़ बना ली थी और शुरुआती अंक लेकर बढ़त हासिल की। मैटियो ग्राज़ियानो और रजदीप साहा ने एक-एक ट्राय किया, लेकिन फिर इओवाने तेबा ने बेंगलुरु के लिए 7 अंक जुटाकर मुकाबले में वापसी कराई। हाफ-टाइम के तुरंत बाद, फिलिप वकोराच की शुरू की गई शानदार मूव को पॉल प्ला ने ट्राय में बदलकर बेंगलुरु को मामूली बढ़त दिलाई। हालांकि, दिल्ली रेड्ज़ ने हार नहीं मानी – सुनील चव्हाण ने स्कोर शीट पर अपना नाम दर्ज कराया, और मैटियास ओसाडजुक ने किक को सफलतापूर्वक कन्वर्ट किया। इसके बाद मोरिट्ज़ नोल ने पांच और अंक जोड़कर बढ़त को और पुख्ता कर दिया। अंत में, रेड्ज़ ने एक मजबूत जीत के साथ मैदान छोड़ा। दिन के दूसरे मुकाबले में हैदराबाद हीरोज़ ने जबरदस्त फॉर्म दिखाया और चेन्नई बुल्स को 28-7 से हरा दिया। चेन्नई बुल्स ने तेज शुरुआत की थी, जब टेरी कैनेडी ने ट्राय किया और जोआक्विन पेलांडिनी ने दो अंक जोड़ दिए। लेकिन इसके बाद हैदराबाद हीरोज़ ने रफ्तार पकड़ ली – जावेद हुसैन और मोटू ओपेताई ने एक-एक ट्राय किया और मैनुएल मोरेनो ने दोनों बार किक को सफलतापूर्वक कन्वर्ट किया।

## विंबलडन 2025 ड्रॉ से पहले जारी एटीपी रैंकिंग: ड्रेपर चौथे स्थान पर पहुंचे, मेदवेदेव की टॉप 10 में वापसी

**एजेंसी**

**लंदन।** विंबलडन 2025 के ड्रॉ से ठीक पहले जारी ताजा एटीपी रैंकिंग में ब्रिटेन के जैक ड्रेपर ने बड़ी छलांग लगाते हुए चौथा स्थान हासिल किया है, जबकि रूस के डेनिल मेदवेदेव ने एक बार फिर शीर्ष 10 में वापसी की है।

इटली के जानिक सिनर और स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने क्रमशः पहला और दूसरा स्थान बरकरार रखा है। दोनों एक बार फिर विंबलडन के ड्रॉ में अलग-अलग हाफ में होंगे।

फ्रेंच ओपन 2025 के फाइनल में भिड़ने वाले ये दोनों खिलाड़ी इस बार भी संभावित खिताबी भिड़ंत की ओर बढ़ सकते हैं।विंबलडन के दो बार के डिफेंडिंग चैंपियन अल्कराज क्वीन क्लब चैम्पियनशिप का खिताब जीतकर शानदार लय में हैं और 18 मैचों की अजेय श्रृंखला पर हैं। क्वीन फाइनल में अल्कराज को हराने वाले चेक खिलाड़ी जिरी लेहेका ने पांच स्थान की छलांग लगाकर 25वीं रैंकिंग हासिल की है।

एटीपी सिंगल्स टॉप 1इ0 रैंकिंग (23 जून, 2025 तक):

- जानिक सिनर (इटली) - 10,430
- कार्लोस अल्कराज (स्पेन) - 9,300
- अलेक्जेंडर ज़्वेरेव (जर्मनी) - 6,500
- जैक ड्रेपर (ब्रिटेन) - 4,650 (+2)
- टेलर फ्रिट्ज़ (अमेरिका) - 4,635 (-1)
- नोवाक जोकोविच (सर्बिया) - 4,630 (-1)
- लोरेन्ज़ो मुसेत्ती (इटली) - 4,140
- होल्गर रूने (डेनमार्क) - 3,530 (+1)
- डेनिल मेदवेदेव (रूस) - 3,420(+2)
- बेन शेल्टन (अमेरिका) - 3,170 (-1)

इस बदलाव के चलते जोकोविच और फ्रिट्ज दोनों को एक-एक स्थान का नुकसान हुआ है, जबकि ड्रेपर की रैंकिंग में सुधार से वह अब विंबलडन के सेमीफाइनल से पहले सिनर या अल्कराज से नहीं भिड़ेंगे।

हाले ओपन में उपविजेता रहे डेनिल मेदवेदेव की वापसी टॉप 10 में हो गई है। वहीं इस टूर्नामेंट में खिताब जीतने वाले कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बबलिक ने 15 स्थान की छलांग लगाते हुए 30वीं रैंकिंग पर कब्जा किया।

**भारतीय खिलाड़ियों की एटीपी रैंकिंग:**

डबल्स:
- युकी भांबरी - 35
- रोहन बोपन्ना - 49 (+1)
- एन. श्रीराम बालाजी - 74 ?? (-1)
- ऋत्विक च. बोलीपल्ली - 80
- विजय सुंदर प्रशांत - 91 ?? (+8)
- जीवन नेदुचेझियन - 100(+2)
- अनिरुद्ध चंद्रशेखर - 106(+2)
- अर्जुन कढ़े - 115(-1)
- रामकुमार रामनाथन - 124 ?? (-2)
- निकी पूनाचा - 155
- सिद्धांत बंथिया - 168 (-1)
- साकेत मिनेनी - 200 ?? (+3)

**सिंगल्स:**
- सुमित नागल - 294 ?? (+6)
- मुकुंद ससिकुमार - 418 ?? (+9)
- करन सिंह - 442 ?? (+6)
- आर्यन शाह - 452 ?? (+8)

भारतीय डबल्स खिलाड़ियों में युकी भांबरी और रोहन बोपन्ना टॉप 50 में बने हुए हैं, जबकि सिंगल्स में सुमित नागल फिलहाल भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं। विंबलडन 2025 का ड्रॉ शुक्रवार को जारी किया जाएगा, और इस ताज़ा रैंकिंग का उसमें अहम प्रभाव पड़ेगा।

## जय शाह से जिद्दीपन की उम्मीद थी लेकिन वह ईमानदार और अच्छे इंसान हैं : गांगुली

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में अपने घटनाप्रधान कार्यकाल को याद करते हुए सौरव गांगुली ने खुलासा किया कि उन्हें बोर्ड के तत्कालीन सचिव और वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष जय शाह से 'एक खास तरह की सख्ती और जिद्दीपन की उम्मीद थी लेकिन वह उनकी 'ईमानदारी और चीजों को व्यवस्थित करने के तरीके से प्रभावित थे। गांगुली और शाह अक्टूबर 2019 से सितंबर 2022 तक दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड में सहकर्मी रहे थे। यह कोविड-19 महामारी का दौर था जिसके कारण कुछ महीनों के लिए खेल गतिविधियां ठप्प पड़ गई थीं। गांगुली ने इंटरव्यू में कहा, 'उनका (जय शाह) काम करने का अपना तरीका था लेकिन उनके बारे में सबसे अच्छी बात यह थी कि वह भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए चीजों को सही तरह से व्यवस्थित करना चाहते थे। इस पूर्व कप्तान ने कहा, 'देखिए, उनके पास ताकत थी, समर्थन था, इसलिए आप उनसे एक खास तरह की सख्ती और जिद्दीपन की उम्मीद करते थे लेकिन उन्होंने भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए काफी कुछ किया यह पहला अवसर था जबकि गांगुली और शाह दोनों में एक साथ किसी पद पर थे। इससे पहले गांगुली बंगाल



क्रिकेट संघ के अध्यक्ष जबकि शाह गुजरात क्रिकेट संघ में पदाधिकारी थे। गांगुली की जगह 2022 में एक अन्य पूर्व टेस्ट खिलाड़ी रोजर बिन्नी को का अध्यक्ष नियुक्त किया गया, जबकि शाह नवंबर 2024 तक सचिव बने रहे। इसके बाद वह 36 वर्ष की उम्र में के सबसे युवा अध्यक्ष बने। एक राजनीतिक परिवार के वारिस और एक प्रसिद्ध क्रिकेट स्टार के बीच आपसी रिश्तों के बारे में पूछे जाने पर गांगुली ने कहा कि उनके बीच सौहार्दपूर्ण संबंध थे जो आज भी कायम हैं। उन्होंने कहा, 'हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध थे और आज भी हमारे संबंध बहुत अच्छे हैं। जब वह सितंबर 2019 में गुजरात क्रिकेट संघ से सीधेमें आए तो वह काफी युवा थे। वह काफी सहयोगी और मिलनसार व्यक्ति हैं। गांगुली ने कहा, 'जाहिर तौर पर उनकी अपनी अलग सोच थी और यह सही भी है।

वह कुछ नया करना चाहते थे और आज भी ऐसा करते हैं। अब वह आईसीसी के अध्यक्ष हैं और यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। गांगुली का मानना है कि समय के साथ शाह अपने काम में निपुण होते गए। जल्द ही 53 साल के होने वाले इस सुपरस्टार ने कहा, 'वह खिलाड़ियों का बहुत समर्थन करते हैं। जैसे-जैसे उन्होंने सीखा, वह अपने काम में निपुण होते गए। उनकी सबसे अच्छी बात यह है कि वह इस खेल के लिए अच्छा करना चाहते हैं।

# शतकीय पारी खेलने के बाद केएल राहुल ने कहा- प्रक्रिया ही सफलता की असली कुंजी'

**एजेंसी**

**लीड्स।** भारतीय बल्लेबाज़ केएल राहुल का मानना है कि क्रिकेट में परिणाम हमेशा आपकी प्रतिभा, तैयारी, फिटनेस और प्रयासों के अनुपात में नहीं आते। टेस्ट क्रिकेट में उनके अपने सफर ने इस बात को बार-बार साबित किया है। मुश्किल परिस्थितियों में सात में से आठ शतक विदेशों में लगाने के बावजूद वह कभी स्थायी रूप से भारतीय टेस्ट बल्लेबाज़ी क्रम के मुख्य स्तंभ नहीं बन पाए। हेडिंग्ले टेस्ट से पहले उनका औसत 33.57 था, जो उनके कौशल की तुलना में काफी कम माना जा सकता है। जब चौथे दिन की सुबह टीम की पारी पटरी से उतरती नजर आ रही थी, तब राहुल ने भारत की दूसरी पारी में 137 रन की अहम पारी खेली। राहुल ने मैच



के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, जितनी जल्दी आप यह समझ जाते हैं कि आपकी तैयारी और खेल का परिणाम से कोई निश्चित संबंध नहीं है, उतना ही शांत रह पाते हैं। यही बात आपको लंबे समय तक इस स्तर पर खेलने का सबसे अच्छा मौका देती है।उन्होंने यह भी बताया कि यह सोच उन्होंने अपने सीनियर खिलाड़ियों से सीखी है। उन्होंने कहा, आप जो कर सकते हैं वो बस अपना सर्वश्रेष्ठ देना है। लेकिन इस खेल में कोई गारंटी नहीं होती। जब अच्छा दिन हो, तब खुश रहिए। जब बुरा दिन हो, तब भी इस बात से खुश रहिए कि खेलने का मौका मिला। मैं खेल को इसी नजरिए से देखता हूं।राहुल का हालिया ऑस्ट्रेलिया दौरा भी इसी उतार-चढ़ाव का उदाहरण रहा। रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में उन्हें पर्थ और ब्रिसबेन में ओपनिंग का मौका मिला, जहां उन्होंने क्रमशः 26, 77 और 84 रन की पारियां खेलीं। लेकिन श्रृंखला समाप्त होने पर उनका औसत केवल 30.66 रहा। उन्होंने कहा, जब आप शुरुआत करते हैं और उन्हें बड़ी पारियों में नहीं बदल पाते, तो वो बहुत निराशाजनक होता है। मैं ऑस्ट्रेलिया में अपने बल्लेबाज़ी के तरीके से खुश था, लेकिन बड़ी पारियां न बना पाने की वजह से बहुत निराश भी। हर मैच में मेरे पास मौके थे, लेकिन मैं उन्हें भुना नहीं सका। यही खेल की खूबसूरती और क्रूरता दोनों है। राहुल के करियर की एक और विशेषता यह रही है कि उन्होंने आज तक किसी भी श्रृंखला में 400 रन नहीं बनाए हैं। यही वजह रही कि वह टीम में स्थायी स्थान नहीं बना पाए और उन्हें अकसर किसी और की चोट या अनुपस्थिति के कारण मौका मिला।

## 43 बार पारी में 5 विकेट, छह बार एक मैच में 10 विकेट, भारत के पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी का निधन

**एजेंसी**

**लंदन ।** भारत के पूर्व स्पिन गेंदबाज दिलीप दोशी का दिल का दौरा पड़ने से लंदन में निधन हो गया। वह 77 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी कालिंदी, बेटा नयन, और बेटी विशाखा है। क्रिकेट करियर के बाद दोशी हिंदी कॉमेंटेटर के तौर बेहद लोकप्रिय रहे। दोशी ने भारत के लिए 33 टेस्ट मैचों में 114 विकेट लिए। उन्होंने छह बार पांच विकेट लेने का कमाल भी किया। इसके अलावा उन्होंने 15 एकदिवसीय मैचों में महज 3.96 की इकॉनमी के साथ 22 विकेट लिए। 238 प्रथम श्रेणी क्रिकेट मैचों में उन्होंने 898 विकेट झटके। प्रथम श्रेणी मैचों में उन्होंने 43 बार पांच विकेट लिए तथा छह बार एक मैच में 10 विकेट लेने का कारनामा किया। 1979 में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर में पदार्पण किया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और सौराष्ट्र क्रिकेट संघ ने दोशी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर दिलीप दोशी की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'बीसीसीआई पूर्व भारतीय स्पिनर दिलीप दोशी के दुखद निधन पर शोक व्यक्त करता है। लंदन में उनका निधन हो गया। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। गॉड ऑफ क्रिकेट सचिन तेंदुलकर ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, मैं दिलीपभाई से पहली बार 1990 में यूके में मिला था और उस दौरे पर उन्होंने नेट्स में मुझे गेंदबाजी की थी।

# हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025: ओडिशा और तमिलनाडु ने दिखाया दम, सेमीफाइनल में बनाई जगह

**एजेंसी**

**चेन्नई।** मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में चल रहे प्रथम हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 के छठे दिन मुकाबले और भी रोमांचक हो गए। जहां महिला वर्ग में पूल चरण के मुकाबले समाप्त हुए, वहीं पुरुष वर्ग में पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। दिन की शुरुआत महिला वर्ग के एक कड़े मुकाबले से हुई, जिसमें हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने हॉकी हरियाणा को 3-2 से हराया। ओडिशा के लिए रंजीता बेक ने दो गोल (5', 37') किए, दोनों पेनल्टी कॉर्नर से, जबकि सरिता रोशन मिन्ज (11') ने एक फील्ड गोल किया। हरियाणा की ओर से चिंगशुबम संगाई इबेमहल (28', 39') ने दो शानदार फील्ड गोल किए, लेकिन उनकी टीम हार टाल नहीं सकी। दूसरे महिला मुकाबले में हॉकी पंजाब ने दूसरे हाफ में शानदार खेल दिखाते हुए हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु को 3-0 से पराजित



किया। पंजाब की ओर से नीति (32') ने खाता खोला, जिसके बाद मीनाक्षी (49') और जसप्रीत कौर (56') ने एक-एक गोल कर जीत सुनिश्चित की। महिला वर्ग के पूल चरण के बाद पूल ए में हॉकी कर्नाटका ने 9 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। हॉकी हिमाचल, केरल हॉकी और हॉकी महाराष्ट्र के तीन-तीन अंक थे, लेकिन गोल अंतर के आधार पर इन्हें क्रमशः दूसरा, तीसरा और चौथा स्थान मिला।

पूल बी में हॉकी पंजाब ने 9 अंकों के साथ पहले स्थान पर रहते हुए सभी मुकाबले जीते, जबकि हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने 6 अंकों के साथ दूसरा स्थान पाया। हॉकी हरियाणा तीसरे और हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु बिना किसी जीत के चौथे स्थान पर रही। पुरुष वर्ग के पहले क्वार्टर फाइनल में हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हॉकी पंजाब को 8-2 से हराया और सेमीफाइनल में प्रवेश किया। एस. सुदर्शन (10') ने पेनल्टी कॉर्नर से शुरुआत की, इसके बाद कप्तान एडम एंटनी सिंक्लेयर (12') ने फील्ड गोल किया। सबसे शानदार प्रदर्शन डी. मुथुसेलवन ने किया, जिन्होंने चार गोल (20', 47', 53', 55') दागे। इसके अलावा रमेश नल्लमुथु (38') और विनोथ कुमार एपी (43') ने भी गोल किए। पंजाब की ओर से राम सरन (30') और कप्तान रिपुदमन कुमार सिंह (40') ने एक-एक गोल किया, लेकिन टीम को हार से नहीं बचा सके। दिन के अंतिम मुकाबले में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने हॉकी आंध्र प्रदेश को 6-2 से हराते हुए सेमीफाइनल का टिकट कटाया। कप्तान बरला लाजरुस (5', 36') ने पेनल्टी स्ट्रोक और पेनल्टी कॉर्नर के ज़रिए दो गोल किए। संतियल मुंडू (10'), साइप्रियन केरकेट्टा (21') और अनिल कुल्लू (51', 59') ने भी गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित की। आंध्र प्रदेश की ओर से दीपक आकाश बाचू (7') और मंचाला अजय बाबू (30') ने एक-एक गोल किया।

## राहुल द्रविड़ के इस बड़े रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं ऋषभ पंत : मांजरेकर

**लीड्स।** भारत के उप-कप्तान ऋषभ पंत टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बन गए। पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने विकेटकीपर-बल्लेबाज की बल्लेबाजी की सराहना करते हुए कहा कि पांच मैचों की सीरीज के अंत तक पंत इंग्लैंड की धरती पर सबसे ज़्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले भारतीयों की सूची में पूर्व कप्तान और कोच राहुल द्रविड़ से आगे निकल सकते हैं।

पहली पारी में शानदार 134 रनों की पारी खेलने के बाद पंत ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी और हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के चौथे दिन दूसरी पारी में 140 गेंदों पर 118 रन बनाकर अपना आठवां टेस्ट शतक बनाया। इस बीच पंत टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले सातवें भारतीय बन गए ।

## नेशनल सेलेक्शन ट्रायल्स 3 और 4 में दिखेगा भारत के शीर्ष निशानेबाज़ों का दमखम

**एजेंसी**

**देहरादून।** देहरादून के त्रिशूल शूटिंग रेंज में शुरू हो रहे नेशनल सेलेक्शन ट्रायल्स 3 और 4 (ग्रुप-ए) में भारत के शीर्ष निशानेबाज अपना दमखम दिखाएंगे। ये ट्रायल्स अगस्त में कज़ाखस्तान में होने वाली 16वीं एशियन शूटिंग चैंपियनशिप 2025 और सितंबर में चीन के निंगबो में होने वाले आईएसएसएफ वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम चयन का अहम आधार होंगे।

इन ट्रायल्स में तीन लगातार आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाली सुरूचि इंदर सिंह, ओलंपिक मेडलिस्ट मनु भाकर, सरबजोत सिंह और स्वप्निल कुसाले जैसे दिग्गज निशानेबाज़ शिरकत करेंगे। हाल ही में अर्जेंटीना, पेरू और म्यूनिख में हुए दोहरे चरणों वाले दक्षिण अमेरिकी आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में भारतीय निशानेबाजों ने 39 फाइनल्स में जगह बनाई और 19 पदक जीते, जिनमें 8 स्वर्ण शामिल थे। यह प्रदर्शन अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर की मजबूत शुरुआत रहा है।

ट्रायल्स में भाग लेने के लिए केवल ग्रुप ए के पात्र निशानेबाजों को ही अनुमति दी गई है।

**इनमें शामिल हैं:**

- 10 मीटर एयर राइफल (पुरुष एवं महिला) - 50 स्लॉट्स
- 10 मीटर एयर पिस्टल (पुरुष एवं महिला) - 50 स्लॉट्स
- 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन (पुरुष एवं महिला) - 30 स्लॉट्स



- 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल (पुरुष) - 20 स्लॉट्स
- 25 मीटर स्पोर्ट पिस्टल (महिला) - 30 स्लॉट्स

ये ट्रायल्स न केवल एशियाई और विश्व स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों की योग्यता तय करेंगे, बल्कि भारतीय निशानेबाजी की आगामी दिशा और संभावनाएं भी निर्धारित करेंगे।

# महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग में वापसी करेंगी श्रेयंका पाटिल और शिखा पांडे

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय ऑलराउंडर श्रेयंका पाटिल और शिखा पांडे एक बार फिर महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग (डब्ल्यूसीपीएल ) में नजर आएंगी। टूर्नामेंट का 2025 संस्करण 6 सितंबर से शुरू होगा, जिसका फाइनल 17 सितंबर को गयाना नेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। श्रेयंका पाटिल, जो वर्तमान में हाथ की फ्रैक्चर से उबर रही हैं, को इस बार दो बार की चैंपियन बारबाडोस रॉयल्स ने ड्राफ्ट किया है, जो 'थ्री-पीट' (लगातार तीसरा खिताब) की तलाश में हैं। हैं। 2023 में श्रेयंका गयाना अमेजन वॉरियर्स का प्रतिनिधित्व कर चुकीं हैं। दूसरी ओर, अनुभवी गेंदबाज शिखा पांडे को त्रिनबागो नाइट राइडर्स (टीकेआर) ने उनके सफल पिछले सीज़न के प्रदर्शन के बाद बरकरार रखा है।

**रॉयल्स का मजबूत कोर बरकरार**

हेली मैथ्यूज की अगुआई वाली बारबाडोस रॉयल्स ने अपने कोर खिलाड़ियों को बरकरार रखा है, जिसमें चिनेल हेनरी, अफी फ्लेचर और अलियाह एलेन शामिल हैं। टीम में पहली बार काइसिया नाइट भी अपने घरेलू फ्रेंचाइज़ी से खेलेंगी। विदेशी खिलाड़ियों में ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर जॉर्जिया रेडमेन, श्रीलंकाई ओपनर चामारी अटापट्टू, और ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कोर्टनी वेब शामिल हैं।

**नाइट राइडर्स में युवा जोश और अनुभव का मिश्रण**

2024 की उपविजेता त्रिनबागो नाइट राइडर्स की कमान अनुभवी डिएंड्रा डॉटिन के हाथों में होगी। टीम में जहज़ारा क्लैक्सटन, ज़ायदा जेम्स, जनीला ग्लासगो और समारा रमनाथ जैसी 21 वर्ष से कम उम्र की युवा खिलाड़ी शामिल हैं। इनके साथ शबीका गजनाबी, राशादा विलियम्स



और एबिगेल ब्रायस अनुभव लेकर आएंगी। टीम में ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर जेस जोनासन की वापसी होगी, और इस बार दक्षिण अफ्रीकी विस्फोटक बल्लेबाज़ लिज़ेल ली भी डब्ल्यूसीपीएल में डेब्यू करेंगी। युवा लेग स्पिनर सलोनी डांगोर को भी टीम ने ड्राफ्ट किया है।

**गयाना की उम्मीदें घरेलू सितारों पर**

2025 संस्करण की मेज़बानी कर रही गयाना अमेजन वॉरियर्स ने अपने अनुभवी सितारों जैसे स्टेफनी टेलर, करिश्मा रामहरक और शर्मेन कैंपबेल को बरकरार रखा है। दक्षिण अफ्रीका की तेज़ गेंदबाज़ शबनीम इस्माइल लगातार तीसरे सीज़न के लिए टीम के साथ जुड़ी हैं। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ लौरा हैरिस भी तीसरे सीज़न में वापसी करेंगी, जबकि मेडलिन पेन्ना को नए लेगस्पिनिंग ऑलराउंडर के रूप में टीम में जोड़ा गया है।

**टूर्नामेंट प्रारूप**

तीनों टीमें–बारबाडोस रॉयल्स, त्रिनबागो नाइट राइडर्स और गयाना अमेजन वॉरियर्स–डबल राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में एक-दूसरे के खिलाफ दो-दो बार मुकाबले खेलेंगी। शीर्ष दो टीमें फाइनल में प्रवेश करेंगी, जो 17 सितंबर को गयाना नेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा।

## हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड ने चिली की कोडेल्को टीम का किया स्वागत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** चिली की सरकारी स्वामित्व वाली तांबे की खनन कंपनी कॉर्पोरसियोन नैशनल डेल कोबरे (कोडेल्को) का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार सुबह नई दिल्ली पहुंचा है। चिली के खनन विशेषज्ञों की यह टीम अगले तीन हफ्ते भारत में रहकर हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) की विभिन्न इकाइयों का दौरा करेगी। कोडेल्को के खनन विशेषज्ञों में एंजेलो जियोवानी ग्यूसेप एगुइलर कैटलानो-भूविज्ञान और अन्वेषण, जोस रामोम अबाटे पेरेज -नवाचार और प्रौद्योगिकी, कार्लोस एबेलार्डो विल्चेस डोनोसो-टेलिंग प्रबंधन, जॉर्ज लुइस एस्पिंडोला लांडा-जियोटेक्निकल इंजीनियरिंग तथा सर्जियो जोनाथन पिचोट हेरिकेज-जियोमेटालर्जी शामिल हैं। एचसीएल के मुताबिक इनकी तीन हफ्ते की यात्रा का उद्देश्य ज्ञान साझा करना और मूल्य संवर्धन के अवसरों का पता लगाना है। खान मंत्रालय के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्?द्र मोदी और चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट की मौजूदगी में 01, अप्रैल को एचसीएल और कोडेल्को के बीच आदान-प्रदान किए गए ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) के बाद यह पहल की गई है।

## इंडोगल्फ क्रॉपसाइंसेज का आईपीओ 26 जून को खुलेगा, प्राइस बैंड 105-111 रुपये प्रति शेयर

**मुंबई।** फसल सुरक्षा उत्पाद बनाने वाली कंपनी इंडोगल्फ क्रॉपसाइंसेज लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) निवेशकों के लिए 26 जून को खुलेगा और 30 जून को बंद होगा। कंपनी ने इसके लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 105-111 रुपये प्रति शेयर तय किया है इंडोगल्फ क्रॉपसाइंसेज लिमिटेड ने सोमवार को आईपीओ प्रेस वर्चुअल मीट में बताया कि 10 रुपये अंकित मूल्य वाले अपने पहले आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 105-111 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी ने कहा कि ये आईपीओ 26 जून को खुलेगा और 30 जून को बंद होगा। इसमें निवेश करने के लिए बड़े (एंकर) निवेशक 25 जून को बोली लगा पाएंगे। यह कंपनी का पहला आईपीओ है। इंडोगल्फ क्रॉपसाइंसेज लिमिटेड के इस आईपीओ में 160 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी करने तथा ओम प्रकाश अग्रवाल (एचयूएफ) के 15,40,960 इक्विटी शेयरों और संजय अग्रवाल (एचयूएफ) द्वारा 20,62,643 इक्विटी शेयरों यानी कुल 36.03 लाख शेयरों की बिक्री की पेशकश का मिश्रण है। निवेशक इसके लिए न्यूनतम 135 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 135 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं। सिस्टमैटिक्स कॉरपोरेट सर्विसेज लिमिटेड एकमात्र बुक-रनिंग लीड मैनेजर है और बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड इस इश्यू का रजिस्ट्रार है।

## मध्य-पूर्व में तनाव कम होने से कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट,

**नई दिल्ली।** मध्य-पूर्व में भू-राजनीतिक तनाव में कमी आने की उम्मीद के चलते वैश्विक कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमतों में सोमवार को भारी गिरावट दर्ज की गई। ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष कम होने की खबरों ने बाजार को राहत दी है, जिसका सीधा असर तेल की कीमतों पर पड़ा है। इस गिरावट से भारत जैसी तेल आयातक अर्थव्यवस्थाओं और विशेष रूप से सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों के शेयरों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान के बाद बाजार में सकारात्मकता देखी गई, जिसमें उन्होंने कहा था कि इजरायल और ईरान युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। हालांकि ईरान ने बाद में इस दावे को पूरी तरह से खारिज कर दिया है, लेकिन ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराग्ची के उस बयान ने बाजार को थोड़ी राहत दी कि अगर इजरायल सुबह 4 बजे तक हमला बंद कर देता है, तो ईरान आगे जवाबी कार्रवाई नहीं करेगा। इस बयान को तनाव कम करने की दिशा में एक कदम के रूप में देखा गया, जिसके परिणामस्वरूप क्रूड ऑयल की कीमतें नीचे आईं। बेंचमार्क अमेरिकी कच्चे तेल की कीमतें 7त्न से अधिक गिरकर 68 प्रति बैरल के आसपास आ गईं, जो संघर्ष शुरू होने से पहले के स्तर के करीब है।

## ईपीटीए ने सरकार से की आईएसटीएस छूट पर लचीलापन बरतने की अपील

**नई दिल्ली।** भारत के पारेषण क्षेत्र की शीर्ष संस्था इलेक्ट्रिक पावर ट्रांसमिशन एसोसिएशन (ईपीटीए) ने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि वह अंतर्राज्यीय पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) छूट को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने की योजना पर पुनर्विचार करे। ईपीटीए ने सुझाव दिया है कि देश के 2030 तक 500 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा लक्ष्य को देखते हुए सरकार को ज़मीन पर प्रगति कर रहे प्रोजेक्ट्स को राहत देने के लिए माइलस्टोन आधारित मोहलत प्रणाली अपनानी चाहिए। ईपीटीए के महानिदेशक जीपी उपाध्याय ने कहा, हम सरकार से पूरी छूट की मांग नहीं कर रहे हैं बल्कि सिर्फ़ यह कह रहे हैं कि जिन परियोजनाओं ने वित्तीय क्लोजर, जमीन अधिग्रहण और उपकरणों की खरीद जैसे अहम पड़ाव पार कर लिए हैं।

# एलेनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेज का आईपीओ खुला, 26 जून तक कर सकेंगे निवेश

**एजेंसी**

**मुंबई।** औद्योगिक एवं चिकित्सा गैस क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एलेनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेज लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) निवेशकों के लिए मंगलवार को खुल गया। निवेशक 26 जून तक बोली लगा सकते हैं। कंपनी ने इसके लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 380-400 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी के शेयर 1 जुलाई को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर लिस्ट होंगे। कंपनी इस आईपीओ के जरिए टोटल 852.53 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। कंपनी इस इश्यू में 452.53 करोड़ रुपये के फ्रेश शेयर्स जारी करेगी। इसके साथ ही कंपनी के मौजूदा निवेशक या प्रमोटर ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के जरिए 400 करोड़ रुपये के शेयर बेचेंगे, जिसमें पद्म कुमार अग्रवाल द्वारा



56,56,565 इक्विटी शेयर और वरुण अग्रवाल द्वारा 56,56,565 इक्विटी शेयर की बिक्री की जाएगी। इसमें निवेश करने के लिए कम से कम 37 शेयरों का एक लॉट खरीदना जरूरी होगा। एलेनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेज लिमिटेड का यह प्रस्ताव बुक-बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें शुद्ध प्रस्ताव का 50 फीसदी हिस्सा योग्य संस्थागत खरीदारों को और 15 फीसदी गैर-संस्थागत निवेशकों को तथा 35 फीसदी से कम हिस्सा खुदरा व्यक्तिगत बोलीदाताओं को आवंटित करने के लिए उपलब्ध होगा। कंपनी इस नए इश?यू से प्राप?त 210 करोड़ रुपये की धनराशि का उपयोग एलेनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेज द्वारा लिए गए कुछ बकाया उधारों के पूर्ण या आंशिक पुनर्भुगतान, पूर्व भुगतान के लिए करेगी। उल्लेखनीय है कि 1973 में स्थापित एलेनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेस लिमिटेड (ईआईजीएल) कंपनी औद्योगिक, चिकित्सा और विशेष गैसों का एक प्रमुख भारतीय निर्माता तथा आपूर्तिकर्ता भी है। ये भारत में सबसे पुरानी संचालित औद्योगिक गैस कंपनियों में से एक है। ये कंपनी ऑक्सीजन, कार्बन डाइऑक्साइड, एसिटिलीन, नाइट्रोजन, हीलियम, हाइड्रोजन, आर्गन और नाइट्रस ऑक्साइड सहित औद्योगिक गैसों का निर्माण और आपूर्ति करती है।

## केंद्र ने एकीकृत पेंशन योजना चुनने की अंतिम तिथि 30 सितंबर तक बढ़ाई




**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पात्र मौजूदा कर्मचारियों, पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारियों और दिवंगत पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कानूनी रूप से विवाहित जीवन साथियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) का विकल्प चुनने की अंतिम तिथि तीन महीने बढ़ाकर 30 सितंबर कर दी है।वित्त मंत्रालय ने बताया कि यह निर्णय विभिन्न हितधारकों से प्राप्त अभ्यावेदन के मद्देनजर लिया गया है, जिसमें कट-ऑफ तिथि को आगे बढ़ाने का अनुरोध किया गया है। मंत्रालय के मुताबिक इस ढांचे को क्रियान्वित करने के लिए पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने 19 मार्च को एनपीएस के तहत एकीकृत पेंशन योजना का क्रियान्वयन विनियम, 2025 को अधिसूचित किया। इस योजना के तहत अपना विकल्प चुनने के लिए तीन महीने यानी 30 जून तक की अवधि दी गई थीअब मंत्रालय ने कहा कि कट-ऑफ तिथि को आगे बढ़ाने के अनुरोध पर यूपीएस का विकल्प चुनने की कट-ऑफ तिथि को तीन महीने यानी 30 सितंबर तक बढ़ाने का फैसला किया है।

## सोने की कीमत में गिरावट जारी, चांदी के भाव में बदलाव नहीं

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में गिरावट का सिलसिला आज भी जारी है। भाव में कमजोरी आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,00,680 रुपये से लेकर 1,00,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 92,290 रुपये से लेकर 92,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना के भाव में गिरावट आने के बावजूद चांदी की कीमत में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 1,09,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,00,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 92,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,00,680 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की



रिटेल कीमत 1,00,730 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,00,680 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 92,290 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,00,680 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,00,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 92,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 92,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,00,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में कमजोरी दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 1,00,680 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## एसईसीआई ने उर्वरक क्षेत्र को कार्बन मुक्त करने को 724,000 टन ग्रीन अमोनिया के लिए टेंडर जारी किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** टिकाऊ और आत्मनिर्भर भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के तहत एक 'नवरत्न' केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसईसीआई) ने ग्रीन अमोनिया के उठाव के लिए एक ऐतिहासिक निविदा जारी की है। इसका उद्देश्य भारत के उर्वरक क्षेत्र को कार्बन मुक्त करना है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में बताया कि एसईसीआई ने 13 उर्वरक संयंत्रों के लिए सालाना 724,000 टन ग्रीन अमोनिया खरीदने के लिए एक ऐतिहासिक निविदा जारी की है। इसका उद्देश्य उत्सर्जन में कमी लाना और आयातित ईंधन पर निर्भरता कम करना है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की ग्रीन हाइड्रोजन ट्रांजिशन (एसआईजीएचटी) योजना के तहत 7 जून को जारी यह निविदा, कृषि में स्वच्छ विकल्पों की ओर भारत के कदम की दिशा में एक




अहम कदम है। इसके लिए बोली जमा करने की अंतिम तिथि 26 जून, 2025 है। एसईसीआई के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में संतोष कुमार सारंगी के शामिल होने के बाद इस ऐतिहासिक पहल को शुरू किया गया। इसका उद्देश्य भारत के महत्वपूर्ण उर्वरक क्षेत्र को कार्बन मुक्त करना और देश को 2070 तक अपने शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य की ओर ले जाना है। केंद्र सरकार ने निवेश आकर्षित करने और वाणिज्यिक व्यवहार्यता सुनिश्चित करने के लिए पहले वर्ष में 8.82 रुपये प्रति किलोग्राम, दूसरे वर्ष में 7.06 रुपये प्रति किलोग्राम और तीसरे वर्ष में 5.30 रुपये प्रति किलोग्राम उत्पादन-संबंधी प्रोत्साहन दे रही है, जिससे कुल समर्थन 1,533.4 करोड़ रुपये होगा। यह पहल शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने के भारत के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो विकसित होने के साथ-साथ एक स्थायी और आत्मनिर्भर विकसित भारत के व्यापक दृष्टिकोण का समर्थन करती है।

## एसएंडपी ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर किया 6.5 फीसदी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.5 फीसदी कर दिया है। रेटिंग्स एजेंसी ने आज जारी एशिया प्रशांत आर्थिक परिदृश्य में सामान्य मानसून, कच्चे तेल की कम कीमतों और मौद्रिक नरमी को ध्यान में रखते हुए विकास दर के अनुमान में ये इजाफा किया है। हालांकि, एसएंडपी ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए खतरे की भी आशंका जताई है। एसएंडपी ने पिछले महीने वैश्विक अनिश्चितताओं और अमेरिकी टैरिफ झटकों का हवाला देते हुए चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 20 आधार अंकों (0.20 फीसदी)




घटाकर 6.3 फीसदी कर दिया था। एजेंसी ने जारी अपने ताजा अनुमान में कहा कि अगर पश्चिम एशिया में संघर्ष लंबा खिंचा तो इससे तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं जिसका एशिया प्रशांत महासागर क्षेत्र के आर्थिक विकास पर असर होगा। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों को पूरा करने के लिए 90 फीसदी आयात पर निर्भर है और अपनी प्राकृतिक गैस का लगभग आधा हिस्सा विदेशों से खरीदता है। एसएंडपी ने कहा कि घरेलू मांग में लचीलापन, भारत जैसी वस्तुओं के निर्यात से कम जुड़ी अर्थव्यवस्थाओं में आर्थिक मंदी को सीमित करने में विशेष रूप से प्रासंगिक है। एसएंडपी ने कहा कि हमें लगता है कि 31 मार्च 2026 को समाप्त होने वाले वित?त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहेगी। इस पूर्वानुमान में सामान्य मानसून, कच्चे तेल की कम कीमतें, आयकर में छूट और मौद्रिक सहजता को शामिल किया गया है। भारत के लिए एसएंडपी का विकास दर का ताजा अनुमान रिजर्व बैंक आफ इंडिया द्वारा इस महीने की शुरुआत में जताए गए 6.5 फीसदी के अनुमान के अनुरूप है।

## मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने नोएडा में खोला 400वां शोरूम

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे बड़े ज्वैलरी खुदरा विक्रेताओं में से एक मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने सोमवार को नोएडा के सेक्टर-18 में अपने 400वें शोरूम की शुरुआत की है। ब्रांड ने वर्तमान में 63 हजार करोड़ रुपये के कारोबार और 13 देशों में उपस्थिति के साथ राजस्व में तेजी से वृद्धि करके 78 हजार करोड़ रुपये तक कारोबार पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। मालाबार समूह के चेयरमैन एमपी अहमद ने अपने संबोधन में कहा कि नोएडा में अपने 400वें शोरूम के उद्घाटन पर हमें बेहद खुशी है। यह उपलब्धि हमारी विकास महत्वाकांक्षाओं का प्रमाण है और भारत और दुनिया भर में हमारे लगातार बढ़ते कदमों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, ताकि हम नंबर 1 वैश्विक आभूषण रिटेलर बन सकें। उन्?होंने बताया कि उनकी योजना अपने वैश्विक कार्यबल को लगभग 27,250 प्रबंधन टीम सदस्यों तक विस्तारित करने की है, जिससे दुनिया के सबसे भरोसेमंद और जिम्मेदार आभूषण ब्रांडों की स्थिति और मजबूत होगी। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 15 देशों और भारत के 22 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में अपनी उपस्थिति का विस्तार करते हुए 60 शोरूम खोलने की योजना है। कंपनी के प्रबंध निदेशक (भारतीय परिचालन) अशर ओ. ने कहा कि मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स पूरे भारत में तेज़ी से प्रगति कर रहा है, जो हमारे लिए सबसे बड़ा बाजार और अवसर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारे पास इस विकास की गति को बनाए रखने के लिए स्पष्ट योजनाएं हैं। हम मौजूदा और नए राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करेंगे। अशर ओ. ने कहा कि इस वित्त वर्ष के अंत तक 22 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों तक पहुंच बना लेंगे।

## एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज का 12,500 करोड़ का आईपीओ 25 जून से खुलेगा

**एजेंसी**

**जयपुर।** एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड का बहुप्रतीक्षित प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (आईपीओ) 2025 को खुलेगा और शुक्रवार, 27 जून 2025 को बंद होगा। एंकर निवेशकों के लिए बोलियां मंगलवार, 24 जून को आमंत्रित की जाएंगी। आईपीओ का मूल्य बैंड 700 रुपये से 740 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है, जिनका अंकित मूल्य 10 रुपये है। फ्लोर प्राइस शेयर के फेस वैल्यू का 70 गुना और कैप प्राइस 74 गुना है। निवेशक कम से कम 20 इक्विटी शेयर और उसके बाद 20 के गुणकों में बोली लगा सकेंगे। आईपीओ का कुल आकार 12,500 करोड़ रुपये का है, जिसमें 2,500 करोड़ रुपये का फ्रेश इश्यू और 10,000 करोड़ रुपये का ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) शामिल है। ऑफर फॉर सेल के तहत एचडीएफसी बैंक लिमिटेड अपने 10,000 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयर बाजार में बेचेगा। कंपनी फ्रेश इश्यू से प्राप्त पूंजी का उपयोग टियर-1 कैपिटल बेस को मजबूत करने, भविष्य की पूंजीगत आवश्यकताओं की पूर्ति करने तथा अपने प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों–जैसे एंटरप्राइज लेंडिंग, एसेट फाइनेंस और कंज्यूमर फाइनेंस में ऋण गतिविधियों को बढ़ाने के लिए करेगी। इसके अतिरिक्त, ऑफर से जुड़े खर्चों को भी इसी राशि से वहन किया जाएगा। यह प्रस्ताव बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से लाया जा रहा है और इसका नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत किया जाएगा। यह पेशकश 19 जून 2025 को फाइल किए गए रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के आधार पर की जाएगी, जिसे रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, गुजरात, दादरा और नगर हवेली, अहमदाबाद के पास दायर किया गया है। प्रस्तावित इक्विटी शेयर बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) में सूचीबद्ध होंगे, जिसमें एनएसई को डेजिग्नेटेड स्टॉक एक्सचेंज के रूप में चुना गया है। आईपीओ में नेट ऑफर का 50 प्रतिशत तक हिस्सा योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के लिए आरक्षित होगा, जिसमें से 60 प्रतिशत तक एंकर निवेशकों को आवंटित किया जा सकता है। एंकर हिस्से का एक-तिहाई भाग घरेलू म्यूचुअल फंडों के लिए आरक्षित होगा। 15 प्रतिशत हिस्सा गैर-संस्थागत निवेशकों (एनआईआई) के लिए निर्धारित किया गया है, जिसमें से एक-तिहाई 2 लाख रुपये से 10 लाख रुपये तक की बोलियों और दो-तिहाई 10 लाख रुपये से अधिक की बोलियों के लिए होगा। 35 प्रतिशत हिस्सा खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों (आरआईबी) को आवंटित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, एचडीएफसी बैंक के पात्र शेयरधारकों और कर्मचारियों के लिए भी आरक्षित कोटा रखा गया है। एंकर निवेशकों को छोड़कर शेष सभी निवेशकों को एएसबीए प्रक्रिया के माध्यम से आवेदन करना होगा, जिसमें उनके बैंक खाते से बोली राशि ब्लॉक की जाएगी।

## आईआईसीए ने तीन दिवसीय कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम शुरू किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय कॉरपोरेट मामलों के संस्थान (आईआईसीए) ने नागपुर में राष्ट्रीय रक्षा उत्पादन अकादमी (एनएडीपी) में मुनिशन इंडिया लिमिटेड (एमआईएल) के अधिकारियों के लिए कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पर केंद्रित तीन दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू किया है। आईआईसीए के स्कूल ऑफ बिजनेस एनवायरनमेंट की एसोसिएट प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. गरिमा दधीच के नेतृत्व में उद्घाटन सत्र से कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिन्होंने सीएसआर की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों के साथ सीएसआर को एकीकृत करने के लिए अभिनव दृष्टिकोण तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया। एनएडीपी के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. जेपी दाश ने सीएसआर डोमेन में




प्रतिभागियों के ज्ञान आधार, नेतृत्व क्षमताओं और कार्यान्वयन क्षमताओं को बढ़ाने में प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने सामाजिक रूप से जिम्मेदार सार्वजनिक क्षेत्र के नेतृत्व के निर्माण में एक कदम आगे के रूप में इस पहल का स्वागत किया। तीन दिवसीय कार्यक्रम में सीएसआर नीति निर्माण, प्रभाव आकलन, स्थिरता रिपोर्टिंग और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं जैसे पर्यावरणीय स्थिरता, आजीविका सृजन और सामाजिक समावेशन जैसे प्रमुख क्षेत्रों के साथ तालमेल को शामिल किया गया। आईआईसीए और बाहरी संस्थानों के विशेषज्ञ व्याख्यान, केस स्टडी और इंटरैक्टिव क्रियाकलाप के माध्यम से प्रतिभागियों को शामिल करेंगे। यह पहल भारत में जिम्मेदार कॉरपोरेट आचरण और सतत विकास के लिए हितधारकों के बीच क्षमता निर्माण के लिए आईआईसीए के मिशन में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

## जोरदार उतार-चढ़ाव के बाद गिरावट के साथ बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आज सप्ताह के पहले कारोबारी दिन ही जोरदार उतार चढ़ाव होता हुआ नजर आया। शुरुआती कारोबार में बाजार 1 प्रतिशत से अधिक की गिरावट का शिकार हो गया। हालांकि सुबह 10 बजे के बाद खरीदारी शुरू हो जाने के कारण शेयर बाजार निचले स्तर से काफी हद तक रिकवर होने में भी सफल रहा। दोपहर 2 बजे के बाद बाजार में एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में दोबारा गिरावट आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.62 प्रतिशत और निफ्टी 0.56 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।आज दिन भर के कारोबार के दौरान मेटल, मीडिया और कैपिटल गुड्स सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, ऑयल एंड गैस और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर एफएमसीजी, ऑटोमोबाइल, आईटी और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। इसी तरह हेल्थकेयर और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में आज आमतौर पर खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.20 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.57 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

## एप्पेलटोन इंजीनियर्स की स्टॉक मार्केट में धांसू एंट्री, पहले दिन ही आईपीओ निवेशकों के पैसे डबल हुए

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** स्मार्ट मीटर और इलेक्ट्रिकल एप्लायंसेज बनाने वाली कंपनी एप्पेलटोन इंजीनियर्स के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जबरदस्त एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 128 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी एंट्री मैक्सिमम प्रीमियम लिमिट 90 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 243.20 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद कुछ देर में ही खरीदारी के सपोर्ट से ये शेयर उछल कर 255.35 रुपये के अपर सर्किट लेवल तक पहुंच गया। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों का पैसा पहले दिन ही लगभग डबल हो गया है। एप्पेलटोन इंजीनियर्स का 43.96 करोड़ रुपये का आईपीओ 17 से 19 जून के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला




था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 296.34 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 132.23 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 627.28 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 248.04 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 34.34 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी नई मशीनरी का इंस्टॉलेशन करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी।कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 1.09 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 8.16 करोड़ रुपये और 2024-25 में 11.23 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी का राजस्व 31 प्रतिशत वार्षिक से अधिक की चक्रवृद्धि दर (कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट) से बढ़ कर 125.74 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

बिरसा टाइम्स देश का सर्वाधिक प्रसारित रविवारीय अखबार है। अपनी खोजपूर्ण तथा विश्लेषणात्मक खबरों के कारण बिरसा टाइम्स ने मीडिया– जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई हैं। वर्ष 1980 से शुरू हुआ बिरसा टाइम्स का सफरनामा इसके पाठकों के निरंतर स्नेह और समर्थन के चलते आज भी उसी तेवर के साथ जारी हैं।

# रॉंची और दिल्ली के साथ–साथ
# अब
# बिहार, छत्तीसगढ़ तथा उड़ीसा
# से
# प्रकाशित होने जा रहा है।

# बिरसा टाइम्स

## देश का सर्वाधिक प्रसारित नंबर–1 रविवारीय अखबार

## जन सम्पर्क विभाग में विशाल भ्रष्टाचार का वट वृक्ष

“ जब झारखंड और बिहार एक साथ था तब पांडे अपने पिता के साथ पटना में महावीर मंदिर में साफ–साफाई का काम करता था और पांडे जी के पिता मंदिर के सचिव आईपीएस स्वर्गीय आचार्य किशोर कुणाल जी के घर पर पूजा पाठ करते थे एवं महावीर मंदिर में भी काम करते थे और उसी समय अवधेश पांडे बिहार सरकार में दैनिक मजदूर में बहाली होकर धीरे–धीरे आई इ एस पदाधिकारी के घर पर कप–प्लेट साफ कर प्रभारी निदेशक तक पहुंच गए ! श्री पांडे को हिंदी और अंग्रेजी में एक लाइन भी लिखने नहीं आता था ! इनका सारा का सारा फाइल का काम के नीचे वाले अधिकारी लिखते थे और इस काम में उप निदेशक श्री शालिनी वर्मा और वर्तमान में बोकारो के उपायुक्त श्रीअजय नाथ झा सारा फाइल का काम करते थे ! दोनों के दोनों से पांडे के कार्यालय से लेकर आवास तक 11:00 बजे रात तक गुरु मंत्र लेते रहते थे और इसमें अपनी कुशलता से श्री झा ने उपायुक्त पद पर पहुंच गए ! ऐसे पांडे कभी भी अपनी पत्नी को अपने आवास में नहीं रखते थे और पांडे के समय में सिर्फ सिर्फ उसके पिता ही रहते थे और श्री पांडे के समय में जनसंपर्क विभाग में भ्रष्टाचार का पेड़–पौधा लगन ! शुरू हुआ और अब वर्तमान में जनसंपर्क विभाग में भ्रष्टाचार का बड़ा बरगद का पेड़ हो चुका है।





बिरसा टाइम्स देश का विश्वास पत्रकारिता के उन मूल्यों में हैं जो आम आदमी की चिंताओं और सरोकारों को आवाज देते हैं। इसीलिए बिरसा टाइम्स लोगो के बीच इस लम्बी यात्रा में भी अपनी विश्वसनीयता बरकरार रखने में कामयाब रहा है। अपने खास कंटेंट, गंभीर राजनैतिक विश्लेषण, अलग अंदाज और सुन्दर छपाई के चलते बिरसा टाइम्स को सम्मान–जनक स्थान मिला हैं। शायद इसीलिए बिरसा टाइम्स के पाठक वे युवा और संवेदनशील लोग हैं जो न केवल देश के बारे में सोचते हैं बल्कि देश के लिए कुछ करने का जज़्बा भी रखते हैं।

**सत्य और निष्पक्ष समाचारों के लिए पढ़ें !**

**सम्पर्क सूत्र :–**

aadivasiexpress@gmail.com
birsatimes@gmail.com
8084674042
6202611859
8084674042